






# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्ष: 15 | अंक: 244

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

सोमवार | 17 जून, 2024


# ईवीएम हैक हो सकती हैं: मस्क

## पूर्व आईटी मंत्री का जवाब, आइए, हम बनाना सिखाते हैं, राहुल गांधी ने कहा, ये ब्लैक बॉक्स है

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर फिर बहस छिड़ गई है। दुनिया के सबसे अमीर बिजनेसमैन इलॉन मस्क ने लिखा, ईवीएम को खत्म कर देना चाहिए। इसे इंसानों या एआई द्वारा हैक किए जाने का खतरा है। हालांकि, ये खतरा कम है, फिर भी बहुत ज्यादा है। अमेरिका में इससे वोटिंग नहीं करवानी चाहिए। इस पर भाजपा नेता और पूर्व आईटी मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा- मस्क के मुताबिक, कोई भी सुरक्षित डिजिटल हार्डवेयर नहीं बना सकता, ये गलत है। उनका बयान अमेरिका और अन्य स्थानों पर लागू हो सकता है - जहां वे इंटरनेट से जुड़ी वोटिंग मशीन बनाने के लिए नियमित कंप्यूट प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हैं। भारतीय ईवीएम सुरक्षित हैं और किसी भी नेटवर्क या मीडिया से अलग हैं। कोई कनेक्टिविटी नहीं, कोई ब्लूटूथ, वाईफाई, इंटरनेट नहीं। यानी कोई रास्ता नहीं है। फैक्ट्री प्रोग्राम्ड कंट्रोलर जिन्हें दोबारा प्रोग्राम नहीं किया जा सकता। ईवीएम को ठीक उसी तरह डिजाइन किया जा सकता है जैसा कि भारत ने किया है। हमें इसका ट्यूटोरियल देने पर खुशी होगी, एलन। राहुल गांधी ने मस्क के पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए कहा- भारत में ईवीएम ब्लैक बॉक्स की तरह है। किसी को भी इसकी जांच की अनुमति नहीं है। हमारी चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंताएं जताई जा रही हैं।



### राहुल गांधी ने उत्तर-पश्चिम मुंबई की घटना का जिक्र किया

राहुल गांधी ने मस्क के पोस्ट को मिड डे अखबार में छपी खबर के साथ रीपोस्ट किया। इसमें मुंबई की घटना का जिक्र है। दरअसल, मुंबई उत्तर-पश्चिम लोकसभा सीट से एनडीए और शिवसेना (शिंदे) प्रत्याशी रविंद्र वायकर के साले मंगेश पंडिलकर 4 जून को पाबंदी के बावजूद एक चुनाव अधिकारी का मोबाइल लेकर गोरेगांव के काउंटिंग सेंटर के अंदर गए थे। सूत्रों के मुताबिक, चुनाव आयोग के एक अधिकारी के पास मोबाइल फोन था, जिससे मतगणना के दौरान ओटीपी जनरेट होता है। इससे ईवीएम अनलॉक किया जा सकता है। इस फोन का इस्तेमाल सांसद के रिश्तेदार पंडिलकर कर रहे थे। पुलिस को संदेह है कि फोन का इस्तेमाल सुबह से शाम 4.30 बजे तक किया गया, जब काउंटिंग के दौरान कांटे की टक्कर चल रही थी। आखिरकार, वायकर शिवसेना उद्धव गुट के अमोल कीर्तिकर से सिर्फ 48 वोट के अंतर से जीते। 2024 लोकसभा चुनाव में यह जीत का सबसे छोटा अंतर है। मुंबई पुलिस ने कई नेताओं और चुनाव आयोग की शिकायतों के बाद 15 जून को मंगेश पंडिलकर और एक चुनाव अधिकारी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### सपा और शिवसेना ने भी सवाल उठाए

राहुल के बाद सपा सांसद अखिलेश यादव ने कहा- टेक्नॉलजी समस्याओं को दूर करने के लिए होती है, अगर वही मुश्किलों की वजह बन जाए, तो उसका इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए। आदित्य ठाकरे ने लिखा- ईसी का नया मतलब है पूरी तरह से समझौता न कि इलेक्शन कमीशन।

### इलॉन मस्क का पोस्ट

मस्क ने यह बात अमेरिका के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर की एक पोस्ट को रीपोस्ट करके कही। कैनेडी जूनियर ने प्यूर्टो रिको के चुनावों में ईवीएम से जुड़ी अनियमितताओं के बारे में बताया था और पेपर बैलेट पर लौटने की बात कही थी। अमेरिका में नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होंगे।

### रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर बोले, पेपर बैलेट पर लौटना होगा

अमेरिका के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर ने पोस्ट में लिखा था- 'प्यूर्टो रिको के प्राइमरी इलेक्शन में ईवीएम से वोटिंग के दौरान कई अनियमितताएं सामने आई थीं। सौभाग्य से यह एक पेपर ट्रेल था, इसलिए समस्या की पहचान की गई और वोटों की गिनती को सही किया गया। सोचिए उन क्षेत्रों में क्या होता होगा, जहां कोई पेपर ट्रेल नहीं है?' अमेरिकी नागरिकों के लिए यह जानना आवश्यक है कि उनके प्रत्येक वोट की गणना की गई है। उनके चुनावों में कोई सेंध नहीं लगाई जा सकती। चुनावों में इलेक्ट्रॉनिक हस्तक्षेप से बचने के लिए उन्हें पेपर बैलेट पर वापस लौटना होगा।

### भारत में भी सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था मामला

इसी साल अप्रैल में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के वोटों और वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल पर्चियों की 100 प्रतिशत क्रॉस-चेकिंग की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई थी। हालांकि सुप्रीम कोर्ट में इस मांग से जुड़ी याचिकाएं खारिज कर दी थीं। इसके अलावा कई पॉलिटिकल पार्टियों से जुड़े लोग ईवीएम पर सवाल उठाते रहे हैं।

### ऐसे हुआ पूरे विवाद का जन्म

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के उम्मीदवार रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर ने सैकड़ों मतदान प्रक्रिया में धांधली पर एक एसोसिएटेड प्रेस का हवाला दिया और ऐसे मामलों की पहचान और उनको ठीक करने के लिए पेपर बैलेट के महत्व पर जोर दिया। रॉबर्ट कैनेडी ने कहा कि किस्मत से ये एक पेपर बैलेट था, इसलिए इसकी पहचान कर ली गई और वोटों की गिनती को ठीक कर लिया गया। उन्होंने आगे चिंता जताई कि उन क्षेत्रों और इलाकों में क्या होता होगा, जहां पर पेपर बैलेट नहीं है? अमेरिका के लोगों को ये जानने की जरूरत है कि उनके हर एक वोट की गिनती की गई है और चुनावी प्रक्रिया हैक नहीं की जा सकती है। हमें इसे खत्म करने के लिए और इलेक्ट्रॉनिक खामियों को दूर करने के लिए पेपर बैलेट को वापस लाने की जरूरत हैं। मेरे प्रशासन को पेपर बैलेट की जरूरत होगी और हम ईमानदार और निष्पक्ष चुनाव की गांरटी देंगे।

### भारत में 64 करोड़ से ज्यादा लोगों ने ईवीएम से डाला वोट

बता दें कि हमारे देश में तमाम विपक्षी दल पिछले कुछ समय से ईवीएम को लेकर चिंता जता रहे हैं, और उन्होंने वीवीपैट पर्चियों की 100 प्रतिशत गणना की मांग की थी, जिसकी अनुमति नहीं दी गई। वहीं हलिया में खत्म हुए लोकसभा चुनाव की बात करें तो देश में ईवीएम के जरिए हुए चुनाव में जहां 64 करोड़ से ज्यादा लोगों ने मतदान किया, इसमें 31 करोड़ से ज्यादा महिलाओं ने मतदान किया है। इन आंकड़ों पर खुशी जताते हुए भारतीय चुनाव आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा था कि भारत ने लोकसभा चुनाव में विश्व रिकॉर्ड बनाया है। यह आंकड़ा जी7 देशों के मतदाताओं का 1.5 गुना और यूरोपीय संघ के 27 देशों के मतदाताओं का 2.5 गुना है।

### गूगल और माइक्रोसॉफ्ट सहित कई कंपनियों ने लॉन्च किए एआई प्लेटफॉर्म

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई हमारे जीवन के कई पहलुओं को प्रभावित कर चुकी है। एआई का इस्तेमाल दवाइयों, तस्वीर या वीडियो बनाने, कारों की असेम्बली जैसे बहुत सारे कामों के लिए हो रहा है। गूगल और माइक्रोसॉफ्ट सहित कई कंपनियों ने अपने एआई प्लेटफॉर्म लॉन्च किए हैं।

### एआई को लेकर डिजिटल इंडिया बिल ला सकती है सरकार

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जनरेट किए गए डीपफेक वीडियो और कंटेंट पर रोक लगाने के लिए मोदी सरकार डिजिटल इंडिया बिल लाने वाली है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस विधेयक में एआई टेक्नोलॉजी के बेहतर उपयोग और तरीकों पर चर्चा होगी। सूत्रों के मुताबिक, सरकार इस बिल के लिए विपक्षी दलों के समर्थन की भी कोशिश करेगी।

## अवकाश सूचना

ईद-उल-अजहा के मौके पर दिनांक 17 जून 2024 को जन एक्सप्रेस के कार्यालय एवं प्रेस में अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक 19 जून को प्रकाशित होगा।

-संपादक


कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


# उत्तर प्रदेश में प्रचंड गर्मी से 33 की मौत

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में प्रचंड गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। शनिवार को कानपुर देश में सबसे गर्म रहा। कानपुर में दिन का तापमान 46.3 डिग्री रहा। 35.2 डिग्री सेल्सियस के साथ यहां की रात भी देश में सबसे गर्म रही। प्रदेश के ज्यादातर हिस्से लू और गर्मी की चपेट में रहे। शनिवार को अलग-अलग क्षेत्रों में गर्मी से 31 लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग के मुताबिक, सोमवार तक ऐसे ही हालत रहेंगे। रविवार को भी पारा बढ़ने की अनुमान जताया जा रहा है।

### 18 से राहत संभव

मौसम विभाग केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, 18 जून की रात से एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पश्चिम भारत को प्रभावित कर सकता है। 17 जून के बाद पूर्वी तराई क्षेत्र में बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम पुरवा हवा के प्रभाव से बादल छाने के आसार हैं। साथ ही बारिश की संभावना बनी हुई है। ऐसे में मौसम में कुछ सुधार से राहत मिल सकती है।



### यहां मौतें

कानपुर और बुंदेलखंड में गर्मी के चलते शनिवार को 20 लोगों की मौत हो गई। इनमें कानपुर में आठ, चित्रकूट में छह, महोबा में तीन और बांदा व हमीरपुर में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है। इसके अलावा वाराणसी और आसपास भी गर्मी से 14 लोगों की जान चली गई। इनमें वाराणसी में सात, बलिया में तीन, मिर्जापुर में दो और गाजीपुर व सोनभद्र में एक-एक की व्यक्ति की जान गई है।

### अगले चार-पांच दिन में आगे बढ़ेगा मानसून

आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने मानसून अपडेट देते हुए कहा कि आगामी 4-5 दिनों के दौरान महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा, तटीय आंध्र प्रदेश और उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों तथा गंगीय पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल के शेष हिस्सों और बिहार के कुछ हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून आगे बढ़ सकता है। इसके लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। बिहार में आगे बढ़ने के बाद ही मानसून के उत्तर प्रदेश में आगे बढ़ने के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट होगी।

### अमौसी एयरपोर्ट: अब 19 जून से नए टर्मिनल पर शिफ्ट होंगी अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** अमौसी एयरपोर्ट के नए टर्मिनल पर अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें 19 जून को शिफ्ट होंगी। जबकि इससे पहले 12 जून व उससे पूर्व आठ जून को शिफ्टिंग की तारीखें दी गई थीं। लेकिन अपरिहार्य कारणों से इसे स्थगित कर दिया गया था। यह जानकारी अमौसी एयरपोर्ट प्रवक्ता ने दी है। उन्होंने बताया कि परिचालन सम्बंधी कारणों से यह निर्णय लिया गया था। अभी तक खाड़ी देशों आदि की उड़ानें अंतर्राष्ट्रीय टर्मिनल टी-वन से संचालित होती रही हैं। वहीं दिल्ली, मुम्बई आदि शहरों के लिए घरेलू उड़ानों को टी-2 टर्मिनल से संचालित किया जाता था। एयरपोर्ट के नए टर्मिनल टी-थ्री के बनने के बाद अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को आठ जून से शिफ्ट करने का निर्णय लिया गया था। जिसे स्थगित कर दिया गया है। इसके बाद 12 जून को यह काम किया जाना था, लेकिन इसे भी स्थगित कर दिया गया।

# हर जरूरतमंद को इलाज के लिए मिलेगी भरपूर आर्थिक मदद: योगी

- जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं 350 लोगों की समस्याएं
- सबको दिया भरोसा, हर व्यक्ति की पीड़ा को दूर करने के लिए संकल्पित है सरकार

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**

लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता प्रभावी रहने के चलते मार्च माह से स्थगित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जनोपयोगी जनता दर्शन कार्यक्रम एक बार फिर प्रारंभ हो गया है। इसकी शुरुआत गत दिनों लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री के सरकारी आवास से हुई। शनिवार को गोरखपुर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद रविवार सुबह जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। गोरखपुर में पिछला जनता दर्शन लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पूर्व 9 मार्च को हुआ था। रविवार सुबह जनता दर्शन में काफी संख्या ऐसे लोगों को थी जो गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने सभी को आश्वस्त किया कि सरकार इलाज में भरपूर मदद करने के लिए तत्पर है। हर जरूरतमंद को इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से भरपूर मदद दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों के मेडिकल इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण कर शासन को जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाए। साथ ही जिन पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं, उनके आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं। गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में सीएम योगी ने करीब 350 लोगों की समस्याएं सुनीं और समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक समाधान के निर्देश अधिकारियों को दिए। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और बड़े इत्मीनान से उनकी बात सुनने के बाद उनके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित किया। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को भरोसा दिलाया कि सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। जनता दर्शन में पहुंची एक महिला ने मुख्यमंत्री से इलाज में मदद की गुहार लगाई। इस पर सीएम योगी ने उससे आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा। महिला ने बताया कि आयुष्मान कार्ड नहीं बना है। अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में जो भी खर्च आना है, अस्पताल से इस्टीमेट बनाकर शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।



### मुख्यमंत्री ने बच्चों को चॉकलेट दिया

जनता दर्शन में पुलिस व राजस्व से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी जिले स्तर पर ही समस्या का समाधान सुनिश्चित करें ताकि लोगों को परेशान न होना पड़े। उन्होंने दो टूक हिदायत देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली अक्षम्य होगी। हर व्यक्ति की समस्या का पूरी प्रतिबद्धता और पारदर्शिता से न्यायोचित समाधान शासन-प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होती है और इसमें किसी ने भी लापरवाही की तो उसे दंड का भागी बनना पड़ेगा। इसलिए अधिकारी संवेदनशीलता से लोगों की समस्याओं को सुनें और गुणवत्तापूर्ण, त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। जनता दर्शन के दौरान कुछ महिलाओं संग पहुंचे उनके बच्चों को मुख्यमंत्री ने प्यार-दुलार और आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट दिया।

### मंदिर की गोशाला में सीएम योगी ने की गोसेवा

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह मंदिर की गोशाला में गोसेवा की। उन्होंने गोवंश का हाल जाना और उन्हें अपने हाथों से गुड़-रोटी खिलाया। गोशाला का भ्रमण कर सीएम योगी ने गोवंश को उनके विभिन्न नामों से पुकारा। सीएम योगी की आवाज सुनते ही गोवंश उनके पास आ गए। सीएम योगी ने उन्हें दुलारकर अपने हाथों से उन्हें गुड़-रोटी खिलाया। मुख्यमंत्री ने गोशाला के कार्यकर्ताओं से सभी गोवंश के स्वास्थ्य और पोषण की जानकारी ली।

**रिपोर्ट** जानलेवा हमले के आरोपियों को पुलिस द्वारा नाबालिग करार देकर उन्हें सजा से बचाने और उनके जुर्म पर पर्दा डालने से जुड़ा है मामला

# वाह लखनऊ पुलिस वाह: किसी की जान से खेलो, पकड़े जाओ तो नाबालिग बन लो!

**जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा**

**लखनऊ।** प्रदेश में बेहतर और मित्र पुलिस का कितना ही दावा क्यों न किया जा रहा हो राजधानी लखनऊ में पुलिस की निष्ठा और कार्यशैली पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। मामला जानलेवा हमले के आरोपियों को नाबालिग करार देकर उन्हें सजा से बचाने और उनके जुर्म पर पर्दा डालने से जुड़ा है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि जांच अधिकारी ने बिना आरोपियों की उम्र की जांच पड़ताल किए उन्हें सीधे किशोर सुधार गृह भेज दिया। पीड़ित छात्र और उसका परिवार न्याय के लिए दर-दर भटक रहा है। महानगर की एलडीए कॉलोनी सेक्टर आई निवासी हर्ष दत्त सूद के बेटे आर्यन सूद जो एलएलबी का छात्र है 17 अप्रैल को दोपहर करीब 2 बजे बल्दीखेड़ा स्थित डी फायर कैफे गया था। वहां उसने बज रहे अश्लील गाने को बंद करने को कहा। इस पर वहां पहले से मौजूद चार-पांच लड़कों ने गाली गलौज शुरू कर दी और कांच की बोतल से जानलेवा हमला किया। आर्यन को अधमरी हालत में छोड़कर सभी आरोपी मौके से भाग गए थे। इसके बाद परिजनों ने ट्रॉमा सेंटर उसके बाद निजी अस्पताल में आर्यन को भर्ती कराया और पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से आरोपियों की पहचान कर पुलिस ने दो को दबोच लिया, अन्य फरार हो गए।

- महानगर की एलडीए कॉलोनी सेक्टर आई निवासी हर्ष दत्त सूद का बेटा एलएलबी का छात्र आर्यन सूद है पीड़ित
- पीड़ित पक्ष का आरोप है कि जांच अधिकारी ने बिना आरोपियों की उम्र की जांच पड़ताल किए उन्हें सीधे किशोर सुधार गृह भेज दिया
- पीड़ित छात्र और उसका परिवार न्याय के लिए दर-दर भटक रहा है







"देखिये ऐसे सभी मामलों में हमारे अस्पताल में जांच हो जाती हैं। पूरी प्रक्रिया के साथ एक्सरे होगा। जांच रिपोर्ट देखकर आयु का प्रमाणपत्र सीएमओ जारी करते हैं। यह उनका ही अधिकार क्षेत्र है।

-डॉ. पवन कुमार अरुण
निदेशक बलरामपुर अस्पताल



"अगर युवा होकर अपराध किया है तो दोषी को सजा मिलनी चाहिए। मेडिकल जांच में सब स्पष्ट हो जाएगा। अगर आरोपी बालिग निकलते हैं तो उनके साथ ही गलत टीसी जारी करने वाले स्कूल और गलत काम में संरक्षण देने वाले अभिभावकों पर भी कानूनन कार्रवाई होनी चाहिए।

-डॉ.सुचिता चतुर्वेदी
सदस्य, बाल अधिकार संरक्षण आयोग

### उम्र के फर्जी सर्टिफिकेट पर जा चुकी है विधायकी तो इन पर कृपा क्यों

उम्र का फर्जी सर्टिफिकेट दाखिल करना कानूनन अपराध है। इसी के चलते विधायक अब्दुल्लाह आजम व एक अन्य को सजा के साथ ही विधायकी से हाथ धोना पड़ा। इतने सख्त कानून के बाद भी पुलिस निजी स्वार्थों के लिए आरोपियों को संरक्षण देने से बाज नहीं आ रही।

### आरोपियों को पकड़ते ही शुरू हुआ पुलिस का 'खेल'

आर्यन पर हमला करने वाले आरोपी जैसे ही पुलिस के हत्थे चढ़े, पीड़ित पक्ष का आरोप है की हमलावरों ने पुलिस से सांठगांठ कर खुद को नाबालिग साबित करा लिया। इसे आधार बनाकर जांच अधिकारी ने बिना किसी पड़ताल के आरोपी को बाल सुधार गृह भेज दिया।

### एक छात्र की तीन-तीन टीसी!

पुलिस की कारगुजारी के बाद जब पीड़ित के पिता हर्ष दत्त सूद ने पड़ताल की तो पता चला आरोपी ने अपने बचाव के लिए किशोर न्यायालय में फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं। सूद ने भी अपने स्तर पर जांच पड़ताल की तो पता चला कि आरोपी पहले से ही आपराधिक प्रवृत्ति के हैं और कानूनी बचाव के लिए उन्होंने फर्जी दस्तावेज बनवा रखे थे जो उन्हें नाबालिग साबित करते हैं।

### 2 लाख में हुई पुलिस से डील!

पुलिस विभाग के सूत्रों के अनुसार सभी आरोपी युवा हैं। यह जानते हुए भी जांच अधिकारी चौकी इंचार्ज ने उन्हें नाबालिग साबित करने का निर्णय लिया। पुलिस की इस 'कृपा' के लिए आरोपियों द्वारा कथित तौर पर 2 लाख का चढ़ावा चढ़ाया गया।

### मां को नहीं पता बेटे की उम्र!

आश्चर्य की बात यह है कि आरोपियों में पकड़े गए एक आरोपी की मां को ही नहीं पता कि उनके बेटे की उम्र क्या है। उन्होंने तर्क दिया कि उनके बेटे का जन्म घर में ही हुआ था इसलिए जन्म की तारीख को समय याद नहीं है।



### किशोर न्याय बोर्ड ने मांगी है मेडिकल जांच रिपोर्ट

आरोपियों की उम्र संबंधी फर्जी दस्तावेज सामने आने के बाद किशोर न्याय बोर्ड ने सीएमओ लखनऊ को आदेश दिया है कि वह आरोपियों की मेडिकल जांच कराकर उनकी सही उम्र सुनिश्चित करे। सभी की जांच बलरामपुर अस्पताल में होनी है।

### कहीं रिपोर्ट भी न हो जाए मैनेज?

इसमें शक नहीं कि आरोपी और उनके परिजन रसूखदार और शातिर हैं। पुलिस ने नियमों का पालन किए बिना जिस तरह से आरोपियों को किशोर सुधार गृह भेज दिया ऐसा प्रतीत होता है कि आरोपी और उनके संरक्षक मेडिकल रिपोर्ट भी अपने पक्ष में कराने की कोशिश से बाज नहीं आएंगे।

# पुलिस टीम ने लूट की घटना का 3 घण्टे के अन्दर किया अनावरण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल के पर्यवेक्षण में कोतवाली कर्वी पुलिस ने लूट की घटना का 3 घण्टे के अन्दर अनावरण करते हुए लूट की घटना कारित करने वाले 2 आरोपियों को लूट के 8000 रूपये के साथ गिरफ्तार किया गया।

वादी चुनकाई यादव पुत्र शिवराज यादव निवासी ग्राम गढीवा ने बीते शनिवार को कोतवाली कर्वी में सूचना दी थी कि सुबह ट्रैफिक चौराहे के पास अपने पैसे पीले रंग का छोटा सा बैग से निकाल कर गिन रहा था। वह यह रुपया बेडी पुलिया पर ई रिक्शा के लोन का किस्त जमा करने के लिए जा रहा था। इस दौरान दो लडके हाथ से 8000 रुपये छीनकर भाग गए। वहीं पर खडा उसका बेटा लक्ष्मी एक लडके को पहचानता था। जिसका नाम बाले पटेल निवासी पासी तिराहा शत्रुघ्नपुरी है।

बैग में आधार कार्ड और पासबुक भी था। घटना की सूचना मिलने पर अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह ने घटना के शीघ्र अनावरण के लिए उप निरीक्षक श्याम देव, उप निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता व उनकी टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उप निरीक्षक श्याम देव, उप निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता व आरक्षी शिवपूजन द्वारा विकास उर्फ देवी दीन उर्फ नेपाली निवासी गोडा रूकमा खुर्द व बाले पटेल पुत्र बुद्धू निवासी पासी तिराहा शत्रुघ्नपुरी को रेलवे यात्री शेड के पास से लूट के 8000 रूपये के साथ गिरफ्तार किया गया।

## किशोरी को भगा ले जाने के आरोप में नामजद युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस । कालपी

कोतवाली क्षेत्र के यमुना नदी के किनारे बीहड़ पट्टी के एक गांव से 17 वर्षीय नाबालिग किशोरी को युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। पीड़ित पिता ने नामजद युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

कालपी कोतवाली क्षेत्र में बीहड़ पट्टी के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि बीते दिन 13 जून की शाम पीड़ित की 17 वर्षीय पुत्री को आरोपी बब्लू पुत्र छोटे लाल निवासी ग्राम डिलौलिया थाना भोगनीपुर कानपुर देहात बहला फुसलाकर भगा ले गया। जानकारी होने पर उसकी काफी खोजबीन की गई लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका है। पीड़ित पिता द्वारा दिए गए शिकायती पत्र को गम्भीरता से संज्ञान में लेते हुए पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया। इतना ही नहीं मामले की विवेचना अतिरिक्त निरीक्षक मो. अशरफ को सौंप दी गई है।

# सार्वजनिक स्थलों व सड़क किनारे डम्प करने पर दुकानदारों से वसूला गया जुर्माना

जन एक्सप्रेस । कालपी

राजस्व टीम पुलिस व नगर पालिका की संयुक्त टीम ने अतिक्रमण करने बालो के विरुद्ध अभियान छेड़ दिया। इस दौरान बाजार, सड़को, फुटपाथ व सार्वजनिक स्थानों पर बालू, गिट्टी के ढ़ेर लगाकर अतिक्रमण करने वाले पांच दुकानदारों से 30 हजार का जुर्माना वसूला गया। अभियान के दौरान कई दुकानदार अपना-अपना सामान समेटने में जुटे रहे।

नगर की सड़को के किनारे मौरंग व गिट्टी के ढ़ेर लगे होने के कारण लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। इसी को ध्यान में रखते हुए उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल के निर्देश पर नायब तहसीलदार नीलमणि सिंह, अधिषासी अधिकारी अवनीश शुक्ला के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक रामभवन सिंह, निर्माण बाबू, सरफराज खान, सफाई प्रभारी शिशुपाल सिंह पप्पी यादव, पुलिस बल व पालिका कर्मचारियों के द्वारा अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया। इस दौरान जेसीबी व ट्रैक्टर से मुहल्ला आलमपुर बाईपास, नवीन पालिका मार्केट व सार्वजनिक स्थलों पर अवैध गिट्टी, मौरंग तथा ईट के ढेर लगे हुए थे। बिल्डिंग मटेरियल को विक्रय करने वाले दुकानदार टीम की राडार में रहें। अभियान के दौरान सार्वजनिक भूमि व सड़क में बिल्डिंग मैटेरियल बेचने वाले दुकानदार गोसाईं ट्रेडर्स पर 5 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।बिल्डिंग मटेरियल को विक्रय करने वाले दुकानदार टीम की राडार में रहें। अभियान के दौरान सार्वजनिक भूमि व सड़क में बिल्डिंग मैटेरियल बेचने वाले दुकानदार गोसाईं ट्रेडर्स पर 5 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। जबकि पूजा ट्रेडर्स से 15 हजार पीताम्बरा ट्रेडर्स से 5 हजार और राजा ट्रेडर्स से 5 हजार रुपये जुर्माना वसूल किया गया।

इतना ही नहीं 4 दुकानदारों को नोटिस निर्गत किये गए। राजस्व निरीक्षक राम भवन सिंह ने बताया कि दुकानदारों के पास बालू, गिट्टी, गुम्मा आदि बेचने के लिए नगर पालिका का लाइसेंस भी नहीं था। उन्होंने कहा कि अगर दुबारा अतिक्रमण करते कोई पाया जाता है तो उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि संयुक्त टीम के द्वारा हर सप्ताह अभियान चलाया जाएगा।

## डॉग स्क्वॉयड, एलआईयू की संयुक्त टीम ने चलाया जांच अभियान

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में प्रभारी एलआईयू निरीक्षक सूर्यकान्त अरुण राय ने बताया कि डॉग स्क्वॉयड, एलआईयू चित्रकूट की संयुक्त टीम द्वारा गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर सुरक्षा सतर्कता के दृष्टिगत रामघाट, निर्मोही अखाड़ा परिक्रमा मार्ग आदि स्थानों पर सघन जांच की गई।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए जनपद के चार शिक्षक हुए सम्मानित



जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

मिशन शिक्षण संवाद की दो दिवसीय प्रादेशिक शैक्षिक उन्नयन विमर्श कार्यशाला जनपद कुशीनगर में पी एन इंटरनेशनल स्कूल में हुई। जिसमें प्रदेश के 300 उत्कृष्ट शिक्षकों ने अपने विद्यालयों में किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यों का प्रदर्शन किया। इसमें जनपद के चार शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

जिसका समापन शनिवार को बी एस ए रामजियावन मौर्य कुशीनगर ने किया। मिशन शिक्षण संवाद कार्यशाला में राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक राजकुमार शर्मा उच्च प्राथमिक विद्यालय चित्रवार, आराधना सिंह कम्पोजिट विद्यालय लोढवारा, साकेत बिहारी शुक्ला उच्च प्राथमिक विद्यालय कटैया खादर और पुष्पा पटेल प्राथमिक विद्यालय संग्रामपुर के चारों शिक्षकों को अपने विद्यालय एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए बीएसए कुशीनगर डा. रामजियावन मौर्य और मिशन शिक्षण संवाद के संस्थापक विमल कुमार ने प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## ट्रक व डीसीएम में भिड़ंत के बाद लगी आग, मौके पर पहुंचे दमकल कर्मी

**जन एक्सप्रेस/उरई।** एट थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक व डीसीएम ओवर टेक के चक्कर में दोनों की आपस में भिड़ंत हो गई। जिससे दोनों वाहनों में आग लग गई। इस दौरान ट्रक चालक व परिचालक किसी तरह कूदकर भाग गए, जबकि डीसीएम चालाक व परिचालक घायल हो गए। रविवार की सुबह झांसी से गिट्टी और डस्ट लेकर ट्रक व डीसीएम उरई की ओर आ रहे थे। जैसे ही दोनों वाहन झांसी सीमा क्रॉस कर जालौन बॉर्डर में प्रवेश किया, तभी ओवरटेक के चक्कर में दोनों में भिड़ंत हो गई, और दोनों ही वाहनों में आग लग गई। इस दौरान ट्रक का ड्राइवर और हेल्पर किसी तरह कूदकर भाग निकले, जबकि डीसीएम का ड्राइवर व हेल्पर घायल हो गए। घटना देखकर स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया और सूचना पुलिस को दी। पिरौना चौकी प्रभारी मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने किसी तरह डीसीएम में फंसे ड्राइवर और हेल्पर को बाहर निकाल कर इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जबतक दोनों वाहन आग का गोला बन गए और धू-धू कर जलने लगे। नेशनल हाईवे पर आग का गोला बने दोनों वाहनों की वजह से यातायात भी प्रभावित रहा और दूसरी तरफ से वाहनों की आवाजाही पुलिस ने कराई। आग बुझाने के लिए मौके पर फायर ब्रिगेड को बुलाया गया, लेकिन तब तक दोनों ही वाहन पूरी तरह जल चुके थे। पुलिस ने टोल प्लाजा की मशीनों को बुलाकर हाइवे को साफ कराया तब जाकर यातायात दुरुस्त हो सका।

## अज्ञात कारणों से सधारा के जंगल मे लगी आग, मौके पर पहुंचे दमकल कर्मी

**जन एक्सप्रेस/उरई।** आटा थाना क्षेत्र के ग्राम सधारा के जंगल में आग लग गई। घटना से वहां स्थित सोलर प्लांट में मौजूद कर्मियों में हड़कंप मच गया, और सूचना पर पहुंची पुलिस व दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आटा थाना क्षेत्र के ग्राम सधारारा के जंगल मे रविवार को सोलर प्लांट के पास अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई, जिससे पेड़ व झाड़िया जलने लगे। देखते ही देखते आग ने बिकराल रुप धारण कर लिया, और आग जंगल में फ़ैल गई। वहीं आसमान छूती आग की लपटों को देखकर प्लांट कर्मियों में अफरा तफरी मच गई। जब तक पुलिस व दमकल कर्मियों को सूचना दी गई, तब तक आग एक किलोमीटर के दायरे तक पहुच चुकी थी। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुचे आटा एसओ अजय सिंह, व दमकल कर्मियों ने करीब दो घण्टे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बताया गया कि जंगल मे लगी आग गाव तक पहुच गई थी, लेकिन फायर ब्रिगेड की सूझबुझ से एक घर जलने से बच गया। वहीं एसओ आटा अजय सिंह ने बताया कि जंगल मे लगी आग को बुझा दिया गया। फिलहाल कोई नुकसान नही हुआ।

# गायत्री शक्तिपीठ में धूमधाम से मनाई गई गायत्री जयंती

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



गायत्री शक्तिपीठ में गायत्री जयंती का पावन पर्व धूमधाम से मनाया गया। प्रातः 5 बजे से सामूहिक गायत्री जप साधना, सामूहिक योग साधना और 8 बजे से गायत्री यज्ञ पर्व पूजन का कार्यक्रम हुआ।

पूज्य गुरुदेव का पर्व सन्देश गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डॉ रामनारायण त्रिपाठी ने कहा कि गंगा व गायत्री दोनों के अवतरण का दिन हैं। सगर पुत्रो को अभिशाप से मुक्त कराने उनके कुल के तपस्वी भगीरथ ने गंगा को धरती पर लाये जो उनके कुल के उद्धार के साथ आज पाप संताप से दुखी लोगों का उद्धार कर रही हैं और उनके सम्मान में गंगा दशहरा का पर्व गंगा स्नान कर मानते आ रहें हैं। मानस पापों के उद्धार के लिए गायत्री ज्ञान गंगा के अवतरण का दिन भी यही हैं। ब्रह्मा को गायत्री महामंत्र का साक्षात्कार हुआ तप कर नयी सृष्टि बनायी, उनको निर्माण की शक्ति मिली थी। विश्वामित्र ने गायत्री का कठोर तप कर नयी सृष्टि बनाने की शक्ति पायी थी, उसी गायत्री महाप्रज्ञा को तप कर युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने ज्ञान गंगा के रूप में धरती पर अवतरित किया। जिससे आज के भौतिकवादी, प्रत्यक्षवादी, देहाभिमानी सगर पुत्रो का उद्धार हों सकें। आज व्यक्ति साधनों से परिपूर्ण होकर निराश है, नर्क गढ़ लिया। आज के दिन आचार्य अपने स्थूल देह से प्रयाण किया था। साथ ही उन्होंने मिशन की अनेक आगामी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला।

इस मौके पर सुधा तिवारी, गिरधर, शांतिकुंज, देवदत्त शुक्ल, सुधीर, कमलेश त्रिपाठी, कृष्णा गुप्ता, जगन्नाथ यादव, जगमोहन यादव आदि मौजूद रहें।

## किशोरी को अपहरण करने में लिप्त आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** नगर कोतवाली क्षेत्र से बीते दिन नाबालिक किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने में शामिल आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कालपी कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली किशोरी को एक युवक बीते दिन 13 जून को बहला फुसलाकर ले गया था। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्जकर तलाश शुरू कर दी थी। इसके बाद ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह ने कई संभावित ठिकानों पर दबिश दी थी। इतना ही नहीं मुखबिरों को भी सक्रिय कर दिया था। रविवार को चौकी प्रभारी ने टीम के साथ दुर्गा मंदिर चौराहे से आरोपी युवक फारूक पुत्र मुस्ताक निवासी ग्राम रिरुआ को गिरफ्तार कर लिया। चौकी इंचार्ज ने बताया कि किशोरी को बरामद कर कार्रवाई के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। जबकि आरोपी के विरुद्ध कारवाई कर चालान कर दिया गया है।

# फांसी में नाकाम मुख्य आरक्षी ने चाकू से गला रेत कर की आत्महत्या

**पुलिस महकमे में मचा हड़कंप, सूचना पर पहुंचे उच्चाधिकारी जांच पड़ताल शुरू**

जन एक्सप्रेस । उरई



जिले के कैलिया थाने में तैनात मुख्य आरक्षी ने किन्ही कारणों के चलते फांसी लगाने का प्रयास किया। फांसी में नाकाम होने पर चाकू से गला रेत कर आत्महत्या कर ली। घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और घटना की सूचना उच्चाधिकारियों को दी गई।

जनपद कन्नौज निवासी वीरेंद्र कुमार की 1995 में पुलिस विभाग में आरक्षी के पद पर तैनाती हुई थी। जो वर्तमान समय में जालौन के कैलिया थाने में सिपाही के पद पर तैनात था, और थाने के ही सरकारी क्वाटर में अकेला रहता था। बताया गया है कि रविवार की दोपहर 11 बजे कुछ दूर हो रहे निर्माण कार्य में लगे मजदूरों ने छत से सिपाही के सरकारी क्वार्टर में खून पड़ा देखा, और इसकी जानकारी थाने में दी। जानकारी होते ही गई, पुलिस मौके पर पहुंच गई और क्वार्टर के बरामदे में खून में लथपथ मृत हालत में पड़े सिपाही को देखकर थाने में हड़कंप मच गया। बताया गया है कि मृतक सिपाही के हाथ के नीचे चाकू था, और गले में रस्सी भी पड़ी हुई थी। जबकि रस्सी का आधा टुकड़ा क्वार्टर की छत में अटका हुआ था। घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ईरज राजा ने कहा मुख्य आरक्षी द्वारा आत्महत्या की गई है। पहले उसने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। मगर रस्सी टूट जाने के कारण उसमें नाकाम होने के बाद उसने चाकू से गला काट लिया। फिलहाल घटना की सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। घटना की खबर उसके परिजनों को दे दी गई है, और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत-बेलटिकरा, विकास खण्ड-पनियरा, महराजगंज

पत्रांक: मेमो/राज्य वित्त चौदहवां वित्त/मनरेगा/2024-25 दिनांक: 15.06.2024

### अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

**ग्राम पंचायत बेलटिकरा** द्वारा महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना पंचम् वित्त/राज्य वित्त आयोग/चौदहवां वित्त/15या वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/केन्द्रीय वित्त आयोग/विधायक निधि/सांसद निधि/आंगनबाड़ी/सामुदायिक शौचालय/प्राथमिक विद्यालय पर शौचालय/पंचायत भवन/अन्त्योष्टि स्थल निर्माण/छठ व पूजाघाट/खेल का मैदान/वाटर सप्लाई एवं अन्य निधि के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट इण्टरलाकिंग ईट, बालू, सीमेन्ट, मोरंग व इत्यादि वर्मी कम्पोस्ट एवं ह्यूम पाईप सरिया पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट ठेला, कुदाल, झाड़ू, ब्लीच पाउडर, चूना, कूड़ादान, फागिंग मशीन, इण्डिया मार्का हैण्ड पम्प, रिबोर, ईंट की गिट्टी इत्यादि सामग्री से संबंधित आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म ईट भट्ठा मालिक/आपूर्तिकर्ता **दिनांक 24-6-2024** के **प्रात: 03:00 बजे तक** आपूर्ति हेतु निविदा दर एवं वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में **ग्राम पंचायत बेलटिकरा** के निविदा बाक्स में डाल सकते हैं। निविदा उसी दिन अपराहन......बजे गठित कमेटी के समक्ष खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की धनराशि मु0 5000.0 रु0 होगी।

**नियम व शर्तें निम्नवत् हैं:-**

1. जिस आपूर्ति कर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति हेतु सूचित किया जायेगा।
2 आपूर्ति कर्ता का सेल्सटैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा आयकर 3 वर्ष का आयकर क्लीरेन्स करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा निविदा दाताओं की उपस्थिति में निर्धारित तिथि समय व स्थान पर टेन्डर खोला जायेगा।
4. आपूर्ति का कार्य **ग्राम पंचायत बेलटिकरा** की परिधि में निर्धारित कार्यस्थल पर स्वीकृत दर अपने संसाधन से करना होगा।
5. जो दरें प्रस्तुत की जायें वह वैट तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामाग्री की मात्रा आवश्कतानुसार घट/बढ़ सकती है।
7. सामग्री की सचिव/ग्राम प्रधान के आदेश के पश्चात ही करनी है।
8. आपूर्तिकर्ता के बिल से 2.24 प्रतिशत आयकर तथा 4 प्रतिशत व्यापार कर की कटौती की जायेगी।
9. सचिव/ग्राम प्रधान/तकनीकी सहायक **विकास खण्ड पनियरा** के कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी/रिश्तेदारों के द्वारा निविदा नहीं डाली जायेगी।
10. सीमेंट की आपूर्ति हेतु सम्बन्धित के पास डीलरशीप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की स्थिति में आपूर्तिकर्ता हेतु खरीदी गयी सीमेंन्ट का पक्का बिल प्रस्तुत करना होगा।
11. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सचिव/ग्राम प्रधान/**ग्रा0पं0 बेलटिकरा** के पास सुरक्षित होगा।
12. आपूर्तिकर्ता को भुगतान अवर अभियन्ता (प्रा0 अभि0वि0) तकनीकी सहायक द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त ही होगा।
13. धरोहर की धनराशि 2 प्रतिशत नगद/राष्ट्रीयकृत बैंक के एच0सी0सी0/एन0एस0सी0 के रूप में जो सचिव/ग्राम प्रधान के पद नाम से बन्धक होगा जमा करना होगा।
14. आपूर्तिदर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने का 7 दिवस के अन्दर आपूर्ति निर्धारित कार्य स्थल पर करना होगा।
15. निविदा फार्म का मूल्य 100.00 रु0 नकद जमा कर किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय **ग्राम पंचायत बेलटिकरा** से प्राप्त किया जा सकता है। सामग्री आपूर्तिकर्ता के सम्बन्ध में नियम व शर्त एवं अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को **कार्यालय ग्राम पंचायत बेलटिकरा** के तकनीकी सहायक से प्राप्त की जा सकती है। परियोजना लागत के क्रम में आपूर्ति आदेश की धनराशि के सापेक्ष 2 प्रतिशत जमानत राशि जमा करना होगा।

**अंजू**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत- बेलटिकरा
विकास खण्ड- पनियरा, जिला- महराजगंज

**राम केशव**
ग्राम विकास अधिकारी/सचिव
ग्राम पंचायत- बेलटिकरा
विकास खण्ड- पनियरा, जिला- महराजगंज


# विधि विशेषज्ञों, अभियोजन अधिकारियों एवं शासकीय अधिवक्ताओं ने पुलिस कर्मियों को नये भारतीय कानून का पढ़ाया पाठ

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में रविवार को पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में नये कानून की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विधि विशेषज्ञों, अभियोजन अधिकारियों, शासकीय अधिवक्ताओं द्वारा थाना, कार्यालयों के निरीक्षकों, उपनिरीक्षकों, दीवान, मुशियों एवं सीसीटीएनएस का कार्य देख रहे पुलिस कर्मियों को आगामी 1 जुलाई से लागू होने वाले भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 की धाराओं के सम्बन्ध में विस्तृत रुप से पढाया गया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल, प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन दिनेश त्रिपाठी, जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) श्याम सुन्दर मिश्रा, विधि विशेषज्ञ प्रो एमपी तिवारी, विधि विशेषज्ञ प्रो शिवशंकर सिंह, विधि विशेषज्ञ प्रो0 डा0 पूर्णेंदू मिश्रा, अभियोजन अधिकारी शशिकान्त, अभियोजन अधिकारी बृजमोहन, सहायक अभियोजन अधिकारी पियूष कुमार सिंह, सहायक अभियोजन अधिकारी सिद्धार्थ सिंह आदि मौजूद रहे।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | सोमवार | 17 जून 2024



**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं किन्तु वर्षा की कोई संभावना नहीं हैं द्य तथा दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 45.2 (+4.8)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 29.0 (+1.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 34 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 19 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 7.1 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# गंगा दशहरा: लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी





जन एक्सप्रेस । सनी राव मोघे



कानपुर नगर। भीषण गर्मी के बावजूद बिठूर के आधा दर्जन कच्चे पक्के घाटों पर कानपुर के अलावा अन्य शहरों से आए लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा दशहरा के पावन पर्व पर गंगा की पवित्र एवं निर्मल धारा में आस्था की डुबकी लगाकर दान पुण्य किया।

ज्ञातव्य हो कि हर साल ज्येष्ठ माह में शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरा पर्व मनाया जाता है। इस दिन मां गंगा की पूजा-अर्चना की जाती है। इस तिथि को हिंदू धर्म में गंगा अवतरण के रूप में मानते हैं बीते दिन शनिवार की भोर से ही लाखों श्रद्धालु बिठूर के घाटों पर पहुंचने लगे। ऐसी मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान करने से सारे पाप धुल जाते हैं। इसी दिन मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। राजाराम के पूर्वज भागीरथ अपने पुरखों की आत्मा का उद्धार करने के लिए गंगा मां को पृथ्वी पर लेकर आए थे। इसी कारण गंगा को भागीरथी भी कहा जाता है। हिंदू धर्म में गंगा को मां का दर्जा दिया गया है।

गंगाजल बहुत ही पवित्र और पूजनीय माना जाता है, किसी भी शुभ कार्य और पूजा अनुष्ठान में गंगाजल का प्रयोग जरूर किया जाता है।गंगा भवतारिणी हैं,

इसलिए हिंदू धर्म में गंगा दशहरा का विशेष महत्व माना जाता है। इसलिए इस दिन गंगा घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिलती है। इस दिन गंगा के घाट पर भव्य गंगा आरती भी होती है, इसी दिन साल का आखिरी बड़ा मंगल भी रहेगा। ऐसे में साधक पर मां गंगा और हनुमान जी की कृपा बरसेगी।

### कानपुर कमिश्नरेट पुलिस में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के मध्य नजर घाटों पर किए पड़े इंतजाम

गंगा दशहरा पावन पर्व पर कानपुर के अलावा झांसी, जालौन, उरई, हमीरपुर, एट, मोठ, कालपी, कानपुर देहात, के अलावा अन्य जगहों से गंगा दशहरा के एक दिन पहले रात में बिठूर के घाटों पर पहुंचने लगते हैं। यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर इस बार कानपुर कमिश्नरेट पुलिस की कड़े इंतजाम किए गए थे। सभी घाटों पर दो ऐसा ही एक इंस्पेक्टर दो महिला कांस्टेबल दो गोताखोर तैनात किए गए थे। इसके अलावा दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी मेले में तैनाती थी। यात्रियों को किसी भी प्रकार की ट्रैफिक व्यवस्था में सुविधाओं को लेकर बड़ी तादाद में ट्रैफिक पुलिस को लगाया गया था।

# घर बसाओ पुण्य कमाओ योजना के तहत दिव्यांग जोड़े लेंगे सात फेरे

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



विकलांग एसोसिएशन ने कल शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क, बगिया में सामूहिक विवाह के लिए पंजीकरण शिविर का आयोजन किया। शिविर में 24 आवेदन प्राप्त हुये। दिव्यांग व गरीब व्यक्तियों का सामूहिक विवाह 09 नवम्बर को आयोजित किया जायेगा।

एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया की दिव्यांग लड़की से स्वस्थ लड़के द्वारा विवाह करने पर सरकार से पुरस्कार के रूप में 20 हजार, शारीरिक रूप से स्वस्थ लड़की दिव्यांग लड़के से विवाह करेगी तो उन्हें 15 हजार व दोनों के दिव्यांग होने पर 35 हजार रूपये सरकारी सहायता दिलायी जायेगी।

विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया की गरीब व अनाथ दिव्यांग लड़कियों के विवाह के लिये एसोसिएशन ने घर बसाओ - पुण्य कमाओ कन्यादान योजना शुरू की है। ऐसे व्यक्तियों को कन्यादान योजना में शामिल किया जायेगा जिनके पुत्री नहीं है और वो कन्यादान करने के इच्छुक हों। इसके लिए उन्हें लिखित अनुरोध करना होगा। वीरेन्द्र कुमार ने कहा की दिव्यांग व्यक्तियों के विवाह में बहुत समस्या आ रही है। दिव्यांग लड़कियों के विवाह के लिये आवेदन नाम मात्र ही आते हैं। जबकि दिव्यांग लड़कों के आवेदन अधिक आते हैं। दिव्यांग व्यक्तियों का विवाह न हो पाने के कारण वो मानसिक तनाव में रहते हैं। वीरेन्द्र कुमार ने बताया की सुबह 9 बजे से 11 बजे तक प्रतिदिन शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क बगिया में सामूहिक विवाह के लिये आवेदन प्राप्त किये जा सकते हैं। आज के शिविर में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार के अलावा अल्पना कुमारी, अरविन्द सिंह, राहुल कुमार, गौरव कुमार, वैभव दीक्षित, अनुराधा गुप्ता, सीमा कुशवाहा, गोमती, याशमीन, सरला, त्रिसी खरे, कमलेश कुमार सिंह आदि शामिल थे।

# स्लोगन और पोस्टर प्रतियोगिता का किया आयोजन



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मानव विकास विभाग में विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय की अधिष्ठाता एवं विभाग की प्रभारी डॉ. मुक्ता गर्ग के मार्गदर्शन में स्लोगन और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य आज के युग में बुजुर्गों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार के बारे में जागरूकता बढ़ाना और युवाओं मे हमारे बुजुर्गों के लिए सम्मान और देखभाल को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के बीएससी, एमएससी एवं पीएचडी के छात्र एवं छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में बुर्जुगों की समस्याओं के विभिन्न पहलुओं जैसे बुजुर्गों का मान सम्मान, उनकी देखभाल, समाज मे उनकी पहचान, आदि विषयों पर पोस्टर एवं स्लोगन लिखे गये। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पीएचडी छात्रा आयुषी, दूसरा स्थान बीएससी छात्रा अमनजीत, तीसरा स्थान बीएससी छात्रा नीतू, एवं सांत्वना पुरस्कार अंशिका एवं निर्विकार को दिया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में बीएससी छात्रा अलैशिका प्रथम स्थान पर दूसरे स्थान एमएससी छात्रा सुप्रज्ञा व तीसरे स्थान पर पीएचडी छात्रा शिखा रही। सांत्वना पुरस्कार छात्रा महक एवम् इंदु को मिला।

इस अवसर पर महाविद्यालय की शिक्षिकाएँ डॉ.ऋतू पांडेय, डॉ. सुमेधा चौधरी, रेनू, पूजा एवं नेहा आदि मौजूद रही।

# रील बनाना पड़ा भारी, इंस्टाग्राम क्रिएटर बच्चा डूबा



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के परमट मन्दिर किनारे गंगा नदी में नहाने के दौरान चार दोस्त में से एक दोस्त डूब गया है गोताखोरों ने ढूंढने का प्रयास जारी रखा है। डूबने वाले बच्चे के परिजनों को करीब 5 घंटे बाद जानकारी दी इसके बाद परिजनो को बेटे के डूबने की जानकारी हुई पुलिस और गोताखोर लापता किशोर की तलाश में लगे हैं।

### मैच खेलने का बहाना बनाकर परमट घाट पहुंचे

गंगा में डूबने वाला यशराज पड़ोस में रहने वाले दोस्त रामचंद्र यादव 15 वर्ष ऑर्थव तिवारी 14 वर्ष व कृष्णा शुक्ला 16 वर्ष के साथ गंगा नहाने का प्लान बनाया इस पर रविवार को वह घर में मैच खेलने की बात कह कर निकाला और फिर चारों दोस्त परमट घाट आ पहुंचे। गंगा दशहरा के मौके पर घाटों में सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल तैनात है रविवार को यशराज रामचंद्र अर्थव व कृष्ण सबसे पहले अटल घाट पहुंचे यहां गंगा में नहाने के दौरान सभी उतरने वाले थे यह देख घाट में मौजूद पुलिस ने भगा दिया तब चारों दोस्त पर परमट घाट आ पहुंचे। यशराज के साथ नहाने गए तीन अन्य दोस्त का आरोप है कि यशराज को वहां मौजूद नाविक ने गुस्से में थप्पड़ मार कर हाथ पकड़ कर घसीट दिया जिस कारण वह गंगा में डूब गया डरे सहमे तीन अन्य दोस्त गंगा से निकलकर घाट की ओर भागने लगे इस पर नाविक ने एक दोस्त का हाथ पकड़ कर उसे पीटा और भाग निकला पुलिस का कहना है कि मामले की छानबीन की जा रही है। एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार ने बताया कि बच्चों के डूबने की सूचना कई घंटे बाद मिली है इसके चलते उसका कोई सुराग नहीं मिला है फिर ग्वालटोली थाने की पुलिस गोताखोरों की मदद से गंगा में डूबे यशराज की तलाश में जुटी है वहीं दूसरी तरफ बेटे के डूबने की खबर मिलते ही यशराज के पिता वीरेंद्र सिंह और मां रमा बेहोश हो गई है मोहल्ले के लोगों ने उन्हें किसी तरह संभाल यशराज की बहन भी रो रो कर बदहवास हो गई है।

### इकलौते बेटे के डूबने से परिजन बेहाल

नौबस्ता थाना क्षेत्र के दामोदर नगर निवासी वीरेंद्र सिंह का बेटा यशराज जो की हाई स्कूल का छात्र है वह इंस्टाग्राम वीडियो क्रिएटर भी है । परिवार में मां रमा व एक बहन बहन नैंसी है। पिता सिलाई का काम कर घर का खर्चा चलाते हैं बीते रविवार को बेटे के डूबने की सूचना पाकर सभी घाट पहुंचे जहां परिजन इकलौते बेटे के डूबने से रो-रोकर बेहाल हो गए। सूत्रों की माने तो जो बच्चा डूबा है वह इंस्टाग्राम क्रिएटर था और रील बनाने के चक्कर में पानी के अंदर डूब कर मारा है।

# गंगा अवतरण की कथा के साथ मां भागीरथी महोत्सव का हुआ समापन



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बिठूर के तात्या टोपे भवन में पिछले नौ दिनों से चल रहे मां भागीरथी महोत्सव का समापन गंगा मां की अवतरण की कथा के साथ हो गया। गंगा मां की यह कथा विगत 50 वर्षों से लगातार महिपति नाथ महाराज संस्थान ग्वालियर के सदाशिव राव पुरंदरे द्वारा अनवरत सुनाई जा रही है। इसी उपलक्ष्य में इस वर्ष कथा कीर्तन का स्वर्ण जयंती उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर कथा व्यास सदा शिवराव पुरंदरे ने बोलते हुए कहा कि हम सभी लोगों का यह सौभाग्य है कि हम सभी लोग गंगा मां के किनारे रहकर भागीरथी मां की कथा का रसपान कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान सच्चा धाम आश्रम के संस्थापक एवं व्यवस्थापक गोखलेश तिवारी उर्फ सच्चा बाबा का सम्मान कार्यक्रम के व्यवस्थापक विमल कुमार दीक्षित, निलेश पुंरदरे, विनायक राव टोपे पर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीमती विजय श्री पुंरदरे, सुमति टोपे, तृप्ति, प्रगति, मकरंद राव, हिमाक्षी, हिमश्री, आशुतोष टोपे, मौजूद रहे।

# समर कैम्प में बच्चों ने फादर्स डे मनाया



जन एक्सप्रेस । प्रदीप शर्मा

**कानपुर नगर।** गोविंद नगर स्थित स्कॉलर प्लेवेज इंटर कॉलेज मे चल रहे समर कैम्प में बच्चों के द्वारा रविवार को फादर्स डे मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय संचालक सुशील कुमार व प्रधानाचार्या प्रेमलता श्रीवास्तव ने कहा कि पिता के द्वारा बच्चों के उज्जवल भविष्य का निर्माण होता है। कार्यक्रम में बच्चों ने अपने पिता को ग्रीटिंग कार्ड देकर उनका सम्मान किया। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले पिता को विद्यालय संचालक द्वारा पुरस्कृत किया गया।

वहीं बच्चों और पिता के बीच हुए रस्सा कसी खेल में हर पिता की कोशिश रही कि उसकी संतान उससे आगे निकल जाए। विद्यालय संचालक सुशील कुमार प्रधानाचार्य प्रेमलता श्रीवास्तव सचिव गिरीश मल्होत्रा अध्यक्ष स्वतंत्रता देवी मल्होत्रा द्वारा सभी विधाओं को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी विद्यालय में इसी तरह के कार्यक्रम होते रहेंगे जिससे बच्चों व उनके अभिभावक का उत्साहवर्धन होता रहे। इस समर कैंप में अध्यापक सोमिल मल्होत्रा, अध्यापिक स्वाती मल्होत्रा, अनुराधा कालरा, सोनिया उप्पल, परमजीत कौर, सुरेन्दर कौर, अंजू पूरी, आकांक्षी आदि मौजूद रहे।

### तीरंदाजी के छह दिवसीय कैम्प का हुआ समापन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। जिला तीरंदाजी संघ कानपुर द्वारा कानपुर के बालक- बालिकाओं को तीरंदाजी खेल के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किदवई नगर स्थित घनश्याम दास शिवकुमार नागरीक हा.से.स्कूल मे चलाए जा रहे 6 दिवसीय कैम्प का समापन हुआ। इस तीरंदाजी कैम्प में कानपुर नगर के 50 से अधिक बालक/बलिकाओं नें प्रतिभाग किया। जिन्हें राष्ट्रीय कोच फागू महातो, सन्दीप कुमार व दीपक शर्मा नें तीरंदाजी खेल की बारीखियां सिखाई। उन्होंने प्रतिभागियों को इस खेल के द्वारा अपना कैरियर कैसे बनायें संबंधी जानकारी दी। कैम्प के अन्तिम दिन खिलाड़ियों की हुई प्रतियोगिता में अराध्य सिंह (प्रथम स्थान), कुशाग्र रावत (द्वितीय स्थान) व त्रीशा सिंह भदौरिया नें (तृतीय स्थान) प्राप्त किया। जिला तीरंदाजी संघ के महासचिव राजा भरत अवस्थी ने बताया कि संघ द्वारा सभी खिलाडियों को पुरस्कृत किया गया व सर्टिफिकेट बांटे गए। समापन अवसर पर जिला तीरंदाजी संघ के महासचिव राजा भरत अवस्थी, सह-सचिव सन्दीप कुमार पासवान, कोच फागु महातों, दीपक शर्मा, शैलेश कुमार, अभिषेक सिंह, राहुल कुमार, संध्या वर्मा व विशाल सविता आदि मौजूद रहे।

# जमीनी विवाद में चली गोलियां और ईंट पत्थर पुलिस का फायरिंग की घटना से इंकार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



शहर में जहां देखो वहां गोली चलना, महिलाओं के साथ लूट होना, दिनदहाड़े जमीनों पर कब्जा करने के साथ बड़े-बड़े बवाल होना, और महिलाओं की रेप के बाद हत्या कर उनकी बॉडी को जलाकर फेंक देने का सिलसिला जारी है। लगातार बढ़ रही इन घटनाओं से स्पष्ट होता है कि कानपुर नगर में अब कानून का नहीं अपराधियों का राज कायम होने के बाद पूर्ण रूप से जंगल राज कायम हो गया है।

थाना सचेन्डी क्षेत्र में रविवार को फिर एक बार जमीनी विवाद के चलते दो गुटों में जमकर ईंट पत्थर चले और यहां तक लोगों का कहना है कि कई राउंड गोली भी चली है लेकिन गोली चलने की बात से पुलिस अधिकारियों ने इनकार किया है। इस दौरान दो लोगों के घायल होने की भी जानकारी निकलकर सामने आई है। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

पीड़ीत हनी सेंगर ने बताया की वो अपनी जमीन पर पिलर बनाकर निर्माण कर करा रहे थे। तभी पड़ोस में रहने वाले सुनील तिवारी, आशीष मिश्रा, नरेंद्र तिवारी, सोनू तिवारी कई अन्य लोगो ने आकर अचानक हमला कर जमकर मारपीट की और चार राउंड गोलियां चलाकर भाग गए। वहीं इस मारपीट में अमर सेंगर, संदीप कटियार गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पीड़ित पक्ष का कहना है कि क्षेत्र में दबंग किस्म के लोग है हमारी अपनी जमीन पर निर्माण नही करने दे हैं। एसीपी पनकी तेज बहादुर का कहना है कि दोनो पड़ोसी हैं। इनका पहले से न्यायालय में मामला विचाराधीन है।जमीन पर दूसरा पक्ष भी अपना मालिकाना हक बता रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मारपीट हुई है लेकिन गोली चलने के कोई भी साक्ष्य नहीं मिले हैं

# ईमानी जज़्बे के साथ अल्लाह की राह में अपनी कुर्बानी पेश करें



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

मदरसा जामे उल उलूम जामा मस्जिद पटकापुर के ज़ेरे एहतमाम मुहीउद्दीन खुसरू ताज की सरपरस्ती में जारी 9 दिवसीय कार्यक्रम फज़ायल व मसायल और तारीखे़ कुर्बानी के तहत ग्वालटोली और मोमिन नगर में जलसे आयोजित हुए। खा़नका़ह ग्वालटोली में सम्बोधित करते हुए मुफ्ती मुहम्मद सुल्तान क़मर क़ासमी ने कहा कि हमें चाहिए कि कुर्बानी के दिनों में अल्लाह को राज़ी करने के लिये उसके हुक्म पर अमल करते हुए खूब दिल खोल कर ईमानी जज़्बे के साथ अल्लाह की राह में अपनी कुर्बानी पेश करें। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यकित कुर्बानी की रक़म से कुर्बानी ना करके उस रक़म को किसी दूसरे नेक काम में खर्च कर देता है तो उससे उसके हिस्से की कुर्बानी अदा नहीं होगी।

दूसरी जानिब मोमिन नगर में मुफ्ती मुहम्मद हस्सान क़ासमी ने विभिन्न मसायल से वाक़िफ कराते हुए कुर्बानी करने के तरीके़ और सफाई सुथराई का विशेष ध्यान रखने की अपील की। जलसे में मौलाना क़ारी सिराजुद्दीन क़ासमी, हाफिज़ मुहम्मद अरशद, हाफिज़ मुहम्मद जावेद जामई के अलावा बड़ी संख्या में अवाम मौजूद रहे।

### अमरनाथ सेवा संस्थान का भंडारे की सामग्री से भरा ट्रक हुआ रवाना

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। 29 जून से शुरू होने वाली जम्मू कश्मीर मे स्थित अमरनाथ यात्रा को लेकर यात्रियों को विभिन्न प्रकार की सुविधाओं का लाभ प्रदान करने के लिए भारत के हर राज्य के श्रद्धालु अपनी अपनी श्रद्धानुसार तरह तरह योगदान प्रदान करते हैं। जिसमे खाद्य सामग्री, जीवन रक्षक दवाएं, यात्रियों के रहने के लिए टेंट, थकान दूर करने के लिए मशीनें इत्यादि सुविधाएं प्रदान की जाती है। इस अमरनाथ यात्रा की सेवा मे कानपुर से भी कई भंडारे यात्रियों की सुविधा के लिए अमरनाथ यात्रा को जाते हैं और वहां पहुंचे शिव भक्तों की सेवा मे यह संस्थाने अपना अपना योगदान प्रदान करती हैं। ऐसी ही एक कानपुर के बर्रा मे स्थित श्री अमरनाथ सेवा संस्थान ने बीते दिन रविवार को शिव जी का भव्य कार्यक्रम कर अमरनाथ यात्रा मे जाने वाले यात्रियों के लिए दो ट्रक खाद्य सामग्री, जीवन रक्षक दवाएं और मशीनी उपकरण भक्तों की सेवा के लिए कानपुर से रवाना किए हैं। इसी क्रम मे कल रविवार को शास्त्री चौक बर्रा मे स्थित मां वैष्णो गेस्ट हाउस मे यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्ष बालकृष्ण दीक्षित जी ने बताया कि यह कार्यक्रम हम 15 सालों से लगातार करते आ रहे हैं और हर साल की भांति यह कार्यक्रम सभी लोगों के सहयोग से होता चला आ रहा है। बाकि कोशिश हम लोग की यह रहती है कि अमरनाथ मे पहुंचने वाले हर भक्त के लिए सभी सामग्री ज्यादा से ज्यादा भेजी जा सके। अध्यक्ष बालकृष्ण दीक्षित ने बताया कि इस भव्य कार्यक्रम मे कुछ भक्त उन्नाव, पुखरायां शाखा से भी आए हुए हैं। उन सभी भक्तों का मै सम्मान करता हूं। इस कार्यक्रम मे संरक्षक व मार्गदर्शक रहे बालकृष्ण दीक्षित के साथ राधा रमन तिवारी, कृष्णकांत तिवारी, लक्ष्मी शंकर गुप्ता, संजय पंडित, मनोज शर्मा, विजय सिंह राजपूत, तेज सिंह यादव, अनिल शुक्ला, जगदेव सिंह, मनोज बिश्नोई, नीरज वर्मा, आदि इस श्री आनंदेश्वर अमरनाथ सेवा परिवार के सभी पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

# जमीयत उलेमा ने कई स्थानों पर किया शर्बत वितरण

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



नगर जमीयत उलेमा कानपुर द्वारा नगर अध्यक्ष डॉ. हलीमुल्लाह खान के संरक्षण और मौलाना अमीनुल हक अब्दुल्ला कासमी की देख रेख में जमीयत उलेमा के पदाधिकारियों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में हजारों लोगों को शर्बत वितरित किया। इस मौके पर सबील लगाने वालों ने अपने विचार व्यक्त किए और इसे सदका ए जरिया करार दिया।

जामिया मस्जिद अशरफाबाद में लोगों को शर्बत पिलाते हुए मौलाना फरीदुद्दीन कासमी ने कहा कि प्यासे को पानी पिलाना जन्नत से नजदीकी और नरक से दूरी का सबब बनता है। हदीस में पानी पिलाने को नया जीवन देने वाला बताया गया है। उन्होंने सभी मुसलमानों से गर्मियों में पीने के पानी की विशेष व्यवस्था करने की अपील की।

महमूदिया मस्जिद के इमाम व खतीब मौलाना अंसार अहमद ने अजीतगंज में सबील लगाते हुए कहा कि यह नगर जमीयत का बहुत अच्छा फैसला है जिसने हजारों लोगों की प्यास बुझाई है, यह सिलसिला जारी रहना चाहिए।

दारुल-कजा के काजी मौलाना इनामुल्लाह कासमी ने कहा कि इस साल की गर्मी ने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। सरकार लोगों से दोपहर में एहतियात बरतने की अपील कर रही है, सभी को जितना हो सके एक-दूसरे का ख्याल रखना चाहिए।

तार घर पटकापुर में शिविर लगाते हुए नगर जमीयत के सचिव मुफ्ती इज़हार मुकर्रम कासमी ने इस सिलसिले को जारी रखने का संकल्प लिया।

कदवई नगर में कारी अब्दुल मोईद चौधरी ने कहा कि गर्मी में अपने घरों के बाहर पानी रखें और छतों पर पक्षियों के लिए भी पानी का इंतजाम करें, यह सब सदके में गिना जाना जाएगा।

इस मौके पर सभी जगहों पर लोगों ने शरबत का आनंद लेते हुए नगर जमीयत को धन्यवाद दिया और इस पहल के लिए बधाई दी।

विभिन्न इलाकों में लगे शिविरों में हजारों लोगों को शरबत से तृप्त किया गया।

# प्रसव ऑपरेशन के बाद जच्चा-बच्चा की मौत ग्रामीणों ने शव को रखकर किया प्रदर्शन

**✻ अस्पताल कर्मचारी और डॉक्टर अस्पताल बंद कर हुए फरार**



**जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर**

जनपद के बसखारी थाना अंतर्गत आयुष मल्टीपल हॉस्पिटल में प्रसव आपरेशन होने के बाद जच्चा बच्चा की मौत हो गई, जिसके बाद परिजनों ने स्थानीय ग्रामीणों के साथ हंगामा करना शुरू कर दिया। मिली जानकारी अनुसार घटना के बाद अस्पताल कर्मचारी अस्पताल बंद कर फरार हो गए। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझाने बुझाने का प्रयास किया। सीओ सिटी द्वारा मुकदमा दर्ज करने का आश्वासन दिया गया जिसके बाद परिजन व ग्रामीण शांत हुए। मामला बसखारी थाना क्षेत्र के बसखारी-अकबरपुर मार्ग पर गायत्री मंदिर के सामने स्थित आयुष मल्टीपल हॉस्पिटल का है। जहां रविवार को रीना देवी पत्नी राजन निवासी छगूरा पुर मिश्रौलिया को प्रसव पीड़ा हुई। जिसके बाद परिजनों ने रीना देवी को अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल कर्मचारियों द्वारा घोर लापरवाही की गई, जिससे प्रसव पीड़िता रीना देवी का ऑपरेशन होने के बाद नवजात बच्ची और मां की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि शनिवार शाम पांच बजे रीना देवी को ऑपरेशन से एक बच्ची हुई थी आपरेशन के बाद बच्ची की तबीयत ज्यादा बिगड़ी तो डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया उस दौरान जिला अस्पताल में इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई और आयुष अस्पताल में भर्ती रीना देवी की रविवार सुबह अचानक तबियत जब ज्यादा बिगड़ी उस दौरान रीना देवी की मौत हो गई और मामला को दबाने के लिएआयुष हॉस्पिटल के डॉक्टर ने उनको जिला अस्पताल रेफर कर दिया वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जच्चा-बच्चा की मौत से परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों व ग्रामीणों ने रीना देवी का शव मुख्य मार्ग पर रखकर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। मामले की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष संत कुमार सिंह मौके पर पहुंचे वहीं सीओ सिटी ने परिजनों से वार्ता कर मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई का आश्वासन दिया इसके बाद हंगामा बंद हुआ।

वहीं जानकारी होने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजकुमार की टीम ने पहुंचकर अवैध रूप से संचालित हो रहे आयुष मल्टीपल हॉस्पिटल पर कार्रवाई करते हुए अस्पताल कों सीज कर दिया।

बगल में उसी अस्पताल संचालक के द्वारा संचालित अवैध पैथोलॉजी डायग्नोस्टिक सेंटर को भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सील कर दिया और वहां पर मौजूद अल्ट्रासाउंड मशीन को जप्त कर लिया गया।

# विश्व शान्ति और मानव कल्याण के लिए आयोजित हुआ सुंदरकांड पाठ: प्रो0 विजय शंकर मौर्य




**जन एक्सप्रेस। अयोध्या धाम**

शंकर फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा आयोजित किया गया अखंड रामायण के सुंदर कांड का पाठ। विश्व के सभी प्राणियों में सुख समृद्धि, शान्ति तथा मानवता के कल्याण के लिए शंकर फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। आज के आधुनिकता के दौर में मानसिक शांति तथा आध्यात्मिक शांति की उन्नति का एकमात्र साधन है प्रभु का ध्यान करना। हनुमान जी महाराज कलयुग के साक्षात देवता है तथा सभी विघ्न व कष्ट का नाश करने वाले है। उक्त आयोजन राघव बिहार कॉलोनी स्थित ट्रस्ट के हाल में किया गया द्य इस अवसर पर शंकर फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रो0 विजय शंकर मौर्य ने बताया कि हमारी संस्था हमेशा समाज सेवा के कार्य में लगी रहती है। जल प्याऊ, जरुरतमंदो के लिए वस्त्र, फल, बच्चो के लिए कापी किताब, वितरित किया जाता है। संगीत युक्त सुंदरकांड पाठ में परमहंस डिग्री कॉलेज की डायरेक्टर वंदना उपाध्याय, गीता मिश्रा, एडवोकेट संजय मिश्रा, आलोक मिश्रा, डा0 शत्रुघन सिंह, डॉ गौरव श्रीवास्तव, अजीत पाण्डे, सुमन सिन्हा, सत्यम पाल, चंद्रेश चौधरी आदि के साथ समाज के हर वर्ग के लोग सम्मिलित हुए। पाठ के समापन के साथ प्रसाद वितरण भी किया गया।

## प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलंबन (एग्री जंक्शन) योजनान्तर्गत 15 जुलाई तक करें आवेदन

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** उप कृषि निदेशक विनोद कुमार ने बताया कि जनपद के किसानो को एक छत के नीचे ''वन स्टाप शाप'' के माध्यम से गुणवत्तायुक्त बीज, उर्वरक, कीटनाशक व जैव कीटनाशक, जैव उर्वरक, माइकोन्यूट्रिएन्ट्स, जिप्सम, वर्मी कम्पोस्ट आदि समस्त कृषि निवेशों की आपूर्ति करना, तकनीकि जानकारी देना आदि हेतु प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन (एग्रीजंक्शन) योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में जनपद में कहीं पर भी निवास करने वाले बेरोजगार कृषि स्नातकों से दिनोंक 15 जुलाई, 2024 को सायं 5.00 बजे तक अपना आवेदन कार्यालय उप कृषि निदेशक, बस्तेपुर रोड़ गोराबाजार रायबरेली में पंजीकृत डाक/व्यक्तिगत उपस्थित हो कर जमा व भेज सकते है। इसके उपरान्त किसी भी माध्यम से प्राप्त होने वाले आवेदन पर विचार नही किया जायेगा। अधिक जानकारी प्राप्त करने हेतु कार्यालय उप कृषि निदेशक, रायबरेली में किसी भी राजकीय कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते है।

उप कृषि निदेशक योजना की पात्रता के बारे में बताया कि बेरोजगार कृषि स्नातक/कृषि व्यवसाय प्रबंधन स्नातक/स्नातक जो कृषि एवं सहबद्ध विषयों में यथा- उद्यान, दुग्ध, पशुपालन, वानिकी पशु चिकित्सा, मुर्गी पालन एवं इस तरह की गतिविधियां जो किसी राज्य केन्द्रीय विश्वविद्यालय से डिग्रीधारी हो, तथा आई0सी0ए0आर0/यू0ज0सी0 द्वारा मान्यता प्राप्त हो। आवेदक की आयु 15 जुलाई 2024 तक 40 वर्ष से अधिक न हो, (अनुसूचित जाति/जनजाति/महिलाओं) जो उत्तर प्रदेश का निवासी हो को आयु में अधिकतम 05 वर्ष की छूट)। पात्र अभ्यर्थियों में जिनकी जन्मतिथि पहले है, उन्हें वरीयता दी जायेगी। आवेदक पत्र के साथ (स्वप्रमाणित समस्त शैक्षिक अभिलेख जैसे हाई स्कूल, इंटरमीडिएट व कृषि स्नातक की अंक सूची तथा प्रमाण पत्र, मूल निवासी, जाति प्रमाण पत्र, पेन कार्ड व आधार संख्या तथा दो फोटो, मो0 नं0) संलग्न किये जाये। योजनान्तर्गत जनपद में कुल लक्ष्य 50 निर्धारित किया गया है, जिसमें से शहरी क्षेत्र हेतु 10 व ग्रामीण क्षेत्र हेतु 40 लक्ष्यों का आवंटन किया गया है।

# 700 किलो की गदा को देखने के लिए उमड़ी भीड़, गजनीपुर गांव के कष्टभंजन धाम के मुख्य द्वार पर किया जाएगा स्थापित

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**



जनपद में 700 किलो वजन की अद्भुत हनुमान गदा गुजरात से बनकर आ गई है। 22 फीट लंबी गदा को बनाने में तकरीबन 18 करीगरों की टीम 45 दिन लगातार जुटी रही। रायबरेली के महराजगंज विकासखंड क्षेत्र की टीसा खानापुर ग्राम सभा के गांव गजनीपुर के बजरंगबली भक्त के ऑर्डर पर गदा को गुजरात के इंजीनियरों ने तैयार किया है। इस अद्भुत गदा को आज शनिवार 15 जून 2024 को ट्रक द्वारा रायबरेली के गांव गजनीपुर स्थित कष्टभंजन देव धाम लाया गया है, जहां श्री हनुमान भक्त रामकुमार यादव द्वारा बनवाए गए श्री हनुमान जी महाराज के मंदिर के गेट पर दो सिल्वर कलर के बड़े कलश के साथ स्थापित किया जाएगा आपको बता दें कि, महराजगंज विकासखंड क्षेत्र के गजनीपुर गांव के हनुमान जी महाराज के भक्त रामकुमार यादव ने गांव में ही कष्टभंजन हनुमान जी महाराज की एक विशाल मूर्ति बनवाकर मंदिर स्थापित किया है। मंदिर तैयार होने के बाद इसके मुख्य द्वार पर दो बड़े कलश के साथ एक अद्भुत गदा स्थापित करने की उनके मन में इच्छा प्रबल हुई, तो उन्होंने कलश के साथ विशाल गदा बनवाने की इच्छा जताई। बताते हैं कि, गुजरात जाकर करीगरों से अपनी इच्छा जाहिर की। इसके बाद कारीगरों ने उनकी मंशा समझकर गदा बनाने की हामी भर ली, और 45 दिन में 18 कारीगरों के कड़े परिश्रम के बाद दो कलशों के साथ अद्भुत गदा बनाकर तैयार हुई। गदा का वजन 7 कुंतल तथा लंबाई 22 फीट बताई गई है, जिसे गजनीपुर गांव के कष्टभंजन धाम के मुख्य द्वार पर स्थापित किया जाएगा। हनुमान जी महाराज के इस भव्य मंदिर को फूल पत्तियों से सजाया गया है। इसे 16 जून 2024 दिन रविवार को विशाल भंडारा व शाम की बेला में जागरण पार्टी कार्यक्रम के पश्चात पंडितों द्वारा हवन पूजन अनुष्ठान के बाद हनुमान मंदिर के मुख्य द्वार पर स्थापित किया जाएगा। गदा की सुंदरता बढ़ाने के लिए करीगरों ने इस पर सिल्वर कलर से रंग रोगन किया गया है। गदा को देखने के लिए लोग उमड़ रहे हैं।

## गंगा दशहरा, बकरीद व ज्येष्ठ माह के आखिरी बड़े मंगल को लेकर अयोध्या पुलिस अलर्ट

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**



गंगा दशहरा बकरीद व ज्येष्ठ माह के आखिरी बड़े मंगल को लेकर अवध क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था की गई कड़ी। अयोध्या रेंज के पांचो जिलों में त्योहारो को लेकर सुरक्षा की गई कड़ी, अयोध्या की संवेदनशीलता को देखते हुए जोन सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों की होगी तैनाती।आईजी रेंज अयोध्या प्रवीण कुमार ने बताया कि सभी सभ्रांत लोगों से वार्ता की गई है। पीस कमेटी की बैठक में लोगों से सद्भावना बनाए रखने की अपील की गई है। इसके साथ ही सफाई सुरक्षा व्यवस्था का पूरा ख्याल रखा गया हैं। रेंज के सभी जनपदों में अयोध्या बाराबंकी अमेठी सुल्तानपुर अंबेडकरनगर में मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों की तैनाती की जाएगी, लगातार पुलिस अधिकारी भ्रमणसील रहेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जो दिशा निर्देश हैं उसका पालन करवाया जाएगा। अवध क्षेत्र की जो गंगा जमुनी तहजीब रही है उसी हिसाब से सारे त्यौहार मनाए जाएंगे। गंगा दशहरा बकरीद और ज्येष्ठ के आखिरी बड़े मंगल को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

तीन दिनों में पर्वो की जो कड़ी है इसमें एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए अपनी सकारात्मक भूमिका पुलिस प्रशासन को देंगे। सोशल मीडिया पर लगातार पुलिस की निगहबानी रहेगी। प्रयास रहेगा की कोई खुराफात करने की कोशिश ना करें, लोगों से भी अपील है कि इस तरह की कोई अफवाह ऐसा मैसेज या संदेश आता है तो पुलिस को जरूर अवगत कराएं ताकि ऐसे लोगों को सिर्फ चिन्हित ही ना किया जाए?। बल्कि उस पर कठोरतम कार्रवाई भी की जाए, अयोध्या हमेशा से संवेदनशील नगरी के रूप में रही है, जो भी यहां सुरक्षा की मानक है उसके तहत सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम है। समय-समय पर भ्रमणशील होते हुए सुरक्षा व्यवस्था परखी जाती है।

# 1100 किलो के धनुष और 1600 किलो की गदा भगवान श्री राम के मंदिर अयोध्या को किया समर्पित



**जन एक्सप्रेस। अयोध्याधाम**

रामभक्तों की 108 बसों के साथ शिवगंज, सुमेरपुर राजस्थान से अयोध्या पहुंची यात्रा यात्रा में श्री राम रथ में पंचधातु से निर्मित 1100 किलो के विशाल राम धनुष एवं 1600 किलो हनुमान गदा के पहुंचा अयोध्या।हुआ पूजा अर्चना एवं स्वागत कार्यक्रम

पांच पड़ाव पार कर अयोध्या पहुंची यात्रा यह पहला ऐसा धनुष व हनुमान गदा होंगे जो राम मंदिर परिसर में स्थापित होगा। रामरथ अयोध्या यात्रा शिवगंज सिरोही राजस्थान से शुरू हुई जिसे श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या के महासचिव चंपतराय व विश्व हिन्दू परिषद राजस्थान के संगठन मंत्री, पंचायती राज ग्रामीण विकास विभाग के राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, सांसद जालोर सिरोही लुम्बराम ने विशेष हवन पूजाकर इस यात्रा का शुभारंभ कराया, इस यात्रा का दूसरा पड़ाव श्री श्री माधव धाम कानोता जयपुर और तीसरा पड़ाव आगरा दक्षिणी हनुमान का मंदिर गुरुद्वारे के पास वाई पास व चौथा पड़ाव रामस्वरूप इंजीनियर कॉलेज लखनऊ रहा है और पांचवा और अंतिम पड़ाव अयोध्या रहा है।

यात्रा में 1600 किलोग्राम का गदा व 1100 किलोग्राम का राम धनुष जो भगवान श्रीराम के मंदिर अयोध्या में समर्पित किया गया।पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास के आवास पर डा.सरस्वती गौर ने गदा और धनुष उनके हवाले किया।

# अयोध्या लोकसभा चुनाव में किसी पर न लगायें आरोप, मंथन की जरूरत: लक्ष्मणदास महाराज

**जन एक्सप्रेस। अयोध्याधाम**



जो लोग लोक सभा चुनाव में अयोध्या की सीट भाजपा के हारने के बारे में फिजूल की बयानबाजी कर रहे है वह पूर्णतया गलत है द्य हार जीत तो जीवन में लगा रहता है।

उक्त बातें आचार्य लक्ष्मण दास जी महाराज श्रीराम लक्ष्मण कुंज लवकुश नगर अयोध्या ने एक प्रेस प्रतिनिधि वार्ता के दौरान कही। आचार्य श्री लक्ष्मण दास की महाराज ने कहा कि अयोध्या को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। अयोध्या के 4 से 5 किलोमीटर के क्षेत्र में अयोध्या से भाजपा हमेशा जीत दर्ज करती है और इस बार भी किया है। अयोध्या का संत समाज भाजपा के पक्ष में ही मतदान करता है। जब प्रभु श्रीराम ने किसी मानव, धर्म, जाति, छोटा बड़ा आदि का कभी कोई भेद भाव नहीं किया तो मानव क्यों करे द्य अयोध्या सबकी है भगवान श्री राम प्रभु सबके है।

सभी का अयोध्या का संत समाज हमेशा स्वागत करता है। रामकोट, नया घाट, लवकुश नगर सहित जहाँ भी संत महंत का गढ़ है वहां से भाजपा कभी नहीं हारी है। जिन क्षेत्रों में भाजपा को वोट नही मिला उस पर मंथन की जरूरत है। किसी संत महंत अथवा आमजनों के ऊपर आरोप लगा देना सही बात नहीं है। तमाम धार्मिक प्रसंग ऐसे हैं जहाँ स्वयं भगवान ने ही हार जीत तय किया। जिस तरह से कार्यकर्ताओं द्वारा अयोध्या के जन मानस के सिर पर हार का ठीकरा फोड़ा जा रहा है वह भ्रम वश है।

# विवाहिता की मौत, परिजनों ने गलत इलाज का लगाया आरोप

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**

मुंशीगंज इलाके में एक विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतका के परिजन एक निजी चिकित्सक पर गलत इलाज करने का आरोप लगा शव घर पर रखा है। परिजनों ने उच्चाधिकारियों से शिकायत की है। समाचार लिखे जाने तक थाने में तहरीर नहीं दी है। अफसरों के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने जांच शुरू करा दी है। छावनी गांव निवासी महेश प्रसाद ने अफसरों से शिकायत की है। आरोप है कि उनकी बहू नीलम (26) पत्नी राहुल की तबीयत शुक्रवार रात में अचानक खराब हुई। उसे रात एक निजी डॉक्टर के यहां ले गए। आरोप लगाया है कि डॉक्टर द्वारा गलत ढंग से इलाज किया गया, और कई तरह के गलत इंजेक्शन लगाए गए। उसकी बहू की तबीयत बिगड़ती गई।

तबीयत में सुधार नहीं हुआ, फिर भी डॉक्टर ने घर भेज दिया। घर ले गए तो तबीयत और खराब हुई। इसके बाद उसे संजय गांधी अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शनिवार सुबह महेश प्रसाद ने अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर निजी डॉक्टर के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई है।

सीएचसी अधीक्षक डॉ. आलोक तिवारी ने बताया कि मामला संज्ञान में आने के बाद टीम को गांव भेजा गया था। परिजन पोस्टमार्टम कराने को तैयार नहीं है।

# संजीव सिंह को मिली पीएचडी की उपाधि

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**



शहर के निराला नगर (नवीन मंडी), अयोध्या निवासी संजीव कुमार सिंह को राजनीति विज्ञान विषय में पीएचडी की उपाधि मिली। संजीव कुमार सिंह ने डॉश राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या से 'भारत-पाकिस्तान संबंध : उभरते हुए भू-राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में' विषय पर शोध कार्य पूर्ण किया। संजीव ने बताया कि पाकिस्तान-चीन के संबंधों में सकारात्मकता आने से भारत की सुरक्षा संबंधी चुनौतियाँ बढ़ गई है। इसके अतिरिक्त 'हिंद-प्रशांत' क्षेत्र, क्वाड और शंघाई सहयोग संगठन जैसे विभिन्न बहुपक्षीय संगठनों के बीच भू-रणनीतिक स्पर्द्धा का प्रमुख मंच बनकर उभरा है। वर्तमान मोदी सरकार द्वारा भारत की परंपरागत विदेश नीति में परिवर्तन करते हुए 'नेबर हुड फर्स्ट' की नीति को अपनाया है जो कि भारत जैसे बड़े राष्ट्र के लिए यह आवश्यक है कि वह इस क्षेत्र का नेतृत्व कर सबको विकास प्रक्रिया में भागीदार बनाए। इन्होंने स्नातक की शिक्षा इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है। संजीव ने अपना शोध कार्य काश्सुश साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अयोध्या के राजनीति एवं लोक प्रशासन विभाग के प्रोफेसर डॉश सदुरु पुष्पम के निर्देशन में पूर्ण किया है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरुजनों, परिवार के सदस्यों, विश्वविद्यालय के शिक्षकगण और मित्रों को दिया है। का0सु0 साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर वंदना जायसवाल ने हर्ष जताया है। अवध विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ शिवांश कुमार ने इसे राजनीति विज्ञान के क्षेत्र में एक उपलब्धि बताते हुए कहा है कि आने वाले दिनों में और शोधार्थी इससे लाभान्वित होंगे।

# हीट स्ट्रोक में न करें लापरवाही, हो सकती है जानलेवा: डॉ के0 के0 मौर्य

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**





कई सालों बाद इस तरह की गर्मी देखने को मिल रही है। जिसको लेकर सरकार और चिकित्सा विभाग कई दिशा निर्देश दे रहे हैं ताकि लोग हीट स्ट्रोक से बचे इसी क्रम में डॉ के0 के0 मौर्य (बी0ए0एम0एस0) से हीट स्ट्रोक के लक्षण, और बचाव व चिकित्सा के बारे में बात की गयी तो डॉ के0 के0 मौर्य ने कहा कि हीट स्ट्रोक गंभीर स्थिति है जिसमें शरीर का तापमान बहुत अधिक बढ़ जाता है और शरीर का तापमान नियंत्रित करने की क्षमता खत्म हो जाती है। हीट स्ट्रोक से बचने के लिए निम्नलिखित उपाय किये जा सकते है। धूप से बचें सुबह 10 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक धूप से बचे। इस समय तापमान काफी अधिक होता है जिससे बचने की जरूरत होती है पर्याप्त मात्रा में पानी पियें। हीट स्ट्रोक से बचने के लिए सबसे अच्छा माध्यम तरल पदार्थ अर्थात पानी होता है गर्मी के दिनों में जितना अधिक से अधिक सादा पानी पिया जाए उतना ही स्ट्रोक की संभावना कम हो जाती है हिट स्ट्रोक से बचने के लिए नारियल पानी, शिकंजी, फलों का रस, खरबूज, तरबूज, खीरा केला, लौकी आदि के जूस का सेवन अधिक करने से इससे बचा जा सकता है। ढीले कपड़े पहने गर्मी के दिनों में जितना ही ढीले कपड़ा पहनते है उससे शरीर में आरामदायक स्थिति रहती है द्य खासकर सूती व सफेद कपड़े पहनने से गर्मी से बचा जा सकता है। विटामिन बी व विटामिन डी का सेवन हिट स्ट्रोक को कम करने में मदद करता है और शरीर में स्ट्रोक का प्रभाव कम करता है इससे बचने के लिए छायादार स्थानों पर रहना सर्वोत्तम होता है द्य ठंडे स्थानों पर रहने से हीट स्ट्रोक की समस्या का सामना नहीं करना पड़ता।

शारीरिक गतिविधियों से बचें ज्यादा गर्मी होने से शरीर में लगातार पसीना निकलता है और सोडियम की मात्रा शरीर में कम हो जाती है जिसके कारण भी स्ट्रोक हो जाता है हीट स्ट्रोक से बचने के लिए शरीर को ठंडा रखें और कपड़े भिगोकर शरीर को कई बार पोछें। मैग्नेशियम साल्ट का शाम को स्नान करें। हीट स्ट्रोक के लक्षणों में तेज बुखार, गर्म और रूखी त्वचा सिरदर्द, और चक्कर आना शामिल है। यदि किसी को हीट स्ट्रोक के लक्षण दिखाई दें तो तुरंत चिकित्सा सहायता प्राप्त करें और व्यक्ति को ठंडे स्थान पर ले जाकर उसके शरीर को आइस पैक से ठंड करने का प्रयास करें।

तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 45°C | 32°C |
| कानपुर | 45°C | 33°C |
| देहरादून | 42°C | 27°C |
| नई दिल्ली | 45°C | 33°C |

# मां का हाल जानने ऋषिकेश एम्स पहुंचे सीएम योगी, दो साल बाद हुई मुलाकात

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ऋषिकेश एम्स में भर्ती अपनी मां सावित्री देवी को देखने उत्तराखंड पहुंचे**



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को उत्तराखंड के ऋषिकेश पहुंचे। यहां उन्होंने एम्स ऋषिकेश में भर्ती अपनी मां से मुलाकात की और उनका हाल चाल जाना। उन्होंने एम्स डायरेक्टर से मिलकर अपनी मां सावित्री देवी के स्वास्थ्य की विस्तार से जानकारी ली। इसके बाद सीएम योगी ने रुद्रप्रयाग हादसे के घायलों से भी मिलने पहुंचे और उनका हाल चाल जाना। साथ ही उन्होंने चिकित्सकों को समुचित उपचार का निर्देश भी दिया। सीएम योगी के साथ प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व हरिद्वार से सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को गोरखपुर में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के बाद सीधे ऋषिकेश पहुंचे थे। वह दो साल बाद अपनी मां से मिल रहे थे। सीएम ने मां का हालचाल लेने के बाद एम्स के डायरेक्टर से भी मुलाकात की और मां के स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से जानकारी ली। सीएम योगी को देखकर उनकी मां सावित्री देवी बहुत प्रसन्न नजर आईं। वह यहां करीब 20 मिनट तक रुके। सीएम योगी की मां को जीरियाट्रिक वार्ड में भर्ती कराया गया है। एम्स प्रशासन के अनुसार सावित्री देवी वृद्धावस्था की दिक्कतों के चलते भर्ती हुई हैं। इससे पूर्व भी वह आंखों के संक्रमण के कारण यहां भर्ती रही थीं। शनिवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी योगी आदित्यनाथ की मां से मिलकर उनका हाल चाल जाना था। मालूम हो कि सीएम योगी मूल रूप से उत्तराखंड के ही रहने वाले हैं। योगी के परिजन पौड़ी गढ़वाल के पचूर गांव में रहते हैं। इससे पहले सीएम योगी 2022 में अपने पैतृक गांव गए थे। तब उन्होंने मां के पांव छूकर आशीर्वाद भी लिया था। मां से मिलने के बाद सीएम योगी ने उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में हुए सड़क हादसे में घायल उत्तर प्रदेश के लोगों का हाल चाल जाना और डॉक्टरों को समुचित इलाज के निर्देश दिए। घायलों और डॉक्टरों के साथ बातचीत में सीएम योगी ने प्रदेश सरकार की ओर से हर तरह के सहयोग का भरोसा दिलाया। सीएम योगी ने सभी घायलों को आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार उनके साथ है और उन्हें किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। शनिवार को हुए इस हादसे में कुल 14 लोगों की जान चली गई थी, जिसमें यूपी के लोग भी शामिल थे। हादसे के बाद ही सीएम योगी ने दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की थी। यही नहीं, सीएम योगी के निर्देश पर शनिवार को ही उत्तर प्रदेश के अधिकारियों की एक टीम रुद्रप्रयाग पहुंच गई थी। हादसे के तुरंत बाद ही योगी ने मुख्यमंत्री कार्यालय और राहत आयुक्त कार्यालय को तत्काल स्थानीय प्रशासन से संपर्क कर घायलों के समुचित उपचार और आवश्यक सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए थे।

# एक्स प्लेटफार्म पर युवाओं ने चलाई मुहिम

**रिक्त पदों को भरने की सीएम की घोषणा का ब्लूप्रिंट पेश करे सरकार: युवा मंच**

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

युवाओं ने एक्स प्लेटफार्म (ट्विटर) पर चलाई गई मुहिम में यूपी में 6 लाख रिक्त पदों पर तत्काल पारदर्शी भर्ती को लेकर आवाज बुलंद की। लोक सभा चुनाव उपरांत समीक्षा बैठक में सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा सभी रिक्त पदों को भरने का आदेश दिया गया है। इसी तरह की पूर्व में की घोषणाओं के अमल में न आने से युवाओं में संशय व अविश्वास की स्थिति बनी हुई है। अगर इस बार सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा की गई घोषणा के प्रति सरकार जरा भी ईमानदार है तो रिक्त पदों को भरने को लेकर ब्लूप्रिंट पेश किया जाए और चयन संस्थाएं सभी रिक्त पदों को भरने समयबद्ध भरने के लिए कलैंडर जारी करें। इसके अलावा प्रदेश में सृजित व रिक्त पदों और 7 वर्षों में अनुपयोगी बता खत्म किए गए पदों का ब्यौरा सार्वजनिक किया जाए। विभिन्न स्त्रोतों से उपलब्ध जानकारी के अनुसार बिजली, सिंचाई, जल निगम, नगर निगम, परिवहन निगम, आईटीआई व पालीटेक्निक समेत अन्य विभागों में तकनीकी संवर्ग के एक लाख से ज्यादा पद रिक्त हैं जोकि सृजित पदों का करीब 50 फीसद है। इन पदों को भरने के बजाय आऊटसोर्सिंग की जा रही है। पुलिस विभाग में भी एक लाख से ज्यादा पद रिक्त हैं।

यहां तक कि प्रशासनिक अधिकारियों के 20 हजार से ज्यादा पद रिक्त पड़े हुए हैं। विधानसभा में सरकार द्वारा जानकारी दी गई है कि परिषदीय विद्यालयों में 1.26 लाख और माध्यमिक विद्यालयों (शासकीय व अशासकीय) में शिक्षकों व अशैक्षणिक संवर्ग में 61 हजार पद रिक्त हैं।

समूह ग के करीब एक लाख पद रिक्त हैं। राज्य सभा में विगत वर्ष जानकारी दी गई कि यूपी के परिषदीय विद्यालयों में 1.39 लाख पदों को 2021 के बाद खत्म किया गया है। प्रदेश में चतुर्थ श्रेणी समेत अन्य तमाम विभागों में लाखों सृजित पदों को अनुपयोगी बता खत्म किया जा चुका है। इसके बाद भी प्रदेश में 6 लाख से ज्यादा पद रिक्त पड़े हुए हैं। परिषदीय विद्यालयों में 46 हजार नियमित बीपीएड शिक्षक व अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कंप्यूटर शिक्षकों के पदों का सृजन और संविदा/आऊटसोर्सिंग भर्ती पर रोक का मुद्दा भी उठाया गया। युवाओं ने बताया कि जल्द ही जनता दरबार में इन सवालों को मुख्यमंत्री के समझ उठाया जाएगा। इस मौके पर युवा मंच ने पीएम मोदी को एक्स हैंडल पर पोस्ट कर नीट पेपर लीक व धांधली प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में समयबद्ध सीबीआई जांच की मांग की गई। अभियान में संचालित करने वाले प्रमुख लोगों में युवा मंच संयोजक राजेश सचान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ई. राम बहादुर पटेल, संदीप निराला, अंकित, अभिषेक पटेल अयोध्यावासी, हरि मंगल यादव, वीर देव, संकल्प गर्ग, मनोज पटेल, प्रेमपाल बरेली, विक्रम प्रसाद मौर्य, ई. आर. प्रताप, आशीष कुमार, अभिषेक यादव, अमित मोदनवाल, श्वेतांक शुक्ला, मनोज पटेल, मोहित कुमार, दिनेश कुमार मौर्य, संजय पटेल, प्रवेश प्रजापति समेत बड़ी संख्या में युवा शामिल रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### स्टूडेंट्स ने किया सूर्य नमस्कार का अभ्यास, विश्वविद्यालय में योग माह का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के संरक्षण एवं निर्देशन में फैकल्टी ऑफयोग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के तत्वाधान में दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में रविवार को सुबह 5.30 गोमती नदी के तट पर सूर्यनमस्कार का अभ्यास किया गया। सूर्य को सूर्य देवता माना जाता है, जिन्हें ब्रह्मांड का निर्माता माना जाता है और वैदिक परंपरा में सूर्य चेतना और ईश्वर का प्रतीक है। इस प्रकार, सूर्य नमस्कार को सबसे महत्वपूर्ण योग अभ्यासों में से एक माना जाता है। फैकल्टी ऑफयोग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के कोर्डिनेटर डॉ.अमरजीत यादव ने बताया कि सूर्य नमस्कार योगासनों में सर्वश्रेष्ठ है। यह अकेला अभ्यास ही हमारे सम्पूर्ण शरीर का व्यायाम करा देता है। इसके दैनिक अभ्यास से हमारा शरीर निरोगी, स्वस्थ और चेहरा ओजपूर्ण हो जाता है। महिलायें, पुरुष, बच्चे, वृद्ध, सूर्य नमस्कार सभी के लिए बहुत लाभदायक होता है। इसके अभ्यास से पेट की चर्बी घटती है, शरीर को डीटॉक्स करता, मन की हर चिंता और तनाव को दूर करता है। शरीर में लचीलापन लाता है, मासिक धर्म को नियमित करता है, अंतर्दृष्टि विकसित होती है, हड्डियाँ मजबूत बनती है, मांसपेशियों में लचीलापन आता है रक्त का संचार संतुलित मात्रा में होता है,एकाग्रता बढ़ती है। इस अवसर पर डॉ रामकिशोर, शोभित सिंह, रोमा हेमवानी, मोनिका सिंह, पीयूष तिवारी, अभिषेक साहू, प्रतीक केसरवानी, आशा राजवंशी, शुभांगी, सपना कुशवाहा, शिखर शुक्ला, संजना कुशवाहा नम्रता मिश्रा ने सूर्य नमस्कार किया।

### 86 केंद्रों पर हो रही यूपीएससी परीक्षा, मंडलायुक्त और डीएम ने केंद्रों का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सर्विस परीक्षा रविवार को राजधानी में 86 केंद्रों पर आयोजित हुई है। प्रशासन की तरफसे सभी केन्द्रों पर 1-1 स्थानीय पर्यवेक्षको को नियुक्त किया गया हैं। परीक्षा दो पालियों में हो रही हे। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9.30 बजे से दोपहर 11.30 बजे तक हुई है। वहीं दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2.30 से 4.30 बजे तक होगी। जिलाधिकारी ने बताया है कि पेपर परीक्षा केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट ने पुलिस एस्कार्ट के साथ पहुंचाये हैं। आयोग की तरफसे केंद्रों पर परीक्षाओं को कराया जाये, साथ ही वहां व्यवस्था का जायजा लेने के लिए मंडलायुक्त और डीएम ने रविवार को परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया है। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब व जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार नव युग कन्या इंटर कॉलेज पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान सभी केंद्र व्यवस्थापको को नकल विहीन पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिये हैं। इसके अलावा डीएम ने राजकीय जुबली इंटर कॉलेज, बप्पा नारायण वोकेशनल गर्ल्स कालेज और एपी सेन मेमोरियल इंटर कालेज का भी जायजा लिया और वहां की व्यवस्था जांची।

### थूक लगाकर मसाज करने का वीडियो वायरल, सैलून कर्मचारी हिरासत में

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** शामली के बाद अब राजधानी लखनऊ का एक वीडियो सामने आया है जिसमें सैलून कर्मचारी थूक लगाकर युवक के चेहरे पर मसाज करता दिख रहा है। ये पूरा मामला सुशांत गोल्फसिटी थाने का बताया जा रहा है। कर्मचारी जैद को पुलिस ने हिरासत में लिया है। दरअसल उन्नाव के रहने वाले कैंटीन संचालक आशीष कुमार ने पुलिस में शिकायत की थी। जिसके बाद दूकान में लगा सीसीटीवी फुटेज चेक किया गया। जिसमें जैद थूक लगाकर मसाज करता दिखा था। बताते चलें कि शामली में थूक लगाकर मसाज करने के मामले में अमजद नाम के युवक को हिरासत में लिया गया था।

### दवाइयों से भरी पिकअप में लगी आग

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में बीती रात करीब 12 बजे आरटीओ ऑफिस के पास खड़ी गाड़ी में आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और दो फायर टेंडर से आग बुझाने का काम शुरू किया। करीब 30 मिनट बाद आग पर काबू पा लिया गया। अग्निशमन अधिकारी सरोजनी नगर के सुमित प्रताप सिंह बताया कि दवाइयों से भरी पिकअप लोडर गाड़ी में आग लगी थी, जिसे कंट्रोल कर लिया गया है। गाड़ी मालिक अजय नारायण द्विवेदी पुत्र शिवनाथ द्विवेदी ने बताया कि इस पिकअप से दवाइयों की सप्लाई की जाती है।

# अखिलेश यादव ने फिर जताया ईवीएम पर शक, कहा- हम बैलेट पेपर से चुनाव की मांग फिर से दोहराते हैं

**अखिलेश यादव ने एक बार फिर से ईवीएम पर अपना शक जताया है। एलन मस्क के एक दावे को आधार बनाते हुए अखिलेश यादव ने मतमत्रों से चुनाव कराने की बात कही है**



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक बार फिर से ईवीएम पर शक जताया है। उन्होंने यह बात एलन मस्क के एक बयान के बाद यह बात कही है। सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए अखिलेश ने लिखा कि टेक्नॉलजी समस्याओं को दूर करने के लिए होती है, अगर वही मुश्किलों की वजह बन जाए, तो उसका इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए। आज जब विश्व के कई चुनावों में EVM को लेकर गड़बड़ी की आशंका ज़ाहिर की जा रही है और दुनिया के जाने-माने टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स EVM में हेराफ़ेरी के ख़तरे की ओर खुलेआम लिख रहे हैं, तो फिर EVM के इस्तेमाल की ज़िद के पीछे की वजह क्या है, ये बात भाजपाई साफ़ करें। दिग्गज कंपनी टेस्ला और सोशल मीडिया साइट **X** (पहले ट्विटर) के सीईओ एलन मस्क ने **X** पर एक पोस्ट में लिखा कि हमें इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को चुनावी प्रक्रिया से हटा देना चाहिए। क्योंकि इसे इंसानों और एआई के जरिए हैक किए जाने संभावना कम होने के बावजूद कुछ हद तक है। एलन मस्क की बात पर राहुल गांधी ने भी प्रतिक्रिया दी है। राहुल गांधी ने कहा कि भारत में ईवीएम एक **ब्लैक बॉक्स** की तरह है, जिसकी जांच करने की अनुमति किसी को भी नहीं है। कांग्रेस नेता ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि जब हमारे देश की चुनावी प्रक्रिया के पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। राहुल गांधी ने आगे कहा कि जब संस्थाओं में जवाबदेही की कमी होती है, तो लोकतंत्र एक दिखावा बन जाता है और धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है। कांग्रेस नेता ने कुछ मीडिया रिपोर्टस को टैग किया, जिसमें ये दावा किया गया है कि मुंबई के उत्तर-पश्चिम लोकसभा सीट से मात्र 48 वोटों से चुनाव जीतने वाले शिवसेना उम्मीदवार के एक रिश्तेदार के पास एक फोन था, जिससे ईवीएम अनलॉक हो जाता है।

राहुल गांधी ने टेस्ला और सोशल मीडिया साइट **X** (पहले ट्विटर) के सीईओ एलन मस्क के उस पोस्ट को भी टैग किया, जिसमें एलन मस्क ने लिखा है कि हमें इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को खत्म कर देना चाहिए, क्योंकि इसे इंसान या एआई के जरिए है।

# योग जागरूकता रैली निकाली गई, 21 जून को मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में रविवार सुबह योग के प्रति जागरूकता के लिए रैली निकाली गई। यह आयोजन उत्तर प्रदेश आदर्श योग समिति द्वारा कराया गया। रैली को उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष व आदर्श योग समिति के संरक्षक संजय गुप्ता, चिरंजीव भारती स्कूल के निदेशक कर्नल राजा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली की शुरुआत जोनल पार्क आशियाना से हुई और चिरंजीवी भारती स्कूल सेक्टर-एम में समापन किया गया। समिति के प्रदेश अध्यक्ष संदीप सिंह गौर ने बताया 21 जून को चिरंजीव भारती स्कूल सेक्टर आशियाना में योग दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। आशियाना क्षेत्र के सभी पार्कों में सुबह योगाभ्यास करने वाले लोग सामूहिक रूप से योग करेंगे। योग जागरूकता वाहन रैली में बड़ी संख्या में दोपहिया, चारपहिया वाहन पर महिलाएं और पुरुष सवार होकर निकले। इसके अलावा रैली में योग जागरूकता का रथ भी साथ में चलता रहा। मौजूद लोगों ने करो योग रहो निरोग के नारे भी लगाए। आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि योग के माध्यम से ही स्वस्थ रहा जा सकता है। स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए नागरिकों का स्वस्थ रहना जरूरी है।

# ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए बिजली आपूर्ति की दरों में वृद्धि असहनीय मार: प्रमोद तिवारी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने प्रदेश में पावर कारपोरेशन के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए बिजली आपूर्ति की दरों मे दो रूपये प्रति यूनिट की वृद्धि के मसौदे को जनता पर मंहगाई की एक और असहनीय सरकारी वार करार दिया है। उन्होने कहा कि इस समय भीषण गर्मी तथा लू के चलते प्रदेश की जनता बिजली आपूर्ति में खामियों के कारण त्राहि त्राहि कर रही है। उन्होने तंज कसा कि सरकारी भाषणों मे सरकार बिजली गिरा तो रही है पर बिजली बनाने का उसे जरा सा भी फिक्र नही है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि प्रदेश भर में अभूतपूर्व बिजली कटौती के साथ गरीब उपभोक्ताओं के भीषण गर्मी में बेरहमी से बिजली के कनेक्शन काट दिये जा रहे हैं। वहीं उन्होने ट्रांसफार्मर क्षमता के साथ सरकार के स्टाक में उपलब्ध नही होने के कारण ओवरलोडिंग के चलते इनके जल उठने को भी सरकारी कुप्रबन्धन की विफलता कहा है। रविवार को रामपुर खास के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि अभूतपूर्व बिजली कटौती के साथ नहरों में पानी नही है। उन्होने कहा कि सिंचाई के लिए बिजली भी उपलब्ध नही है। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि नहरों मे पानी न आने तथा कमजोर विद्युत आपूर्ति के कारण किसान धान की नर्सरी तैयार नही कर पा रहा है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि सरकारी क्षेत्र में सिंचाई के कुप्रबंधन का सीधा दुष्परिणाम किसान को फसल उत्पादन में अपनी गाढ़ी कमाई खो देने की चिन्ता साल रही है। उन्होने बिजली दरों को ग्रामीण उपभोक्ताओं को मंहगे दर पर किये जाने के पावर कारपोरेशन के फैसले को प्रदेश की भाजपा सरकार के इशारे पर जनता पर बोझ करार दिया है। उन्होनें तंज कसा कि यूपी में लोकसभा चुनाव के नतीजे भाजपा के खिलाफ गये हैं इससे लगता है कि सरकार मंहगाई को थोपकर अपने प्रतिशोध की खींझ में आ गयी है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने सरकार को सुझाव दिया कि वह जनहित में नेशनल पावर ग्रिड और पूर्वोत्तर राज्यों में जहां अतिरिक्त बिजली उपलब्ध है वहां से प्रदेश की जरूरत के हिसाब से फौरन बिजली खरीदे। उन्होनें कहा कि मांग के अनुरूप सरकार बिजली की उपलब्धता बढ़ाये ताकि किसानों के साथ आम मध्यम वर्ग को बिजली संकट से शहरी एवं ग्रामीण दोनों सेक्टरो मे निजात मिल सके। उन्होने सरकार पर हमलावर होते हुए कहा कि प्रदेश में बिजली के संकट के लिए राज्य सरकार की अव्यवहारिक एवं अदूरदर्शी नीति पूरी तरह से जिम्मेदार है। एक सवाल के जबाब में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि जम्मू कश्मीर में फिर आतंकवाद सिर उठा रहा है। वहीं उन्होने कहा कि छत्तीसगढ़ में भी नक्सली घटनाएं सरकार को चुनौती दिये हुए हैं।

# पितृ दिवस के उपलक्ष्य में संस्था ने बच्चों, बेसहारों, निराश्रितों, अकिंचनों जरूरतमंदों को वितरित किया कढ़ी चावल, शर्बत, बूंदी और पानी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी, एक ऐसी संस्था है जो पिछले कई वर्षों से बेसहारा, निराश्रित, और गरीब बच्चों को प्रत्येक रविवार को निःशुल्क पौष्टिक भोजन प्रदान करने के लिए समर्पित होकर समाज में एक मिसाल कायम की है। संस्था के संस्थापक विपिन शर्मा की अगुवाई में, यह संस्था न केवल भूखे पेटों को भोजन उपलब्ध कराती है बल्कि उन्हें जीवन में आशा और राहत भी प्रदान करती है। एडवोकेट अंजू गुप्ता ने कहा इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी का उद्देश्य सिर्फ भोजन बांटना नहीं है, बल्कि जरूरतमंदों की अन्य आवश्यकताओं को भी पूरा करना है। संस्था की पूरी टीम ने निःस्वार्थ भाव से इस सेवा को एक मिशन के रूप में प्रत्येक रविवार, को संस्था जरूरतमंदों को पौष्टिक भोजन के साथ-साथ वस्त्र, किताबें और अन्य आवश्यक चीजें भी वितरित करती हैं। संस्था के सदस्य देवांश रस्तोगी ने समाज के सभी वर्गों से इस नेक कार्य में अधिक से अधिक योगदान देने की अपील की है। उनका मानना है कि अन्न दान सबसे बड़ा उपहार है और यह पुण्य कमाने का एक श्रेष्ठ तरीका है। आपके द्वारा प्रदान किया गया भोजन उनके चेहरे पर मुस्कान लाता है। इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी की राष्ट्रीय महिलाध्यक्ष ने कहा आपके योगदान का महत्व इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी के इस अभियान में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान कर सकता है। इस महान कार्य में सहयोग करने के कई तरीके हैं। आप आर्थिक सहायता, भोजन सामग्री, कपड़े, या अन्य आवश्यक वस्त्र दान कर सकते हैं। इसके अलावा, आप अपने समय और सेवाओं के माध्यम से भी योगदान कर सकते हैं, जैसे भोजन वितरण में मदद करना या अन्य प्रकार की सेवा कार्यों में भाग लेना। इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी के महासचिव शंकुल मिश्रा ने कहा यह प्रयास समाज के प्रति उनकी निःस्वार्थ सेवा और समर्पण का प्रतीक है। संस्था और टीम की यह पहल न केवल लखनऊ में बल्कि पूरे देश में एक प्रेरणा का स्रोत बन सकती है। उनके इस अनुकरणीय कार्य में अधिक से अधिक लोगों को योगदान देना चाहिए ताकि इस नेक अभियान को और भी व्यापक बनाया जा सके और अधिक से अधिक जरूरतमंदों को मदद पहुंचाई जा सके। लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों के लोग इस पहल में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं अत्यंत महत्वपूर्ण यह है कि अधिक से अधिक लोग इस अभियान में हिस्सा लें और इसे सफल बनाएं। आज के इस कार्यक्रम में शामिल पंकज राय, देवांश रस्तोगी, शंकुल मिश्रा, आयुष जयसवाल, नवीन कुमार, असीम रॉय, गगन शर्मा, रंजीत, विशु गौड़, गोलू सिंह, एड. अंजू गुप्ता, मिठू रॉय, राखी बाजपेई, अनीषा रॉय, रेखा श्रीवास्तव, रीना गौतम, रजनी शुक्ला सहित सभी समाजसेवियों का इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी आभार व्यक्त करती है।

# विधानसभा उपचुनाव को लेकर सपा-कांग्रेस में मंथन, 10 में से 3 सीट की डिमांड कर सकती है कांग्रेस

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लोकसभा चुनाव के बाद यूपी में होने वाले विधानसभा उपचुनाव में सपा-कांग्रेस गठबधन 10 सीटों पर उपचुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा है। दरअसल, जिन सीटों पर चुनाव होने हैं, उनमें से ज्यादातर सीटों पर भाजपा और सपा के उम्मीदवार ही जीते हैं, हालांकि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने यूपी 40 सीटों पर जीत दर्ज की है। इस से सपा कांग्रेस के हौसले बुलद हैं ऐसे में माना जा रहा है कि विधानसभा उपचुनाव में दोनो पार्टी एक बार फिर गठबंधन के साथ चुनाव लड़ कसती है। सूत्रों की मानें तो 10 में से 3 विधानसभा सीटे गठबंधन के तहत मांग कांग्रेस पार्टी मांग कर सकती है।आप को बता दें कि जिन विधान सभा सीटों पर उपचुनाव होने जा रहा है। उसमें से चार विधानसभा सीटें सपा विधायकों के सांसद बनने से हुई है खाली है करहल, कटेहरी, मिल्कीपुर और कुंदरकी की सीट है जबकि कानपुर की सीसामऊ सीट सपा विधायक इरफान सोलंकी की सदस्य रद्द होने की वजह से रिक्त हुई है। शेष सीटें एनडीए विधायकों के सांसद बनने से मीरापुर, गाजियाबाद, खैर, फूलपुर, मझवा की सीट खाली हुई है। माना जा रहा है कि कांग्रेस को लोकसभा में छह सीटों पर सफलता मिली है। इस कारण पार्टी को संजीवनी मिल गई है। ऐसे में वह उपचुनाव में कुछ सीटों की डिमांड कर सकती है। हालांकि, इसमें ज्यादातर सीटें सपा के पाले की हैं, ऐसे में यह लोग सपा से कितना मोल भाव कर सकते हैं। यह समय बताएगा। सियासी जानकार बताते हैं कि ताजा चुनाव परिणाम से उत्साहित कांग्रेस व सपा दोनों की नजर अभी से अगले विधानसभा चुनाव पर है. इससे पूर्व 10 सीटों पर उपचुनाव दोनों दलों के लिए आपसी रिश्तों व प्रदर्शन के लिहाज से महत्वपूर्ण होगा।

# मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष पर गुंडा एक्ट,लखनऊ पुलिस ने की कार्रवाई

जनएक्सप्रेस/लखनऊ

लखनऊ पुलिस ने मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेट के प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। यह कार्रवाई लोकसभा चुनाव के खत्म होते ही की गई। जॉइंट कमिश्नर कार्यालय से कार्रवाई का नोटिस जारी किया गया। अनीस राजा के ऊपर शहर के अलग-अलग थानों में 7 से ज्यादा मुकदमें दर्ज हैं। जानकारी के मुताबिक आरती नगर, गढ़ी कनौरा, आलमबाग के रहने वाले अनीस राजा उर्फ अनीस अहमद (42) पुत्र हाजी रसीद के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है। अनीस के खिलाफ लखनऊ के अलग-अलग थानों में कई मामले दर्ज है। नोटिस में बताया गया कि अनीस लखनऊ के दबंग, मनबढ़ और आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं। इसके खिलाफ सरकारी कर्मचारी व सरकारी कामों में बाधा डालने के कई मामले दर्ज हैं। इसके आपराधिक कामों के कारण लोगों के बीच में काफी डर है। थाने में कोई रिपोर्ट लिखाने व गवाही देने का साहस नहीं कर पाता है।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# भारत सहित विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक बढ़ा रहे हैं अपने स्वर्ण भंडार

**विश्व में आज विभिन्न देश अपने विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाने के उद्देश्य से अपने पास स्वर्ण के भंडार भी बढ़ाते जा रहे हैं। आज पूरे विश्व में अमेरिका के पास सबसे अधिक 8133 मेट्रिक टन स्वर्ण के भंडार है, इस संदर्भ में जर्मनी, 3352 मेट्रिक टन स्वर्ण भंडार के साथ दूसरे स्थान पर एवं इटली 2451 मेट्रिक टन स्वर्ण भंडार के साथ तीसरे स्थान पर है। फ्रांस (2437 मेट्रिक टन), रूस (2329 मेट्रिक टन), चीन (2245 मेट्रिक टन), स्विजरलैंड (1040 मेट्रिक टन) एवं जापान (846 मेट्रिक टन) के बाद भारत, 812 मेट्रिक टन स्वर्ण भंडार के साथ विश्व में 9वें स्थान पर है।**

*हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विदेशी बैंकों में रखे भारत के 100 टन सोने को ब्रिटेन से वापिस भारत में ले आया गया है। यह सोना भारत ने ब्रिटेन के बैंक में रिजर्व के तौर पर रखा था और इस पर भारत प्रतिवर्ष कुछ फीस भी ब्रिटेन के बैंक को अदा करता रहा है। समस्त देशों के केंद्रीय बैंक अपने यहां सोने के भंडार रखते हैं ताकि इस भंडार के विरुद्ध उस देश में मुद्रा जारी की जा सके (भारत में 308 टन सोने के विरुद्ध रुपए के रूप में मुद्रा जारी की गई है, यह सोने के भंडार भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा हैं) और यदि उस देश की अर्थव्यवस्था में कभी परेशानी खड़ी हो एवं उस देश की मुद्रा का तेजी से अवमूल्यन होने लगे तो इस प्रकार की परेशानियों से बचने के लिए उस देश को अपने स्वर्ण भंडार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेचना पड़ सकता है। इस कारण से विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक अपने पास स्वर्ण के भंडार रखते हैं। पूरे विश्व में उपलब्ध स्वर्ण भंडार का 17 प्रतिशत हिस्सा विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों के पास जमा है। भारतीय रिजर्व बैंक के पास भी 822 टन के स्वर्ण भंडार हैं। सुरक्षा की दृष्टि से इसका 50 प्रतिशत से अधिक भाग, अर्थात लगभग 413.8 टन, भारत के बाहर अन्य केंद्रीय बैंकों विशेष रूप से बैंक आफ इंग्लैंड एवं बैंक आफ इंटर्नैशनल सेटल्मेंट के पास रखा गया है। उक्त वर्णित 308 टन के अतिरिक्त 100.3 टन स्वर्ण भंडार भी भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा है। वर्ष 1947 में भारत के राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व ही भारत ने अपने स्वर्ण के भंडार बैंक आफ इंग्लैड में रखे हुए हैं। इसके बाद 1990 के दशक में भी भारत ने अपनी आर्थिक परेशानियों के बीच अपने स्वर्ण भंडार को बैक आफ इंग्लैंड में गिरवी रखकर अमेरिकी डॉलर उधार लिए थे। विभिन्न देशों द्वारा लंदन में स्वर्ण भंडार इसलिए रखे जाते हैं क्योंकि लंदन पूरे विश्व का सबसे बड़ा स्वर्ण बाजार है और यहां स्वर्ण को सुरक्षित रखा जा सकता है। यहां के बैकों द्वारा विभिन्न देशों को स्वर्ण भंडार के विरुद्ध अमेरिकी डॉलर एवं ब्रिटिश पाउंड में आसानी से ऋण प्रदान किया जाता है बल्कि यहां पर स्वर्ण भंडार को आसानी से बेचा भी जा सकता है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण के कई खरीदार यहां आसानी से उपलब्ध रहते हैं। कुल मिलाकर इंग्लैंड स्वर्ण का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत बड़ा बाजार हैं। लंदन के बाद न्यूयॉर्क को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण का एक बड़ा बाजार माना जाता है। भारत को इस स्वर्ण भंडार को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिवर्ष फी के रूप में कुछ राशि बैंक आफ इंग्लैंड को अदा करनी होती थी अतः अब भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 100 टन स्वर्ण भंडार को भारत लाने के बाद इस फी की राशि को अदा करने से भी भारत बच जाएगा। दूसरे अपने यहां स्वर्ण भंडार रखने से भारत के पास सदैव तरलता बनी रहेगी। जब चाहे भारत इस स्वर्ण भंडार का इस्तेमाल स्थानीय अथवा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने हित के लिए कर सकता है। वर्ष 2009 में भारत ने 200 टन का स्वर्ण भंडार अंतरराष्ट्रीय बाजार में 670 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि अदा कर खरीदा था। 15 वर्ष वर्ष बाद पुनः भारत ने अपने स्वर्ण भंडार में वृद्धि करने का निश्चय किया है। स्वर्ण भंडार सहित आज भारत के विदेशी मुद्रा भंडार 65,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गए हैं और यह भारत के लगभग एक वर्ष के आयात के बराबर की राशि है। अतः अब भारत को अपने स्वर्ण भंडार बेचने की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी इसलिए भी भारत ने ब्रिटेन में स्टोर किए गए अपने स्वर्ण भंडार को भारत में वापिस लाने का निर्णय किया है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**भाजपा के भ्रष्टाचार पर अटैक के सवाल पर मतदाताओं ने बताया कि कोई काम बगैर पैसे के नहीं होता है और बातें भ्रष्टाचार समाप्त करने की की जाती है। अधिकारी पूरी तरह से निरंकुश हैं, कहीं किसी की कोई जवाबदेही शायद तय नहीं है। पड़ताल के दौरान हजारों ऐसे मतदाता मिले जो भाजपा को इसलिए वोट नहीं दे रहे थे क्योंकि अगर भाजपा 80 में से 75 सीटे पा जाती तो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हटा देती। मतलब साफ है कि आपसी मनमुटाव तथा ईगो के टकराव ने भी भाजपा का पुरजोर नुकसान किया। पुराने तथा अलोकप्रिय प्रत्याशियों को रिपीट करना तथा प्रत्याशी चयन में राज्य के मुख्यमंत्री को इग्नोर करना भी भाजपा की हार का कारण बना।**

# जीत संभव नहीं योगी को कमजोर करके



डॉ0 ओ0पी0 मिश्र

**अब अगर भाजपा को 2017 में उत्तर प्रदेश फतेह करना है तो राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को फ्री हैंड करना होगा। अनावश्यक हस्तक्षेप बंद करना होगा, उन मंत्रियों को हासिये पर डालना होगा जिनकी प्राथमिकता राज्य का सर्वांगीण विकास नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश की सरकार के खिलाफ केंद्रीय नेतृत्व के कान भरना तथा यह प्रयास करना है कि योगी जी को हटाया जाए।**

भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार से उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव की हारी सीटों पर कारणो की तलाश करेगी। यानी इन सीटों पर उसे हार का मुंह क्यों देखना पड़ा? इसके लिए स्पेशल 40 टीम हर लोकसभा क्षेत्र में जाकर ब्लॉक स्तर से लेकर विधायकों व पुर्व विधायकों के साथ ही संगठन के पदाधिकारी से भी यह जानने का प्रयास करेगी कि चुनाव हारने के कारण क्या थे? क्योंकि जैसा कि आप सब जानते हैं भाजपा ने उत्तर प्रदेश की 80 में से 80 सीटे जीत लेने की घोषणा की थी। उसे यह उम्मीद थी की पांच सीटें सपा और कांग्रेस के खाते में जा सकती हैं । लेकिन चुनाव परिणाम ने तो अंकगणित और बीच गणित दोनों बदल दिए। भाजपा हाई कमान या स्पेशल 40 टीम अपनी पड़ताल या जांच किस तरह करेगी और अंत में वह किसके सिर माथे हार की जिम्मेदारी डालेगी। यह तो वह जाने लेकिन यूपी ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जिसने चुनाव पूर्व तथा चुनाव बाद जो सर्वे रिपोर्ट जारी की थी वह 70% सही सिद्ध हुई थी । अब वहीं यूपी ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ग्राउंड जीरो से पड़ताल करने के बाद यह बताने जा रही है कि भाजपा की हार के प्रमुख कारण क्या है? हमने अपने आधा दर्जन वीडियो में यह बताया कि भाजपा और इंडिया गठबंधन करीब-करीब बराबर बराबर छूटेगा। हमने अपने एक लेख और एक वीडियो में बताया था कि बनारस से प्रधानमंत्री मोदी तथा लखनऊ से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह चुनाव जीत तो जाएंगे लेकिन अंतर बहुत कम हो जाएगा। हमने लखनऊ के मोहनलालगंज, जमेठी चंदौली, बाराबंकी, मुजफ्फरनगर, अयोध्या (फैजाबाद), प्रयागराज, जौनपुर, आजमगढ़, सुल्तानपुर, गाजीपुर आदि सीटों का दौरा करने के बाद बताया था कि लखनऊ तो किसी तरह भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह की लाज बचा लेगी लेकिन बाकी सीटों के हारने की प्रबल संभावनाएं । हमारी उस बात को लोगों ने और खास तौर से नेशनल मीडिया ने गंभीरता से नहीं लिया और जब नतीजे आए तो सारे पासे पलट चुके थे। अब हम बात करेंगे हार के उन प्रमुख कारणो की जिसने भाजपा को सीधे सीधे आधे से कम पर लाकर पटक दिया। और अब संगठन के लोग हार का कारण तलाश में निकल रहे हैं। मैं हार के कारणो पर प्रकाश डालू उससे पहले हम अपने उस सवाल का जिक्र करना चाहता हूं जो हमने भाजपा



**पुलिस प्रशासन के भ्रष्टाचार तथा नेताओं ने डबल फेस और डबल रोल ने मतदाताओं को भाजपा के खिलाफ खड़ा कर दिया। जिसे भाजपा नेतृत्व समझ नहीं पाया। बातचीत के दौरान मतदाताओं ने कई मंत्रियों और उपमुख्यमंत्री का नाम लेकर बताया कि यह लोग काम नहीं बल्कि काम करने का नाटक करते हैं।**

प्रत्याशियों से पूछा था। यानी भाजपा के वे प्रत्याशी जो 2019 में सांसद रहे और 2024 में फिर चुनाव मैदान में थे। लखनऊ के वीवीआईपी गेस्ट हाउस में मोहनलालगंज के सांसद तथा मोदी सरकार के राज्य मंत्री कौशल किशोर जी तथा दिल्ली से भाजपा सांसद मनोज तिवारी जी की एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस थी उक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में दोनों नेताओं ने मोदी सरकार की उपलब्धियों की जमकर चर्चा की लेकिन उस सवाल का जवाब कौशल किशोर जी नहीं दे सके जो मैंने उनसे पूछा? मेरा सवाल था- as a MP of mohanlalganj lok sabha आपकी उपलब्धियां क्या है? उनके पास इसका कोई जवाब नहीं था। यह सवाल हमने अधिकांश सासंद से पूछा फैजाबाद के लल्लू सिंह से भी पूछा लेकिन सब ने मोदी सरकार की उपलब्धियां बताई मतलब साफ है कि सांसद के रूप में धरातल पर किसी ने कुछ किया ही नहीं। मैं इसी तरह का सवाल जब लखनऊ वालों से पूछा तो उनका कहना था कि लखनऊ में जो दिखाई देने वाला काम हुआ है वह मायावती जी या अखिलेश जी के कार्यकाल में हुआ है। इन लोगों ने ओवरब्रिज का जरूर जिक्र किया जो राजनाथ सिंह के कार्यकाल में बने थे। बीजेपी की हार का दूसरा कारण यह रहा की भक्तों को छोड़कर आम आदमी को हिंदू- मुस्लिम , मंगलसूत्र और मुजरा बिल्कुल नहीं भाया। क्योंकि इससे आपसी वैमनस्य बढ रहा था । नतीजा यह निकला कि मोदी विरोधी वोट एक छतरी के नीचे एकजुट होने लगा। 10 से 12 प्रतिशत सवर्ण मतदाता जो भाजपा की नीतियों को पसंद नहीं करता था उसने कांग्रेस का रुख किया जिसका फायदा सपा तथा कांग्रेस को हुआ। महंगाई, बेरोजगारी, पेपर लीक, बुलडोजर तथा आरक्षण ने सारे पासे एक साथ पलट दिए। संविधान और आरक्षण ने भाजपा की धर्म की राजनीति को परास्त कर दिया और उस पर जाति हावी हो गई और इतनी हावी हो गई की मुफ्त के खाद्यान्न को भी उसने किनारे कर दिया । मुस्लिम, दलित तथा अति पिछड़ा यह कहते घूमने लगा कि भाजपा को वोट देने का मतलब है अपने अस्तित्व को ही समाप्त कर देना। भाजपा ने इसके काट के लिए धर्म की शरण में जाना बेहतर समझा लेकिन मामला मंडल और कमंडल के बीच जाकर फस चुका था। इतना ही नहीं सांसदों के घमंड तथा कार्यकर्ताओं की उपेक्षा के चलते संघ तथा भाजपा के कार्यकर्ताओं ने अपने को सीमित कर लिया क्योंकि उनको लगा की पार्टी में आयातित लोगों की कीमत ज्यादा है। कार्यकर्ताओं की नहीं। इसके साथ ही भाजपा का सबसे अधिक विरोध राज्य कर्मचारियों के साथ ही मध्य तथा निम्न मध्यम वर्ग ने किया। क्योंकि सबसे ज्यादा प्रताड़ित यही वर्ग होता है। पूरे प्रदेश की 80 में से मात्र 10 सीटों पर भीतरघाट हुआ बाकी पर मतदाताओं ने सीधे-सीधे भाजपा के विरोध में वोट दिया। इस चुनाव की सबसे खास बात या रही की 75 प्रतिशत युवा वर्ग ने भाजपा के विरोध में वोट दिया। इस वर्ग का कहना था कि पूरा सिस्टम सड़ गया है पर मोदी तथा योगी सिर्फ जवानी जमा खर्च कर रहे हैं और आम आदमी को भरमा रहे हैं। पुलिस प्रशासन के भ्रष्टाचार तथा नेताओं ने डबल फेस और डबल रोल ने मतदाताओं को भाजपा के खिलाफ खड़ा कर दिया। जिसे भाजपा नेतृत्व समझ नहीं पाया। बातचीत के दौरान मतदाताओं ने कई मंत्रियों और उपमुख्यमंत्री का नाम लेकर बताया कि यह लोग काम नहीं बल्कि काम करने का नाटक करते हैं।

## एक्सप्रेस कविता

*गर्दिश में संग न छोड़ देना,*
*या खुदा मेरी राहें मोड़ देना।*
*ढेरों तुम फेखो,मुझे आता है,*
*पत्थरों को भी निचोड़ देना।*
*ऐ चिरागों कभी सूरज बन कर,*
*आंधियों को भी झिंझोड़ देना,*
*जुल्म की इन्तहां है,ये भी तो,*
*कलियो के खिलते ही,उन्हें तोड़ देंना।*
*आह भी नहीं,कत्ल संगीन भी हुआ,*
*हादसे को तुम, हसीन सा मोड़ देना।*
*जब कहानी मेरी,सुनाना उन्हें,*
*कत्ल का मेरे,जिक्र छोड़ देना।*
*एतबार के टुकड़े गिरे,इधर उधर,*
*संजीव तुम,इन्हें एहसासों से जोड़ देना,*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*अपने हर कदम का आनंद लें। अगर आप जिज्ञासु हैं, तो आपके दैनिक जीवन की पृष्ठभूमि में हमेशा कुछ नया खोजने को मिलता है*



## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | एकादशी (अहोरात्र) |
| नक्षत्रः | चित्रा 13:50 |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | सोमवार |
| योगः | परिघ 21:34 |
| सूर्योदयः | 05:25 |
| सूर्यास्तः | 19:19 |
| चंद्रमाः | तुला राशि में |
| राहुकालः | 07:09-08:53 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | ज्येष्ठ |
| शुभ मुहूर्तः | 11:58-12:46 |

## जन एक्सप्रेस

**खूब हो रही बैठक !**

*चिंतन मंथन चल रहा ।*
*हो कैसे सुधार ?*
*रूठ गई है जनता ।*
*ना करती उपकार ।।*
*कायाकल्प हो पुनः ।*
*है ऐसा प्रयास ।।*
*जनता को नहीं आया पर ।*
*कार्यशैली रास ।।*
*खूब हो रही बैठक ।*
*नहीं निकलता हल ।।*
*ले रहे संकल्प ।*
*उत्तम करना कल ।।*
*कहां हो रही गलती ।*
*नहीं समझ ये आया ।।*
*है लेकिन ये सत्य ।*
*हो रहा सफाया ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# सेहत के लिए फायदेमंद है सतरंगा मिक्स सीड्स



**शारीरिक** और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर रखने के लिए हमारे शरीर को जरूरी पोषक तत्वों की जरूरत होती है। इसलिए, शरीर को न्यूट्रिएंट्स देने के लिए हम अपनी डाइट में अलग-अलग तरह के खाद्य पदार्थ शामिल करते हैं। ऐसे में आप अपनी डाइट में सीड्स मिक्स शामिल कर सकते हैं। सीड्स मिक्स कई तरह के बीजों को मिलाकर तैयार किया जाता है, जो आपके शरीर को कई जरूरी पोषक तत्व देने में मदद करता है।

**सौंफ के बीजः** पाचन स्वास्थ्य को बेहतर रखने में सौंफ काफी फायदेमंद होता है। इसका सेवन ब्लोटिंग और अपच की समस्या को कम करने में मदद करता है। इसके अलावा, इनमें एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो सूजन को कम करने और हार्मोन को संतुलित करने में मदद कर सकते हैं।

**तिल के बीजः** तिल कैल्शियम, मैग्नीशियम और जिंक जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होता है, जो आपकी हड्डियों को मजबूत बनाने का काम करता है। तिल में मौजूद विटामिन ई स्किन और बालों को स्वस्थ रखने में मदद करता है।

**अलसी के बीजः** अलसी के बीज ओमेगा-3 फैटी एसिड का अच्छा स्रोत हैं, जो दिल को हेल्दी रखने और सूजन को कम करने कके लिए जरूरी है। अलसी के बीज में लिग्नान होते हैं, जो हार्मोन को संतुलित करने में मदद करते हैं।

**तरबूज के बीजः** ये बीज प्रोटीन, मैग्नीशियम, आयरन और स्वस्थ वसा से भरपूर होते हैं। इनमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट गुण स्किन को स्वस्थ रखने और दिल से जुड़ी बीमारियों से बचाव करने में मदद करते हैं।

**कद्दू के बीजः** कद्दू के बीज मैग्नीशियम, जिंक, आयरन और प्रोटीन जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, जो ओवरओल हेल्थ के लिए फायदेमंद होता है।

**सूखा खजूरः** खजूर में नेचुरल शुगर होती है, जो आपके शरीर को तुरंत एनर्जी देने का काम करते हैं। इसमें मौजूद फाइबर के गुण पाचन स्वास्थ्य को भी बेहतर रखते हैं।

**ड्राई नारियलः** सूखा नारियल दिमाग के स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं। इनका सेवन पाचन में मदद करता है, आंत के स्वास्थ्य का समर्थन करता है, और इसमें रोगाणुरोधी गुणों वाला लॉरिक एसिड होता है, जो हार्मोन्स को बैलेंस करता है।

## एक्सप्रेस विशेष



डॉ. राजेश कुमार शर्मा

**जिंदगी में किसी भी मोड पर सिर्फ एक अच्छा दोस्त मिल जाए तो वह हजार के बराबर है। वह सभी हीरों में कोहिनूर है। चलते-चलते अहमद फराज के शब्दों में- जिंदगी से यही गिला है मुझे / तू बहुत देर से मिला है मुझे/ हमसफर चाहिए हुजूम नहीं/ इक मुसाफिर भी काफिला है।**

# मित्रविहीनता की ओर अग्रसर समाज

**मेरा मानना इससे बिल्कुल उलट है। मुझे लगता है कि दोस्ती तब होती है जब कोई आदमी सुख-दुख का साथी बनता है। जब हम एक-दूसरे के काम आते हैं तो धीरे-धीरे निकटता बढ़ती है। कई बार मैं लोगों से कहता हूं कि आप मेरा काम करिए, उससे आपका विश्वास मुझमें बढ़ जाएगा। क्योंकि तब आपको लगेगा कि जब आपने मेरा भला किया है तो मैं आपका बुरा क्यों करूंगा।**

**बात** कटु है मगर सत्य है कि आज के दौर में समाज मित्रविहिन होता जा रहा है, संवेदनाएँ समाप्त होती जा रही है, चार सदस्यों से परिपूर्ण नगरीय परिवार एक साथ कभी मिलते ही नही, सब अपनी दुनिया में खोये है जिसे हम आभासी दुनिया कहते है। एक बार मेरी और मेरे साथी की बात चल रही थी। बात इस मुद्दे पर अटक गई कि कौन सच्चा दोस्त और मददगार होता है, कौन नहीं। मैंने उससे पूछा कि तुम्हारा कौन दोस्त है? उसने तपाक से जवाब दिया- बहुत से मैंने उससे चार दोस्तों के नाम बताने को कहा। दस मिनट सोचने के बाद उसने बमुश्किल एक नाम लिया। मुझे लगा कि वह नाम भी उसने इस शर्मिंदगी से बचने के लिए ले लिया कि कहीं मैं यह न कह बैठूं कि तेरा तो एक भी सच्चा दोस्त नहीं है। चर्चा आगे बढ़ी तो साथी ने सवाल दागा कि फिर सच्चा दोस्त कौन है? मैंने उसे बताया कि जब हम मुसीबत में हों तो सबसे पहले जिस आदमी का नाम हमें याद आए, वही हमारा असल दोस्त है। मजे की बात यह कि कई बार यह वो व्यक्ति होता है, जिसे हम अपना दुश्मन समझ रहे होते हैं। पर इस सच्चे दोस्त के साथ हम न ज्यादा हंसते-बोलते हैं, न साथ घूमते हैं। उसके साथ हम कम से कम समय बिताते हैं। यह बात सुनकर मेरा साथी मेरा मुंह ताकने लुगा, मानो मैंने उसके मन की बात जान ली हो। लगता है, दुनिया अकेली हो गई है। लोग भीड़ में अकेले घूम रहे हैं और सबको सच्चे दोस्त की तलाश हैं। निदा फाजली ने ठीक लिखा है- हर तरफ, हर जगह बेशुमार आदमी / फिर भी तनहाइयों का शिकार आदमी। मैं संसद तक में देखता हूं कि संसद भवन में सांसद बैग पकड़े, सिर झुकाए आते हैं और चुपचाप निकल जाते हैं। वहां उनको कोई ऐसा नहीं लगता जिसके साथ हंस-बोल लें, कुछ क्षण बैठ कर गप्पें लगा लें। आजकल की दोस्ती में हमें किसी पर विश्वास ही नहीं रहा। दोस्ती तो तब है, जब अतरंग से अंतरंग बातें भी एक-दूसरे से बेहिचक साझा की जा सकें। पर आजकल हर दूसरे आदमी से हमें डर लगता है कि कहीं वह हमारे नाम का गलत फायदा न उठा ले, हमारी चुगली न कर दे या हमें नुकसान न पहुंचा दे। क्या विडंबना है कि जिसे हम दोस्त कह रहे हैं, उसी से डर रहे हैं। जिसके साथ हम समय बिता रहे हैं, उससे भी खुल नहीं पा रहे। कुछ लोग कहते हैं, आजकल दुश्मन ज्यादा भरोसेमंद हैं क्योंकि हमें पता है कि वे कहां तक नुकसान पहुंचा सकते हैं। बहुत-से लोगों की पीड़ा यह है कि उनके पा कोई ऐसा दोस्त नहीं है जिससे वे खुलकर मन की बातें कर सकें। बातें करने के लिए कोई रह गया है तो ले-देकर पत्नी है, लेकिन वहां भी कुछ न कुछ खटपट लगी रहती है। भाई-बहन भी नहीं क्योंकि अब हम उनके साथ भी बड़े घर और बड़ी कार की होड़ लगा रहे हैं। जानते हैं, हमारे दोस्त क्यों नहीं बन रहे ? असल में हम अपने बच्चों को शुरू से वन-अपमैनशिप सिखाते हैं कि तुम दूसरों से एक कदम आगे रहना। जब बच्चा अपने दोस्तों के साथ किसी रेस्तरां में जाता है तो उसके लौटते ही सबसे पहले हम पूछते हैं कि पैसे किसने खर्च किए? हम उसे दोस्तों पर खर्च करना नहीं, दूसरों के पैसे खर्चवाना सिखाते हैं। फिर क्यों कोई आपके बच्चे को पसंद करेगा? जब आपका बच्चा आपके सामने लगातार अपने दोस्त की तारीफ करता है तो यह तारीफ भी आपको चुभती है। जब आपका बच्चा अपने किसी दोस्त के किसी काम के लिए मरा जाता है तो भी आप मुंह बनाते हैं और उल्टा सवाल करते हैं कि वह तुम्हारे लिए क्या करता है? क्या हम बच्चों को दोस्ती में भी फायदा ढूंढने के संस्कार नहीं दे रहे? प्ु दोस्ती निःस्वार्थ त्याग मांगती है, समय मांगती है। दोस्ती तब होती है, जब दूसरे को लगता है कि आप उसकी चिंता करते हैं। हमने कई बार देखा है कि दोस्त का जरूरी काम पड़ने पर हम कोई तकनीकी बहाना बनाकर बचते हैं और सोचते हैं कि इस बहाने को वह सच मानेगा और हमारी दोस्ती में कोई फर्क नहीं आएगा। लेकिन फिर जब हमें काम पड़ता है तो उधर से भी तकनीकी बहाना आ जाता है। कहते हैं कि हमारी भावना ही हम तक लौटकर आती है। कई बार हम दोस्ती और चाटुकारिता में फर्क नहीं कर पाते। असल दोस्त वह है जो आपके मुंह पर सही को सही और गलत को गलत बोलने की ताकत रखता हो। लेकिन हम सामने वाले को दोस्त भी कह रहे हैं और उससे ईर्ष्या भी कर रहे हैं कि कहीं वह हमसे आगे न निकल जाए! कितने दोस्त ऐसे हैं जो दोस्त को खुद से आगे निकलता देख खुश होते हैं? दोस्ती में हमारे संस्कारों की अहम भूमिका होती है। जिन लोगों ने अपने सगे रिश्तेदारों तक से सारे हिसाब-किताब कर लिए, वे दोस्तों को क्या छोड़ेंगे? मुझे आज तक ऐसा कोई उदाहरण नहीं मिला जिसमें किसी ने अपनी प्रॉपर्टी अपने उस दोस्त के नाम की हो जिसने जिंदगी भर उसके बच्चों और भाइयों से बढ़कर भी उसका साथ दिया हो।

# बाल विकास परियोजना में तैनात सुपरवाइजर की जुगलबंदी से सरकारी महत्वकांक्षी योजनाओं का कर रहे है बंटाधार

- सुपरवाइजर द्वारा संगिनी को दिए गए यह काम की हर महीने आंगनवाड़ी से पांच सौ रुपये वितरण करने पर और न करने पर पांच हजार रुपये तय
- बाल विकास परियोजना में मिलने वाला सामान एक बड़े अस्पताल में ब्लेक किया जाता है

**जन एक्सप्रेस । सुनहरा**

**लखीमपुर खीरी।** बाल विकास का प्रमुख लक्ष्य है, कि बालक का विकास इस तरह हो कि उसमें सामान्य व्यवहार ही दिखाई दें। बालक का मानसिक तथा शारीरिक विकास सामान्य हो। बाल विकास का यह अध्ययन अभिभावकों को इस बात के लिए प्रेरित करता है कि उनके बालकों का व्यवहार एवं विकास सामान्य होगा तभी वे समाज के लिए उपयोगी हो सकते हैं लेकिन सच्चाई के पटल पर सरकार की सभी सरकारी योजनाओं को भ्रष्टाचार की ऐसी दिमग लग गई है कोई भी




सरकार की महात्वाकांक्षी योजना में उसके विभागीय अधिकारी आय का स्रोत बना लेते जिसका परिणाम उस योजना में बिना भ्रष्टाचार के आय का स्रोत बन नहीं सकता जिसके लिए निकालें जातें हैं सेटिंग के रास्ते और फिर विभागीय अधिकारियों की सहभागिता से भ्रष्टाचार परवान चढ़ने लगती है। जिसकी बानगी

**बिजुआ में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही बाल विकास परियोजना**

एक तरफ राज्य से लेकर केंद्र सरकार गर्भवती महिलाओं और बच्चों में हो रहे कुपोषण को दूर करने के लिये तमाम तरह की योजनाओं को संचालित कर रही है वहीं बिजुआ में बाल विकास परियोजना में तैनात सुपरवाइजर मिथिलेश कुमारी अपने स्टाफ के साथ मिलकर सरकार की इन महत्वकांक्षी योजनाओं को पलीता लगा रही हैं और हर महीने लाखों का वारा-न्यारा कर भ्रष्टाचार कर रही हैं अगर बात की जाए तो मिथिलेश कुमारी अपनी संगिनी के माध्यम से हर महीने आंगनवाड़ी से पांच सौ रुपये वितरण करने पर और न करने पर पांच हजार रुपये की रिश्वत लेकर लाखों का वारा न्यारा कर रही है और लाभार्थियों तक पोषाहार नहीं जा रहा है ग्रामीणों का कहना है कि किसी किसी महीने केवल सतुआ दे दिया जाता है बाकी दाल और रिफाइंड सब इलाके के एक बड़े अस्पताल में ब्लैक किया जाता है।इस बात को सभी अधिकारियों को पता है लेकिन लाखों की काली कमाई के चलते जिम्मेदार भी मौज कर रहे हैं कार्रवाई कर अपनी आय का स्रोत कौन करता है मगर सच्चाई यह है की अगर निष्पक्ष जांच हो तो बहुत बड़ा मामला सामने आएगा लेकिन आएगा क्यों क्योंकि विभाग जांच करने की जहमत कौन उठाएगा।

## युवक की रोडवेज बस में बिगड़ी तबीयत: मौत, जहरखुरानी की आशंका

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**



खमरिया थाना क्षेत्र के कस्बा खमरिया पंडित निवासी 22 वर्षीय युवक अनमोल की रोडवेज बस में संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची खमरिया पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

उसके साथ जहरखुरानी होने की आशंका जताई गई है। जानकारी के अनुसार कस्बा खमरिया पंडित निवासी हरिशंकर गुप्ता का 22 वर्षीय पुत्र अनमोल गुप्ता लखनऊ से घर के लिए वापस आ रहा था। लखीमपुर से रोडवेज बस में सवार होकर खमरिया पहुंचने से पहले अनमोल की हालत बिगड़ गई। बस के खमरिया पहुंचते ही सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंच गए। अनमोल को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची खमरिया पुलिस ने जांच की। प्रभारी निरीक्षक थाना खमरिया मनबोध तिवारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। आशंका है कि जहरीले पदार्थ के सेवन से उसकी जान गई है।

## ट्रांसफार्मर के अभाव में अपनी बदकिस्मती पर आंसू बहा रहा नलकूप

**जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी**



पसगवां क्षेत्र के गांव शाहपुर में 150 एम डब्ल्यू नलकूप पर ट्रांसफार्मर न होने के कारण लंबे समय से बंद पडा हुआ है जिससे किसानों की फसलों में सिंचाई समय से नही हो पा रही है।जबकि इस संबंध में किसानों ने शिकायत जिम्मेदार अधिकारियों से की है फिर भी जिम्मेदारों की लापरवाही की भेंट चढ़ चुका है।नलकूप से पूरे गांव साहूपुर भौनापुर ककराही समेत गलरई तक के किसान साहूपुर के समीप खेतों की सिंचाई किया करते थे। लेकिन नलकूप 150 एम डब्ल्यू पर लंबे समय से ट्रांसफार्मर ना रखे होने के कारण बंद पड़ा हुआ है।

जब इस संबंध में किसानों ने जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत की थी। लेकिन बिजली विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर नलकूप पर न रखने के कारण ठप पड़ा हुआ है। अब यह नलकूप अपनी बदकिस्मती पर आंसू बहा रहा है।अगर इस नलकूप पर बिजली विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर रखवा दिया जाए तो सैकड़ों किसानों के साथ-साथ पशु पक्षियों को पानी के लिए तालाबों में पानी की कमी नहीं होगी जिससे बेसहारा पशु पक्षियों को इधर उधर नही भटकना पड़ेगा। किसानो का कहना है इस नलकूप पर ट्रांसफार्मर न होने के कारण बंद पड़ा हुआ है लेकिन बिजली मीटर आज भी अपनी गवाही दे रहा है।जबकि नलकूप आपरेटर बराबर बिजली विभाग को ट्रांसफार्मर रखने के लिए लिखित रूप से प्रार्थना पत्र देते चले आ रहे है लेकिन बिजली विभाग आज पांच वर्षो से ट्रांसफार्मर रखने की बात करते चले आ रहे है लेकिन आज भी उसी अवस्था में बंद पड़ा नलकूप, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है की सिंचाई विभाग भी नलकूपों पर ध्यान नहीं दे रहा है जबकि भ्रष्ट अधिकारी नलकूप चालको से फर्जी सिंचाई लिखवा कर अपना पल्ला झाड़ने में लगे हुए हैं जिससे किसानों को पानी मिले या ना मिले उससे कोई फर्क नहीं पड़ता है जबकि क्षेत्र के सैकड़ो किसानों के खेतों तक नाली टूटी होने के कारण पानी नहीं पहुंच पा रहा है और सिंचाई तो प्राइवेट मोटर से की जा रही है लेकिन सरकारी अभिलेखों में सिंचाई विभाग द्वारा नलकूपों से सिंचाई दिखाई जा रही है।एक तरफ सरकार किसानों के लिए बिजली कटौती और ट्रांसफार्मर रखने की बात करती है दूसरी और बिजली विभाग द्वारा कोई सरकार के आदेश का पालन ग्रामीण क्षेत्र में नही करते नजर आ रहा है अगर बिजली विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों पर सरकार द्वारा कार्यवाही नहीं की गई तो ग्रामीण क्षेत्र के नलकूप ट्रांसफार्मर के अभाव से बंद पड़े रहेंगे।

जिससे किसानों की फसल सूख जाती है।अगर 150 एम डब्ल्यू नलकूप पर बिजली विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर नहीं रखा गया तो जल्द ही किसान लखनऊ जाकर मुख्यमंत्री से मिलने को मजबूर होंगे। सिंचाई विभाग अमीन से जानकारी लेने पर बताया गया नलकूप चालक द्वारा सैकड़ो बार ट्रांसफार्मर रखने के लिए विद्युत विभाग को लिखित रूप से प्रार्थना पत्र दिया जा रहा है साथ ही सिंचाई विभाग एक्स ई एन सीतापुर के द्वारा एक्सिएन विद्युत विभाग को लिखित रूप से टी एफ रखवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया है लेकिन बिजली विभाग द्वारा कोई सुनवाई नहीं की जा रही है।

हालांकि एक ट्वीट के जबाब में मध्यांचल विद्युत वितरण खण्ड लखनऊ द्वारा दिए गए जबाब में कहा है कि शीघ्र ही समस्या का समाधान किया जाएगा।

## गौरी मौत मामले के हत्यारोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**




फूलबेहड़ कस्बा निवासी गुड्डू रस्तोगी का छोटे भाई राजेश से घरेलू विवाद चल रहा है। 12 जून की शाम गुड्डू रस्तोगी और राजेश के बीच मारपीट हुई थी। गुड्डू ग्राम प्रधान के पास शिकायत करने पहुंचा था। बताते हैं कि गुड्डू की बेटी गौरी (18) घर पर अकेली थी। आरोप है कि भाई राजेश अपने बेटे, पत्नी और सहयोगियों के साथ घर में घुस आया और भतीजी गौरी को जमकर मारा-पीटा। उसे अधमरी हालत में बेल्ट से छत के कुंडे के सहारे लटका दिया। कुछ देर के बाद गुड्डू अपनी पत्नी के साथ घर पहुंचा तो गौरी को घायल अवस्था में कुंडे से लटका देखकर होश उड़ गए। परिजनों ने हल्ला मचाया। हल्ला सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए। किसी तरह बेटी को कुंडे से उतारकर जिला अस्पताल ओयल में भर्ती कराया। दो दिनों तक चले इलाज के बाद बृहस्पतिवार की रात गौरी की मौत हो गई।घटना के बाद 13 जून को गौरी की मां ने पांच आरोपियों के खिलाफ मारपीट सहित कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था।आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई न होते देख परिजन भड़क उठे और शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे ग्रामीणों के साथ मिलकर फूलबेहड़ कोतवाली के सामने बांस बल्ली लगाकर जाम कर दिया था पुलिस ने लड़की का पोस्टमार्टम डाक्टरों के पैनल से कराया है। वीडियोग्राफी भी कराई गई है। डाक्टरों ने स्लाइड बनाकर जांच के लिए भेजी है। एसओ फूलबेहड़ आलोक धीमान ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मुकदमा हत्या की धारा में तरमीम किया है। इधर लड़की का शव पोस्टमार्टम कर के घर आया परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया शनिवार थाने में शव रखकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की पुलिस ने फ़ूलबेहड कस्बे को छावनी में तब्दील कर दिया और आरोपियों की गिरफ्तारी का समय मांगते हुए शव का अंतिम संस्कार कर दिया आज रविवार को प्रभारी निरीक्षक थाना फूलबेहड़ को मुखबिर से सूचना मिली कि मुकदमा उपरोक्त मे आरोपी 05 अभियुक्त इस समय दाउदपुर मे मौजूद है तथा नेपाल भागने की फिराक में हैं। सूचना पर मौके पर पहुंचकर 05 नफर वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगण कमाल पुत्र मोबीन नि0 ग्राम नरी थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी अंकित पुत्र राजेश नि0 ग्राम व थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी राजेश पुत्र मूलचन्द्र नि0 ग्राम व थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी कीर्ती पुत्री राजेश नि0ग्राम व थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी कुशुमा पत्नी राजेश नि0 ग्राम व थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी।

## श्रमजीवी पत्रकार यूनियन का तहसील स्तर पर हुआ गठन



**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

**महमूदाबाद।** यूपी श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की महमूदाबाद इकाई का शपथ ग्रहण समारोह आज जिला संरक्षक, हरिराम अरोड़ा, जिला उपाध्यक्ष राम चंद्र वर्मा, रमेश वाजपेयी की मौजूदगी में संपन्न हुआ। बैठक में महमूदाबाद तहसील इकाई के संरक्षक राजकुमार जैन, चक्र सुदर्शन पांडेय, अध्यक्ष श्रीश रस्तोगी, उपाध्यक्ष इरफान मंसूरी, दीपक गुप्त, महामंत्री धीरेंद्र मिश्र, मंत्री अनंत रत्नम वाजपेयी, कोषाध्यक्ष सईद अहमद, संगठन अब्दुल्ला खान, कानूनी सलाहकार संतोष पांडेय, आय व्यय निरीक्षक जितेंद्र वर्मा, सदस्य उत्तम गुप्त, दिलीप त्रिपाठी, विकास शुक्ल, आलोक वाजपेयी, सुनीता गौतम, अंजू सिंह सहित 40 लोगों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

इस मौके पर अमित वाजपेयी, आंजनेय आशीष वाजपेयी, अंजू सिंह, वागीश दिनकर, आरिफ खान, सुनीता गौतम, आयुष जैन, उत्तम गुप्त, मनोज पासवान सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

## कजाकिस्तान में अन्तर्राष्ट्रीय पुरूस्कार से सम्मानित हुई डॉ0 रत्ना सिंह, न्यायमूर्ति सीतापुर ने भी दी शुभकामनाएं





**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

अन्तराष्ट्रीय संस्था सृजन सम्मान द्वारा आयोजित 23 वाँ अन्तराष्ट्रीय हिन्दी सम्मेलन मध्य एशिया के देश कजाकिस्तान के सबसे बड़े शहर अल्माटी में 8 से 14 जून को सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन में भारत के विभिन्न राज्यों से कुल 29 सदस्य सम्मिलित हुए। इस सम्मेलन में डॉ0 रत्ना सिंह (सहायक आचार्य मेजर एस0डी0 सिंह विश्व विद्यालय, फर्रूखाबाद (उ0प्र0) को उनके साहित्यिक योगदान के लिए डॉ0 बल्देव स्मृति सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें 23 वें सम्मेलन की समन्वयक जयप्रकाश मानस, साहित्यकार प्रो0 अध्यक्ष डॉ0 सविता मोहन, सृजन सम्मान के मंगलारानी, प्रसिद्ध हिन्दी व उर्दू के गजलकार मुमताज, गीतकार कृष्णकुमार प्रजापति, कश्मीर की साहित्यकार डॉ0 बीना बुदकी, डॉ0 गोविन्द सिंह रावत एवं डॉ0 नारायण प्रकाश महेश्वरी के हाथों प्रदान किया गया। डॉ0 रत्ना सिंह को इससे पूर्व कई राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय पुरूस्कारों से सम्मानित किया गया है। इस सम्मेलन में उनकी पुस्तक लखीमपुर खीरी की थारू जनजाति एक नवीन विमर्श का विमोचन भी हुआ। इसके पूर्व भूटान में कालजयी कम्पिल एवं श्रीलंका में गाजीपुर जनपद का ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक विमर्श पुस्तकों का विमोचन हो चुका है। इस सम्मेलन के प्रथम सत्र का संचालन डॉ0 रत्ना सिंह के द्वारा किया गया, जो सभी विद्ववतजनों एवं सुधीवृन्दों के द्वारा सराहनीय रहा। इसी सम्मेलन में उन्होंने संसदीय प्रजातंत्र में विपक्ष की भूमिका विषय पर अपना व्याख्यान देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस सम्मेलन में उनके पुत्र रूद्रप्रताप सिंह ने भी सहभागिता दी। आपकी इस सफलता के लिए न्यायमूर्ति शिवशंकर प्रसाद (उ0प्र0) न्यायमूर्ति सुभाषचन्द्र (झारखण्ड), जनपद न्यायाधीश संजय कुमार तृतीय (गाजीपुर), जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार तृतीय (सीतापुर), कुलाधिपति श्री अनार सिंह (फर्रूखाबाद विश्वविद्यालय), यशभारती डॉ0 रामकृष्ण राजपुत (निदेशक अहिच्छत्र संग्रहालय) प्रो0 ईश्वर शरण विश्वकर्मा (पूर्व अध्यक्ष उच्च शिक्षा), (सहायक निदेशक भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद), डॉ0 बृजेश रावत (सहायक आचार्य डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुर्नवास विश्वविद्यालय लखनऊ) एवं जीवनसाथी लघुवाद न्यायाधीश श्री राजेन्द्र कुमार सिंह ने ढेर सारी शुभकामनाएं दी हैं।

## पुलिस आरक्षी ने गर्रा नदी में छलांग लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

**सांडी/हरपालपुर।** जनपद पीलीभीत में तैनात सिपाही ने थाना क्षेत्र की गर्रा नदी में पुल से छलांग लगा लगाकर आत्महत्या कर ली।घटना से पूर्व सिपाही ने अपने पिताको फोन पर आत्महत्या की जानकारी दी।मामले की जानकारी होने के बाद स्थानीय पुलिस ने गर्रा नदी में जाल डालकर शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार अरवल थाना क्षेत्र के खद्दीपुर गांव निवासी रामू पुत्र देवेंद्र सिंह वर्ष 2018 में यूपी पुलिस के लिए आरक्षी पद पर भर्ती हुआ था।वर्तमान समय मे वह जनपद पीलीभीत की पूरनपुर कोतवाली में तैनात था ।तथा अनैतिक कार्यों के चलते पुलिस अधीक्षक ने उसे निलंबित कर दिया था।शनिवार को वह अपने पैतृक गांव के लिए आया हुआ था। इसी बीच सांडी थाना क्षेत्र के गर्रा नदी पुल पर खड़े होकर फोन पर अपने पिता को आत्महत्या की जानकारी देते हुए उसने पुल से नदी में छलांग लगा दी।मामले की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस ने नदी में खोजबीन शुरू की। रविवार की सुबह उसका शव नदी से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### बंद मकान में चोरों ने ताला तोड़कर 15 हजार नगदी समेत लाखों की चोरी

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी।** नगर में आए दिन हो रही चोरी और छीनौती की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही। जनता का पुलिस से विश्वास उठता जा रहा है पुलिस से और रात्रि ग्स्त पर उठ रहे सवालिया निशान बीती रात नगर के मोहल्ला लम्बा नगर में चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बना कर 15 हजार की नगदी समेत लगभग ढाई लाख के जेवरात पार कर ले गए। तहरीर पुलिस को दी गई है। लम्बानगर निवासी पवन कुमार का कहना है कि वह अपनी ससुराल रुद्रपुर गए थे। जब वापस लौट तो घर के दरवाजे का ताला टूटा था।जिससे वह परेशान हो गए। अन्दर जाकर देखा तो अलमारी का लाकर टूटा था।पवन कुमार के अनुसार चोर उनके घर से 15 हजार रुपए नगद, सोने की चार चूड़ी, झुमकी, पांच जोड़े टाप्स, अंगूठी, चांदी के 20 सिक्के, चांदी की कटोरी समेत सभी जेवरात और समान गायब मिला।तहरीर पुलिस को दी है।

### उधारी मांगने पर हमला कर किया घायल

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी।** एक युवक को उधारी का पैसा मांगना महंगा पड़ गया। बकायेदार ने युवक को घायल कर दिया। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मोहल्ला मुंन्नूगंज निवासी नूर मोहम्मद पुत्र सज्जाद अली ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि शनिवार की शाम साढे पांच बजे वह नमाज पढ़कर मस्जिद के बाहर खड़ा था। इसी दौरान सलमान पुत्र हाजी फिदा हुसैन ने उस पर ईंट से हमला कर दिया। जिससे उसके चोंटे आई हैं। फिदा हुसैन ने 6 साल पूर्व एक लाख 65 हजार रुपए लिए थे कई बार तकादा करने के बाद भी पैसे वापस नहीं किया और टाल मटोल करते रहे। शनिवार की सुबह तकादा किया था और शाम को उसने देख लेने की धमकी दी थी। इसके बाद उसने घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### गंगा दशहरा के अवसर पर शर्बत एवं प्रसाद का वितरण किया गया

**जन एक्सप्रेस । पलिया कलां खीरी।** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल पलिया के महिला क्लब द्वारा गंगा दशहरा के अवसर पर शर्बत एवं प्रसाद का वितरण किया गया। जिसमें आने जाने वाले राहगीरों को शरबत पिलाया गया व प्रसाद का वितरण किया। जिसका उदघाटन यूनिट हेड ओ पी चौहान व उनकी धर्मपत्नी सवी चौहान ने किया। भीरा रोड से निकलने वाले राहगीरों को हलवा, चना, शरबत आदि खिलाने पिलाने की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर बजाज हिन्दुस्थान के सभी विभागाध्यक्ष मौजूद रहे तथा महिला क्लब की अध्यक्ष सवी चौहान, मीनाक्षी तोमर, पारूल सिंह, सीमा तोमर, अंजना मिश्रा, रेखा जोशी, मनीषा वालियान सहित क्लब के सदस्यों ने प्रसाद वितरण में सहयोग किया।



### मारपीट के आरोप में तीन सगे भाइयों पर मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । हरदोई।** पाली। एक व्यक्ति ने मारपीट का आरोप लगाकर तीन सगे भाइयों पर मुकदमा दर्ज कराया है। कस्बा के मोहल्ला भगवंतपुर निवासी विमलेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि शुक्रवार की रात करीब साढ़े आठ बजे वह रामलीला चौराहे से अपने घर जा रहा था। तभी रास्ते में बाबरपुर निवासी रामतीर्थ उर्फ कल्लू ने अपने भाई मौरध्वज और ध्रुव के साथ मिलकर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारा पीटा। जिसमें उसे चोट आई है। शोरगुल सुनकर लोगों को आता देख तीनों भाई जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। प्रभारी निरीक्षक एके राय ने बताया है कि तीनों पर मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### जिला गंगा समिति ने दिया घाटों को स्वच्छ रखने का सन्देश

**जन एक्सप्रेस । हरदोई।** जिला गंगा समिति, हरदोई के तत्वावधान में गंगा दशहरा के अवसर पर तेरापुरसौली गंगा घाट पर जिला गंगा समिति के कार्यकर्ताओं कैलाश चंद्र, सुबी, राधा आदि के नेतृत्व में इस उत्सव को मनाया गया। गंगा दशहरा पर्व पर कार्यकर्ताओं द्वारा घाट स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश के साथ साथ हवन पूजन आदि सामग्री गंगा जी में विसर्जित नहीं किए जाने का अनुरोध किया गया। नमामि गंगे के कार्यकर्ताओं ने जनपद के सुदूर इलाकों से आए स्नार्थियो को शरबत और शीतल जल का वितरण भी किया गया। जिला परियोजना अधिकारी ने गंगा से जुड़े कार्यकर्ताओं को इस पुण्य कार्य में अपनी भागीदारी देने के लिए उनकी प्रशंसा की और बताया की अंतराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को तेरापुरसोली गंगा घाट पर गंगा ग्रामों के जनमानस के साथ योग कर मनाया जाएगा।

## भाजपा के प्रदेश महामन्त्री ने मां संकटा देवी मंदिर में किये दर्शन



**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

भाजपा के प्रदेश महामंत्री ने संगठन के पदाधिकारियों संग मां संकटा देवी धाम पहुंचकर गर्भग्रह में मां के दर्शन कर पूजन-अर्चन किया। इस दौरान धाम के पुजारी द्वारा मां की चूनर भेंटकर सम्मान किया गया। भाजपा के प्रदेश महामंत्री आरपी सिंह, प्रदेश मंत्री मीना सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल के साथ रविवार की सुबह 11 बजे महमूदाबाद श्रमजीवी पत्रकार यूनियन का स्थित मां संकटा देवी धाम परिसर पहुंचे। धाम समिति की ओर से पुजारी पं. रामहर्ष मिश्र द्वारा अतिथियों का मां की चूनर भेंटकर स्वागत किया। पुजारी द्वारा मां संकटा देवी के गर्भग्रह सहित रामेश्वरम् मंदिर, द्वारिकाधीश मंदिर, जगन्नाथ मंदिर, पंचमुखी हनुमान जी मंदिर, संतोषी मां मंदिर, श्री बांकेबिहारी जी मंदिर, पीताम्बरा मयी मंदिर सहित श्री खाटूश्याम मंदिर में विधिवत पूजन-अर्चन कर दर्शन कराए गए। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल ने प्रदेश महामंत्री आरपी सिंह, प्रदेश मंत्री मीना सिंह का पटका पहनाकर स्वागत किया गया।

## डीएम ने भीषण गर्मी व लू से बचाव के दिए टिप्स, एडवाइजरी जारी

- मौसम विभाग द्वारा जनपद में हीटवेव को लेकर ऑरेंज एलर्ट जारी, जनसामान्य से सतर्क रहने एवं बचाव की अपील

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

डीएम मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि मौमस विज्ञान विभाग, मौसम केंद्र, लखनऊ द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार अभी अगले कुछ दिनों तक भीषण गर्मी का प्रकोप जारी रहेगा तथा वर्तमान में पारा 45 डिग्री सेल्सियस पार कर चुका है। मौसम विभाग द्वारा गर्मी/हीटवेव और गर्म राते को लेकर जनपद में ऑरेंज एलर्ट जारी किया गया है। ऐसे में यह आवश्यक हो गया है कि जनसामान्य हीटवेब (लू) से बचाव को लेकर सतर्क रहें तथा बचाव के उपायों को जानें एवं अपना तथा समुदाय का बचाव कर सकें।

जिलाधिकारी ने लू से बचाव के तरीके बताते हुए कहा कि गर्मी हवाओं से बचने के लिए खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एलुमिनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढककर रखें, ताकि बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके। उन खिड़कियों व दरवाजों पर जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएं आतीं हैं, काले परदे लगाकर रखना चाहिए। स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सजग रहें। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। बच्चों तथा पालतू जानवरों को कभी भी बन्द वाहन में अकेला न छोड़ें। जहां तक सम्भव हो घर में ही रहें तथा सूर्य के ताप से बचें। सूर्य के ताप से बचने के लिए जहां तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहें। संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें।

मादक पेय पदार्थों का सेवन न करें। घर से बाहर अपने शरीर व सिर को कपड़े या टोपी से ढककर रखें। उन्होंने बचाव के बारे में बताया कि धूप में खड़े वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को न छोड़ें। खाना बनाते समय घर के खिड़की दरवाजे आदि खुले रखें जिससे हवा का आना जाना बना रहे। नशीले पदार्थों, शराब अथवा अल्कोहल से बचें। उच्च प्रोटीनयुक्त खाद्य पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन करें तथा बासी भोजन कतई न इस्तेमाल करें इसके साथ ही संतुलित व हल्का आहार लें। दोपहर के समय यदि बहुत आवश्यक हो तभी घर से धूप में बाहर निकलें अन्यथा धूप में जाने से बचें और यदि जाना ही पड़े तो सिर को जरूर ढकें। घर में पेय पदार्थ जैसे लस्सी, छांछ, मट्ठा, बेल का शर्बत, नमक चीनी का घोल, नीबू पानी या आम का पना इत्यादि का प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि लू व गर्म हवा से बचाव के लिए विभिन्न उपायों को अपनाना चाहिए।

### रूपापुर-पाली मार्ग पर राहगीरों को शर्बत वितरण कर हिन्दू मुस्लिम एकता की पेश की मिशाल

**जन एक्सप्रेस । हरदोई।** पाली। रविवार को कस्बा के एक मुस्लिम युवक ने हिन्दू-मुस्लिम एकता की मिशाल पेश करते हुए पाली-रूपापुर मार्ग पर बरगद तिराहे के आगे पैट्रोल पंप के पास जेष्ठ माह के अवसर पर राहगीरों को शरबत वितरण किया। गर्मी से परेशान भारी संख्या में लोगों ने पहुचंकर शर्बतपान कर अपनी प्यास बुझाकर राहत की सांस ली। इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। आसमान से मानो अंगारे निकल रहे है। ऐसे में बाजार में खरीदारी करने आने वाले लोगों का गर्मी से बुरा हाल हो जाता है। लोग प्यास के कारण इधर उधर भटकने को मजबूर होते है। ऐसे में आमजनमानस को राहत देने के उद्देश्य से रविवार को कस्बा के मोहल्ला मलिकाना निवासी अब्दुल वाहिद ने बरगद तिराहे के आगे पेट्रोल पंप के पास शरबत वितरण किया। जो देर शाम तक चला। राहगीरों ने भारी संख्या में पहुंचकर शरबत पीकर अपनी प्यास बुझाई। वहीं मुस्लिम युवक की इस पहल की नगर व क्षेत्र के लोगों ने जमकर सराहना की। वाहिद ने बताया कि वह हर वर्ष जेष्ठ माह पर शरबत वितरण करते हैं। इस दौरान महताब खां, कायम खां, मनोज आदि मौजूद रहे।

# स्वच्छता अभियान की उड़ाई जा रही धज्जियां, जिम्मेदार बेपरवाह
# लाखों रूपए हुए खर्च पर नहीं सुधरी गांव की सफाई व्यवस्था

जन एक्सप्रेस | आनन्दनगर महराजगंज

भारत सरकार की बहुआयामी योजना स्वच्छ भारत अभियान के तहत शहर से लेकर गांवों तक की साफ-सफाई व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने हेतु प्रति वर्ष अरबों रुपए खर्च किए जा रहे परंतु जिम्मेदारों के ग़ैर ज़िम्मेदाराना रवैए से शहर से लेकर गांवों तक की साफ-सफाई की व्यवस्था कागजी खानापूर्ति बनकर रह गई है जहां जिम्मेदार कागजों में स्वच्छता अभियान में गांव से लेकर नगर तक को स्वच्छता अब्बल दर्जा दिया जा रहा है और सरकार से वाहवाही लूटने का काम किया जा रहा है, जबकि धरातल पर व्यवस्था शून्य हैं और जिम्मेदार मालामाल है। जिसका जीता जागता उदाहरण महराजगंज जिले के



फरेंदा विकास खण्ड क्षेत्रांतर्गत ग्राम सभा कम्यरिया खुर्द का टोला सेमराढ़ाडी है।

### जांच कराकर दोषियों पर की जाएगी कार्रवाई: सीडीओ

इस संबंध में पूछे जाने पर मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार राय ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी, और गांव में डस्टबिन अतिशीघ्र लगवाया जाएगा।

### लगा डस्टबिन है गायब, रास्ते में लगा कूड़े का अंबार

बताते चलें कि फरेंदा ब्लॉक के ग्राम सभा कम्यरिया खुर्द के टोला सेमराढाड़ी में दम स्वच्छता अभियान पूरी तरह दम तोड़ता दिखाई दे रह हैं। जहां गांव में जगह- जगह कूड़े का ढेर लगा है ग्रामीणों ने बताया कि उक्त ग्राम सभा में डेढ़ साल पहले कूड़ा करकट को एकत्रित करने के लिए डस्टबिन लगाया गया था, ग्राम सभा की डस्टबिन को भ्रष्ट अधिकारी हजम कर गए है जो ग्राम सभा में स्वच्छ भारत अभियान में लूट की पोल खोलता दिखाई दे रहा है। जबकि जिम्मेदारों द्वारा गांव को स्वच्छ रखने के लिए सरकार द्वारा जारी किए गए लाखों रुपए डस्टबिन के नाम पर खर्च कर दिया गया और धरातल पर कुछ भी नहीं हैं आखिर कहां गए लाखों रुपए के डस्टबिन। गांव के भ्रष्ट सचिव और जिम्मेदार सरकार की योजनाओं को ठेंगा दिखाते हुए सरकारी धन का बंदरबांट कर रहे हैं। जिससे गांव में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है। गांव में जिन स्थानों पर डस्टबिन लगा था उसके आसपास के रास्तों पर गंदगी का अंबार लगा है।

### बोले ग्रामीण, लूट खसोट में माहिर हैं जिम्मेदार

ग्रामीणों ने बताया कि डस्टबिन और स्टैंड गायब हो गए जबकि इसकी शिकायत अधिकारियों से की गई लेकिन इनके प्रयास स्वच्छ भारत मिशन के सपना को अधूरा छोड़ गए। जिससे गांव को स्वच्छ बनाने के लिए खर्च किया गया सरकारी पैसा बर्बाद होकर रह गया। एक तरफ सरकारी खजाना साफ हो रहा है तो दूसरी तरफ गांव में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। गांव के भ्रष्ट सचिव और जिम्मेदार ध्यान रखना ही भूल गए। संभावित स्थानों पर गांव में लगाए गए डस्टबिन पर 300 से 500 रुपए के लगभग खर्च किया गया था। इसके अलावा स्वच्छ भारत अभियान के तहत साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था के लिए सरकार की ओर से अतिरिक्त धन आवंटित किया जाता है ताकि गांव को सपनों का भारत बनाया जा सकें। सरकार के सपने को गांव के भ्रष्ट अधिकारियों एवं घोटालेबाज सचिव चकनाचूर कर रहे हैं।

# रजवाहा में पांच वर्ष से नहीं पहुंच रहा पानी
## किसानों ने सिंचाई विभाग के खिलाफ किया प्रर्दशन

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर



जिले के विशुनपुरा विकास खंड के चितहा राजवाहा में पांच वर्ष से पानी नहीं आने से किसान परेशान हैं। सिंचाई के अभाव में गन्ने, लौकी, तरोई, भिंडी, नेनुआ आदि की फसल सूख रही हैं। धान की रोपाई में भी विलंब हो रहा है। महंगा डीजल खरीदकर कुछ किसान पंपिंगसेट से सिंचाई करने को मजबूर हैं,राजवाहे में पानी छोड़े जाने की मांग को लेकर चितहा गांव के किसानों ने रविवार को सिंचाई विभाग के विरुद्ध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत भी दर्ज कराया है।
मिली जानकारी के अनुसार चितहा गांव के राजवाहा के पटरी पर प्रर्दशन कर रहे दिवाकर मिश्र, अजय मिश्र, वाशिष्ठ मिश्र, मनोज मिश्र, धुरन्दर मिश्र, अमिन अंसारी, रामचंद्र गौड, सुधाकर मिश्र, इस्लामदीन आदि किसानों ने बताया कि यह राजवाहा कोटवा से आता है इसमे पांच वर्ष हो गया लेकिन आजतक पानी नही आया है।
जिसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर दो ग्रामीणों ने किया है।लेकिन कार्रवाई शून्य हैं। किसानों का कहना है कि इस राजवाहा से चितहा, नरचोचवा, धर्मपुर, दसया, सरगटिया, बहोरारामनगर, पांडेय छपरा, नौरंगिया, विशुनपुरा समेत लगभग 20 गांवों के किसान अपनी फसल की सिंचाई करते हैं। राजवाहा की सफाई भी नहीं कराई गई है, यह झाड़ियों से पट गई है।पांच वर्षो से अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंच पाता है। इस वजह से किसानों को पंपिंगसेट का सहारा लेना पड़ता है।पहले राजवाहा के पानी से ही फसल की सिंचाई कर लेते थे। इधर पांच वर्षों से रजवाहा सिल्ट और झाड़ियों से पट गया है। इस वजह से पानी नहीं मिल पाता है। अधिकारियों की लापरवाही की वजह से राजवाहा में पानी नहीं आ रहा है। डीजल काफी महंगा हो गया है। इस वजह से खेती की लागत बढ़ रही है।प्रर्दशन करने वाले किसानो ने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द राजवाहा की सफाई कराकर पानी छोड़े जाने की मांग करने के साथ चेतावनी भी दिया है कि यही उनकी मांगे पूरी नही होती है तो जिला मुख्यालय पर वृहद आंदोलन करने को बाध्य होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी विभाग और जिला प्रशासन की होगी।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने किया संगठन विस्तार
## गोपालपुर राज परिवार को अंग वस्त्र भेंट कर किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर



अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला इकाई के संघठन विस्तार अभियान के क्रम में गोला ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन रविवार को जिला अध्यक्ष लालू सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ । इस दौरान पूर्वांचल प्रांत अध्यक्ष उग्रसेन सिंह, मंडल अध्यक्ष आर पी सिंह भी मौजूद रहे, सभी पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से विसरा निवासी कुश चंद को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया। अवधेश चंद तथा भानु प्रताप सिंह उपाध्यक्ष बनाए गए, अंकुर चंद को महामंत्री, विशाल सिंह मंत्री , राघवेंद्र सिंह अध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ बनाए गए। नवनियुक्त अध्यक्ष कुश चंद ने कहा कि जल्द ही अन्य प्रकोष्ठों तथा पदों पर पदाधिकारियों का चयन हो जायेगा, संगठन विस्तार कार्यक्रम संघठन मंत्री प्रवीण सिंह के आवास पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभु श्री राम चंद्र तथा महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्पांजलि व माल्यार्पण कर हुआ।
मंडल अध्यक्ष आर पी सिंह ने क्षत्रियों का इतिहास बताते हुए कहा की महासभा सन् 1857 से कार्य कर रहा है पहले ये राम दल के नाम से जाना जाता था 1890 से अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के नाम से जाना जाने लगा, पहले इसका राष्ट्रीय अध्यक्ष किसी राज परिवार का ही होता था।
पहली बार सन् 2000 में एक किसान परिवार का आम व्यक्ति अध्यक्ष बना, वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर हरिवंश प्रताप सिंह है। इसी क्रम में पूर्वांचल अध्यक्ष उग्रसेन सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संघठन सर्व समाज के उत्थान का कार्य करता है। जिलाध्यक्ष लालू सिंह ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करें, संगठन सदैव आपके साथ खड़ी रहेगी। सभी गणमान्य क्षत्रियों का आभार संगठन मंत्री प्रवीण सिंह ने जताया। कार्यक्रम के बाद सभी पदाधिकारी विसरा स्थित प्राचीन ठाकुर जी के मंदिर पहुंचकर दर्शन किए तथा 425 वर्ष पुराने प्राचीन राष्ट्रीय धरोहर को संभाल कर जीवंत रखने के लिए गोपालपुर राज परिवार के वंशज ताम्रध्वज बहादुर चंद को भगवा शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया तथा जिलाध्यक्ष ने महासभा की तरफ से स्मृति चिन्ह भेंट किया।

# मजबूत संगठन के आधार स्तंभ होते हैं कार्यकर्ता: अजय कुमार दुबे



जन एक्सप्रेस | देवरिया

भटपार रानी मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे क्षेत्र के बड़का गांव में बैठक कर विभिन्न राजनीतिक विषयों पर चर्चा किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन के आधार स्तंभ होते हैं। कार्यकर्ताओं का सम्मान होना चाहिए। कार्यकर्ता विपरीत परिस्थिति में भी संगठनात्मक कार्यों को करते हुए संगठन को मजबूती देने का कार्य करता है। कार्यकर्ता के बिना मजबूत संगठन की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि प्रतिकूल मौसम में भी लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ता भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए कठिन परिश्रम किया लेकिन हमें सफलता प्राप्त नहीं हुई परंतु हमें इसे असफलता से निराश होने की भी जरूरत नहीं है। हमको और मजबूती के साथ काम करते हुए संगठन को मजबूत करने की जरूरत है ताकि आगामी चुनाव में हम अपना परचम लहरा सके। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि भविष्य में भीषण गर्मी से बचने के लिए हम सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने की आवश्यकता है ताकि पर्यावरण का संतुलन बना रहे और समस्त जीवधारी को शुद्ध हवा मिल सके। बैठक में प्रमुख रूप से सुरेश तिवारी, सुरेन्द्र सिंह टुनटुन, विशंभर पांडेय, धर्मेंद्र सिंह, अशोक तिवारी, रमेश पटेल, अर्जुन गुप्ता, हरेंद्र पाल, अनिल कुमार, रामप्रीत पाल, हसनाथ प्रसाद उपस्थित थे।

# गौआश्रयों पर साफ–सफाई, सुरक्षा व सावधानी का निर्देश



जन एक्सप्रेस | देवरिया

बकरीद के अवसर पर जनपद के विभिन्न गौआश्रयों पर विशेष सावधानी व साफ-सफाई एवं चिकित्सा व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने सख्त निर्देश दिया है। विकास खंड बैतालपुर अन्तर्गत स्थापित अस्थाई निराश्रित गौआश्रय केन्द्र बलटिकरा पर पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर दिग्विजय यादव एवं पशुधन प्रसार अधिकारी निशिकान्त तिवारी ने भ्रमण कर साफ़-सफाई एवं पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर टीकाकरण कार्य संपन्न कराया। पशुओं को नियमित साईलेज खिलाने का निर्देश दिया। बकरीद पर विशेष सावधानी रखने के लिए केयर टेकरों को निर्देशित किया।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से चौकीदार की हुई मौत

**जन एक्सप्रेस/आनन्दनगर महराजगंज।** गोरखपुर- सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से चौकीदार की हुई मौत, परिजनों में मचा कोहराम। शनिवार की रात्रि में पुरन्दरपुर थाना क्षेत्र के मधुकरपुर महादेव निवासी भगवान दास पुत्र स्व0रामस्वरूप उम्र 60 वर्षीय मकरपुर महादेव में कार्यरत चौकीदार हैं और वह किसी काम से उक्त रात्रि 11 बजे के लगभग गोरखपुर-सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग के लेहड़ा खास गांव के सामने पहुंचे थे तभी अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर रोते बिलखते परिजन हुए पहुंचे। उक्त घटना की सूचना फरेंदा पुलिस को दीये। इस बाबत में फरेंदा कोतवाल अंकित सिंह ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

### छत पर सोये युवक की हुई मौत, परिजनों मे मचा कोहराम

**जन एक्सप्रेस/कुशीनगर।** जिले के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के पांडेय छपरा में शनिवार की देर रात खाना खाकर मकान के छत पर सोने गया युवक रविवार की सुबह मृत अवस्था मे पड़ा मिला। जिसे परिजनों ने देर शाम तक उसका अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक युवक की अगले माह में शादी होने वाली थी। मिली जानकारी के अनुसार मुकामी थानाक्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव के टोला पांडेय छपरा निवासी यंत्री गुप्ता का 24वर्षीय पुत्र सोनू शनिवार को देर रात खाना खाकर अपने मकान के छत पर अकेले ही सोने चला गया। रविवार की सुबह वह काफी समय बाद तक उसे नही जागने पर उसका छोटा भाई जब उसे जगाने गया तो वो अपने बिस्तर पर मृत अवस्था मे पड़ा हुवा था। जिसे देखने के बाद वो वही पर चीखने चिल्लाने लगा। उसकी चीख पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और वो भी दहाड़े मारकर रोने लगे। देर शाम तक पनियहवा से होकर बहने वाली नारायणी नदी के किनारे उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# रानी दुर्गावती ने अकबर की सेना को अनेकों बार चटाई धूल: राधेश्याम

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर



गोंड समाज कुशीनगर की बैठक डाक बंगला परिसर कसया में संपन्न हुई जिसमें भारतीय जनता पार्टी एसटी मोर्चा, अखिल भारतीय गोंड आदिवासी संघ, गोंड अधिकारी कर्मचारी संघ के समस्त पदाधिकारी गण तथा गोंड समाज के समस्त जनप्रतिनिधि गण, बुद्धिजीवी बंधुओ ने सर्व सम्मति से निर्णय लिया कि आगामी 24 जून को गोंड वीरांगना महारानी दुर्गावती जी का बलिदान दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। बैठक में गोंड समाज की समस्याओं जैसे आरक्षण को बढ़ाया जाना, आरक्षण के अनुसार लोकसभा में एक सीट तथा विधानसभा में 8 सीट कराया जाना तथा जनपद में कुशीनगर में विधानसभा का एक सीट एसटी के लिए आरक्षित कराये जाने आदि पर विचार विमर्श कर आगामी रणनीति बनाया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय गोंड आदिवासी संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री राधेश्याम गोंड ने कहा कि रानी दुर्गावती ने युद्ध में अकबर के सेना को कई बार धूल चटाया तथा अपने गोंड राज्य गढ़ कटंगा की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी। बैठक को रमेश गोंड, हीरालाल गोंड, राम मनोहर गोंड,नागेश्वर गोंड, बृज नारायण गोंड, डिग्री प्रसाद गोंड आदि ने संबोधित किया तथा बैठक में मुख्य रूप से धर्मेंद्र गोंड, सूचित गोंड, सुनील गोंड,रामधनी गोंड, सहदेव गोंड, भोला गोंड, कुंज बिहारी गोंड, चंद्रबली गोंड, संजय कुमार गोंड, दरोगा गोंड, राम बिहारी प्रसाद गोंड, रुदल गोंड, ओम प्रकाश गोंड, दिनेश गोंड आदि सैकड़ो गोंड आदिवासी समाज के व्यक्ति उपस्थित रहे।

# राष्ट्र गीतों की धुन पर निकला स्वयं सेवकों का पथ संचलन

जन एक्सप्रेस | देवरिया



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोरक्ष प्रांत के तत्वावधान में देवरिया खास स्थित सरस्वती विद्या मंदिर प्रांगण में आयोजित संघ शिक्षा वर्ग सामान्य के प्रशिक्षण कार्यक्रम के क्रम रविवार शाम नगर में स्वयं सेवकों ने भव्य पथ संचलन किया। राष्ट्रीय गीतों की धुन पर कदम मिलाते हुए स्वयं सेवकों पर विचार परिवार के लोगों के साथ ही स्थानीय नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।
बताते चलें कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चौदह दिवसीय प्रांत प्रशिक्षण वर्ग के इस पथ संचलन में गोरक्ष प्रांत के सह प्रांत प्रचारक सुरजीत, प्रांत कार्यवाह विनय वर्मा, सह प्रांत कार्यवाह सुरेश शुक्ल, विभाग प्रचारक देवरिया सुशील, विभाग प्रचारक बस्ती अजय नारायण, नगर संघ चालक नमो नारायण, मुख्य शिक्षक राजीव नयन प्रांत प्रमुख तुलसीराम ने अगुवाई की।
सरस्वती विद्या मंदिर से निकले पथ संचलन में पाँच सौ स्वयं सेवकों ने भागीदारी की। नगर के विभिन्न हिस्सों से होकर निकले पथ संचलन का सीसी रोड़ पर वरिष्ठ भाजपा नेता एस एस बी एल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डाक्टर अजय मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान लोगों ने देश प्रेम और राष्ट्रीय एकता संबंधी नारे लगाये जिससे पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया।
इस अवसर पर भाजपा नेता सिद्धार्थ मणि त्रिपाठी, सौरभ मणि त्रिपाठी, रामप्यारे चौहान, कुलदेव सिंह, आशुतोष त्रिपाठी, युवराज सिंह, सत्येंद्र मणि त्रिपाठी, शिवाकांत मिश्र, पार्थ सिंह, अरुण मिश्रा, चंदन मिश्र, हरीश तिवारी, रितेश पटेल, श्रीमती संगीता सिंह, सतीश उपाध्याय गिरिजेश मिश्र, विवेक मणि सहित सैकड़ों लोगों ने पथ संचलन का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

# राघव ऋषि जी ने दिया संदेश योगी नहीं उपयोगी बनें



जन एक्सप्रेस | गोला गोरखपुर

तहसील क्षेत्र के विकास खण्ड उरुवा के कुशलदेईया गांव में स्थित पी एच इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल प्रांगण में चल रही संगीतमयी श्रीराम कथा के सप्तम दिवस काशी विश्वनाथ नगरी से पधारे अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त वक्ता श्रीविद्या सिद्ध संत ज्योतिष सम्राट पूज्य श्री राघव ऋषि जी ने दिव्य रहस्य उद्घाटित करते हुए कहा कि मानव शरीर की सार्थकता तभी सफल है कि जब अपने साथ साथ दूसरों के कल्याण की प्रवृत्ति हो। योगी होना कठिन नहीं है जितना उपयोगी होना।
जिस प्रकार प्रभु के अयोध्या से जाने के बाद भी पुर वासियों का मन प्रभु की याद में ही बीतता था। तन कही भी रहे किन्तु मन परमात्मा में लगा रहे यही मानव तन की सार्थकता है।कथा प्रसंग से को श्रवण कराते हुए पूज्य श्री ने प्रभु चरणों में अथाह प्रेम रखने वाले श्रीराम जी के अनुज भरत जी के अनुराग का बखान किया कि हर भाई का भाई से कैसा प्रेम होना चाहिए यह भरत जी के प्रेम से सीख लेना चाहिए।भरत जैसे धीर वीर साहसी के साथ त्याग तपस्या की खान हैं। प्रभु के चरण पादुकाओं का संबल ही जिनके जीने का सहारा मिला।राम भक्त ले चला रे राम की निशानी बड़ा ही मार्मिक भजन सौरभ ऋषि ने अपार जनसमूह को सुना भावविभोर किया जिससे आंखे अश्रुपूरित हो उठी।कथा के यजमान मनोज कुमार उमर वैश्य सपत्नीक सपरिवार व गणमान्य भक्त समूह ने भाव पूर्वक आरती कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर नंदलाल प्रजापति सत्यनारायण उमर उपेंद्र जायसवाल गोपाल उमर परमेश्वर दुबे सिद्धार्थ चौरसिया विवेक जायसवाल राकेश गुप्ता मनिंद्र उपाध्याय मनोज तिवारी राकेश चंद त्रिपाठी सहित क्षेत्र के श्रोता भक्तगण उपस्थित होकर कथा का रसपान किया।

### कृषि मंत्री ने कार्यकर्ताओं के साथ की खनुआ नदी की साफ–सफाई और किया गंगा पूजन

**जन एक्सप्रेस/पथरदेवा देवरिया।** रविवार को प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने गंगा दशहरा के मौके पर अपने पैतृक गांव पकहां से गुजरने वाली खनुआ नदी की सफाई कर अभियान का शुभारंभ किया। इसमें कृषि मंत्री के साथ दर्जनों गांवों के प्रधान और भाजपा कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 7 बजे कृषि मंत्री और आस-पास के गांव के सैकड़ों ग्रामीण खनुआ नदी पर एकत्रित हुए। इसके बाद कृषि मंत्री और ग्रामीण नदी में उतरे। उन्होंने नदी के अंदर से शैवाल और अन्य कूड़ा-करकट को बाहर निकाल कर फेंका। इसमें चार नावें लगाई गई थी।सफाई अभियान करीब दो घंटे तक चला। इसके पहले श्री शाही ने गांव स्थित चतर्भुज मंदिर पर लोगों के साथ योग किया। इसके बाद गंगा पूजन किया। श्री शाही ने कहा कि यह खनुआ नदी रामाबाग स्तूप से निकलकर बनवारी टोला, धनौटा, बंजरिया, नारायणपुर और पकहां से होते हुए भटनी के छोटी गंडक में मिल जाती है।

# ड्रेन में मिला एक व्यक्ति का अधजला शव, जांच मे जुटी पुलिस

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर

जिले के नेबुआ नौरंगिया थाना के सिधरिया ड्रेन मे अज्ञात व्यक्ति का अधजला शव रविवार की सुबह खेती करने गए किसानो ने देखा और शोर मचाना शूरु कर दिया,मामले की जानकारी होने पर पुलिस शव को कब्जा मे लेकर अत्यंत परीक्षण के लिए भेज दिया है।और पुलिस जांच मे जुट गई है। इस घटना को लेकर गांव में सनसनी फैल गई है। मिली जानकारी के अनुसार नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के परसौनी व विशुनपुरा गांव के बीच से निकली सिधरिया ड्रेन के तरफ कुछ किसान रविवार सुबह खेती का काम करने जा रहे थे,उसी दौरान उनको बहुत तेज बदबू आया तो उन्होंने ने ड्रेन मे जाकर देखा तो एक व्यक्ति का शव नंग्नवस्था मे पड़ा हुआ था और आधे से अधिक शरीर जला हुआ था।शव से 50 मीटर की दूरी पर ड्रेन मे ही कुछ जलाया गया है जिसका राख वहीं पड़ा था,इतना देखकर किसान शोर मचाते हुए परसौनी गांव के तरफ भागे व गांव के लोगो को बताया तो लोगो ने इसकी सूचना मुकामी पुलिस को दिया पुलिस मौके पर पहुचकर शव को कब्जा मे लेकर पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना से अगल बगल के गांवों मे सनसनी फैल गई है।फिलहाल पुलिस इस मामले को लेकर गंभीरता से जांच मे जुटी हुई है।शव मिलने को लेकर लोगो मे विभिन्न तरह की चर्चाएं खुब हो रही है।स्थानीय लोगो का कहना है कि अज्ञात हत्यारों ने उक्त व्यक्ति को जलाकर मौत के घाट उतारे हैं, इसकी खुलासा पुलिस को करनी चाहिए।

# बौद्ध धर्म की पवित्र व महत्वपूर्ण भूमि है कुशीनगर: प्रो. पूनम टंडन

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर

बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुशीनगर में दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर की कुलपति प्रो. पूनम टंडन व कुशीनगर भिक्षु संघ के अध्यक्ष अग्ग महापंडित भदन्त ज्ञानेश्वर ने रविवार को **गुरु भदन्त चंद्रमणि पालि भवन** का संयुक्त रूप से शिलान्यास किया।
बौद्ध धर्म के प्राच्य केंद्र कुशीनगर में पालि भवन का निर्माण भदन्त ज्ञानेश्वर के सहयोग से किया जा रहा है जिसमें पालि भाषा और साहित्य का अध्ययन, अध्यापन, शोध और नवाचार प्रस्तावित है। इसके प्रारंभ होने से स्नातक आनर्स और परास्नातक पाठ्यक्रमों के साथ अल्पकालिक और अंशकालिक प्रमाणपत्र (सर्टिफिकेट) पाठ्यक्रम संचालित किए जाने की योजना है।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि कुशीनगर बौद्ध धर्म की अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण भूमि है। अधिकांश बौद्ध साहित्य पालि भाषा में है इसलिए पालि भाषा के अध्ययन अध्यापन के लिए इससे अच्छी कोई जगह हो ही नहीं सकती। उन्होंने ने कहा कि इस विभाग के खुलने से न सिर्फ इस क्षेत्र में बल्कि विदेश से आकर बौद्ध धर्म के अध्येता विद्यार्थियों के अध्ययन अध्यापन की संभावनाएं बनेंगी। भविष्य में भाषा से आगे इसे बौद्ध अध्ययन केंद्र के रूप में भी विकसित किया जा सकता है।



उन्होंने कहा कि पालि विभाग के साथ अन्य भाषाओं को जोड़कर इसे भाषा अध्ययन केंद्र भी बनाने की संभावनाएं हैं।
भदंत ज्ञानेश्वर ने कहा कि इस विभाग में पालि के साथ तिब्बती और वर्मी के अध्ययन की भी संभावनाएं हो सकती हैं। उन्होंने तीन मंजिले पूरे भवन के शीघ्र निर्माण की बात करते हुए कहा कि उनकी इच्छा है कि मान्यता लेकर तुरंत पालि की पढ़ाई शुरू हो।
कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत प्रबंध सचिव सरदार विरेन्द्र सिंह आहलूवालिया तथा स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विनोद मोहन मिश्र ने किया।

# विप्र चिन्तन शिविर में प्रदेश के एक हजार से अधिक लोग लेंगे भाग

## अलीगढ़, झांसी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, मथुरा सहित विभिन्न जिलों से पहुंचेंगे लोग

जन एक्सप्रेस | आगरा



ब्राह्मण समाज एकजुट होकर समाज के विकास और उत्थान के लिए काम करेगा। समाज की कुरीतियों को दूर करने के लिए लोगों के बीच जाकर जागरूकता कार्यक्रम योजित किए जाएंगे। वहीं समाज में हो रहे विघटन को रोकने के लिए एक संरक मण्डल भी बनाया जाएगा। इन सभी उद्देश्यों को दिशा देने के लिए 23 जून को सूरसदन में विप्र चिन्तन कार्यक्रम का योजन किया जा रहा है। यह जानकारी होटल लेमन ट्री में आयोजित शिविर के आमंत्रण पत्र विमोचन कार्यक्रम में पदाधिकारियों द्वारा दी गई। महर्षि परशुराम की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। दोनों हाथ ऊपर उठाकर महर्षि परशुराम के खूब जयकारे गूंजे। गजेन्द्र शर्मा, डॉ. तरुण शर्मा, प्रो. लवकुश मिश्रा व राहुल चतुर्वेदी ने कहा कि 23 जून को सूसदन में आयोजित होने जा रहे शिविर में एक हजार से अधिक लोग आगरा सहित अलीगढ़, हाथरस, एटा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, कासगंज, इटावा, झांसी से शिविर में भाग लेने पहुंचेंगे। त्रयोदशी संस्कार को सूक्ष्म रूप से ही किया जाने के साथ विभिन्न बिन्दुओं पर चिन्तन व उन्हें अमल में लाने के लिए रणनीति तैयार की जाएगी। त्रयोदशी को सूर्त्म रूप से मनाने के लिए जब अन्य समाज इसमें आगे आ रहे है तो हम लोगो को भी इस पर विचार करना चाहिए। शिक्षा के क्षेत्र में समाज पिछड़ता जा रहा है। घर की मजबूरी हो या कोई और संकट। हमको इसके बारे में भी चिंतन करना होगा जहां पहले 90 प्रतिशत समाज के बच्चे उच्च पदों पर रहते थे। आज की स्थिति किसी से छुपी नहीं है। बेरोजगारी पर भी हमे सोचना होगा जो भी समाज के व्यापारी है, उन लोगो को पहले समाज के बच्चो को रोजगार देना होगा। जहां भी समाज की परशुराम जयंती निकलती है या अन्य कोई कार्यक्रम हो बढ़ के हिस्सा लेना होगा।

सख्या बल दिखना चाहिए। ब्राह्मण समाज के लोगों पर पूरे प्रदेश में झूठे मुकदमे लग रहे है उनकी हत्याएं हो रही है। इस पर एक आंदोलन की रूप रेखा बने ताकि शासन प्रशासन तक इसकी गूंज हो सके। दहेज रहित विवाह पर भी हमें सोचना होगा हम कहते तो एक इसपे अमल नहीं करते और जहां विवाह विघटन समाज में हो रहे है इसका एक सरक्षक मंडल बने ताकि वो इस तरह के विवाद को सुलझा सके। संजय शर्मा, शैलेन्द्र शर्मा, राहुल शर्मा, सुशील शर्मा, महेश शर्मा, राजेश शर्मा, संजय तिवारी, विक्रांत बरुआ, पवन समाधिया, कुलदीप शुक्ला, अभिनव दीक्षित, यतीश लवानिया आदि मौजूद रहे।

## नदियों के संरक्षण का लिया संकल्प

जन एक्सप्रेस | आगरा

गंगा दशहरा के सुअवसर पर अखण्ड भारत परशु राम सेना ने लिया नदियों के संरक्षण का संकल्प गंगा दशहरा के सुअवसर पर अखण्ड भारत परशुराम सेना के कार्यकताओं ने ग्राम दूरा स्थित प्राचीन गंगा महारानी मन्दिर में पूजा अर्चना पश्चात जिला आगरा अंतर्गत अनवरत रूप से बहने वाली व काल खण्ड में दम तोड़ चुकी मृत्यु के कगार पर खड़ी मृत प्राय नदियों के संरक्षण साफ सफाई हेतु नदियों के लिए जन आंदोलन छेड़ने का संकल्प लिया। उनमें उटंगन नदी, खारी नदी, यमुना नदी, किवाड़ नदी, पार्वती नदी संगठन मंत्री पुरुषोत्तम, प्रदेश अध्यक्ष अवधेश शर्मा, आशिक ठाकुर, सत्य वीर, रुद्र देव, शिव शंकर आर्य, शिशुपाल कटारा, गौरव गर्ग, विपिन अग्रवाल, जीतू कहर वार, लखन वशिष्ठ, स्वामी अमरेश आदि लोग उपस्थित रहे।

## काल कोठरी के नाट्य मंचन में भाव-विभोर हुए दर्शक

जन एक्सप्रेस | आगरा

भरत काव्यम सांस्कृतिक संस्थान, आगरा द्वारा आज स्वदेश दीपक द्वारा लिखित नाटक काल कोठरी का मंचन सूरसदन प्रेक्षागृह में किया गया। नाटक काल कोठरी कला और कलाकार के जीवन पर आधारित नाटक है। यह नाटक रंगमंच के उस हिस्से पर प्रकाश डालता है जहां रंगमंच गैर अर्थवादी होने के कारण रंगमंच के कलाकार के व्यक्तिगत जीवन की परेशानियों को उजागर करता है। साथ ही वह कलाकार एवं लेखक जो अपने आदर्शों के पथ पर चलते हुए समाज को एक सही दिशा दिखाने का प्रयास तो करते हैं परंतु उन्हें समय के साथ यह एहसास होता है कि आदर्श की बाते आज के जमाने में कोई अर्थ नहीं रखती। लेकिन आदर्श के पथ पर चलते हुए जीवन की वह समस्या जो केवल कलाकार के ही नहीं आम व्यक्ति के जीवन में भी प्रभाव डालती है। यह नाटक समाज को यह सीख भी देता है कि जीवन के पथ पर चलते हुए समस्या हर किसी के जीवन में आती है लेकिन हमें उन समस्याओं से डरना नहीं चाइए बल्कि रामायण के किरदार अंगद की तरह अपने पैरों के बल पर खड़ा हो उनसे लड़ना चाइए। रजत की मुख्य भूमिका में हर्ष महेरे पत्नी मीना की भूमिका मन्नू शर्मा ने अपने अभिनय से तालियाँ बटोरी। अन्य भूमिका में जया सिंह, आकाश कुमार, तुषार शर्मा, मोहित दिवाकर, रुद्र चौहान, विजय प्रताप सिंह यादव, कनिष्क चौधरी, इब्राहिम, रवि सूर्यवंशी, मिनी कुलश्रेष्ठ, आयुष कुमार आदि नवोदित युवा कलाकारों ने अपने संवाद से दर्शकों का दिल जीत लिया।

# गंगा दशहरा के पर्व पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी



जन एक्सप्रेस | आगरा

रविवार को ज्येष्ठ मास की शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरा के पावन पर्व पर पिनाहट के चंबल नदी घाट पर चम्बल नदी में हजारों की तादात में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। सुबह 4ः00 बजे से ब्रह्म मुहूर्त में ही श्रद्धालुओं का चंबल नदी घाट पर भारी संख्या में आना प्रारंभ हो गया और लोग आस्था की डुबकी लगाते हुए नजर आए। हर हर गंगे हर हर महादेव के जयकारों से चंबल नदी घाट किनारा गूंज उठा। स्नान के उपरांत श्रद्धालुओं ने नदी में दीपदान भी किया।

पुरानी मान्यता है कि गंगा दशहरा के दिन नदी में स्नान करने से देवता खुश होते हैं तथा सुख समृद्धि मिलती है। जानकारी के अनुसार रविवार को गंगा दशहरा के पावन दिन कस्बा पिनाहट के चंबल नदी घाट पर हजारों की तादात में श्रद्धालु चंबल नदी स्नान करने के लिए पहुंचे। स्नान करने के तत्पश्चात घाट किनारे बने शिव मंदिर में लोगों ने पूजा अर्चना की और अपने परिवार के लोगों के लिए सुख समृद्धि की कामना की। वही पंडित ब्रह्मानंद पाठक ने बताया कि गंगा दशहरा के दिन नदी में स्नान करना सनातन परंपरा में विशेष महत्व है। और इस दिन नदी में स्नान करने से जीवन के सारे कष्ट दूर होते हैं और मानसिक शांति मिलती है ।

### सुरक्षा को लेकर पुलिस फोर्स रही मौजूद

चंबल नदी में आए हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन ने कड़ी मेहनत की। पिनाहट थाना प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार सैनी पुलिस बल के साथ घाट किनारे मौजूद बने रहे। और स्नान करने आए हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को देखते रहे।

# पूर्व मंत्री के घर कुर्की की मुनादी

जन एक्सप्रेस | आगरा

जूता कारोबारी और उनकी बेटी को कार से कुचलने के मामले में पूर्व मंत्री चौ. उदयभान सिंह का नाती दिव्यांश फरार है। अब पुलिस ने 25 हजार का इनाम रखा है। कोर्ट से कुर्की के आदेश के बाद रविवार को पुलिस ने पूर्व मंत्री के घर पर मुनादी की। पुलिस ने कुर्की की नोटिस चस्पा की। ऐसे में अब पूर्व मंत्री के पास 30 दिन का मौका है। अगर दिव्यांश सरेंडर नहीं करता तो घर की कुर्की की जाएगी। शाहगंज के ऋषि मार्ग पर 15 अप्रैल को दिव्यांश चौधरी ने जूता कारोबारी और उनकी बेटी को कार से कुचलने का प्रयास किया था। कारोबारी ने दिव्याांश चौधरी के खिलाफ शाहगंज थाने में हत्या के प्रयास और जान से मारने की धमकी देने की धारा में मुकदमा दर्ज कराया था। घटना के विरोध और आरोपित की गिरफ्तारी को लेकर पंजाबी समाज ने जयपुर हाउस स्थित भाजपा ब्रज क्षेत्र कार्यालय का घेराव किया था।

### 21 दिन के लिए समर्पण का दिया था समय-

दिव्यांश चौधरी ने स्थानीय न्यायालय से राहत नहीं मिलने पर इलाहाबाद हाई कोर्ट में अपने अधिवक्ता के माध्यम से याचिका प्रस्तुत की थी। हाई कोर्ट ने आरोपित को 21 दिन में स्थानीय न्यायालय में समर्पण करने को कहा था। इस दौरान पुलिस को कोई कार्रवाई नहीं करने का आदेश दिया था। शाहगंज पुलिस ने 21 दिन तक आरोपी के समर्पण करने का इंतजार किया। इस दौरान दिव्यांश चौधरी की ओर से हाई कोर्ट में एक और याचिका दायर कर मुकदमा खारिज करने की गुहार लगाई थी। जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। हाई कोर्ट से मिली समय सीमा समाप्त होने के बाद पीड़िता के पिता जूता कारोबारी ने आरोपित पर कार्रवाई के लिए अधिकारियों के यहां प्रार्थना पत्र दिया था।

### न्यायालय में दिया था प्रार्थना पत्र

प्रभारी निरीक्षक शाहगंज अमित कुमार मान ने बताया कि मुकदमे की विवेचना इंस्पेक्टर क्राइम अरविंद तोमर द्वारा की जा रही है। पुलिस ने कुर्की पूर्व उद्घोषणा के लिए न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया था। हाई कोर्ट द्वारा दिए गए समय की सीमा समाप्त होने के बाद पुलिस ने दोबारा पैरवी की। न्यायालय ने कुर्की पूर्व उद्घोषणा का आदेश जारी कर दिया है। पुलिस आरोपित के घर पर मुनादी करा जल्द ही नोटिस चस्पा करेगी। आरोपी को एक महीने का समय दिया जाएगा। इस अवधि में पेश नहीं होने पर पुलिस कुर्की की कार्रवाई के लिए न्यायालय में प्रार्थना पत्र देगी।

# ठगी करने वाले गैंग को बैंक खाते उपलब्ध कराने वाला आरोपी गिरफ्तार, खोले कई राज

जन एक्सप्रेस | अलीगढ़

अलीगढ़ की साइबर कंाइम टीम ने आगरा से अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त साइबर ठगी करने वाले गैंग को बैंक खाते देता था और उसके बदले में कमीशन लेता था।

शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर साइबर ठगी करने वाले गैंग को कमीशन पर बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले आरोपी को अलीगढ़ की साइबर क्राइम थाना टीम ने आगरा से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह किस प्रकार गैंग को लोगों के बैंक खाते देने का काम कर करता था।

14 मई को दिनेश चन्द्र शर्मा पुत्र नन्नूमल शर्मा निवासी अहीरपाड़ा हरदुआगंज, अलीगढ़ की सूचना के आधार पर साईबर क्राइम थाना में एक मामला दर्ज किया गया। साईबर क्राइम थाना टीम ने अभियुक्त रविन्द्र राठौर उर्फ बंटी पुत्र लक्ष्मी नारायण राठौर निवासी 83 ओमश्री फेस 1 सैमरी रोड केसीएस स्कूल के पास कौलक्खा थाना ताजगंज को आगरा से ही गिरफ्तार किया है।

**ठगी करने वाले गैंग को ऐसे देता था सहयोग**

CURRENT ACCOUNT Provider Android Application, Account Agents, Facebook Pages, Telegram Profile एवं Whatsapp Group के माध्यम से मिलते है और विदेशी साइबर अपराधी जो अधिकांश हॉगकॉग और चीन के हैं, को खाता देते हैं। बैंक के खाता के Required Specification Áñâð SBIwid,xid, Kotak Bank with CMS, IndusInd Bank With MQR, VOI with MQR, Social Media पर प्रकाशित किये जाते है, जिनका उपयोग ठगी के लिए किया जाता है।

पूछताछ में पता चला कि आधार कार्ड, पैन कार्ड, जीएसटी और Udyam Registration का उपयोग विभिन्न बैंकों में प्रोपराइटरशिप फर्म के कॉर्पोरेट बैंक खाते खोलने के लिए किया गया था।

आरोपी को अपने सहयोगियों से विभिन्न apk (Android Package file) प्राप्त होते हैं, जिन्हें यह बैंक खाते के साथ पंजीकृत सिम कार्ड Install कर बैंकिंग लेन-देन के लिए OTP को Auto Forward करने के लिए उपयोग करते हैं। इस काम के लिए जो पैंसे खाते में आते है उसका 2 से 2.5 प्रतिशत कमीशन मिलता है।

**ये हुआ बरामद :**

मोबाइल-ओप्पो, 2 सिम एयरटेल कम्पनी, 1 सिम जियो
खाली चैक उज्जीवन बैंक व 850 रूपये नकद।

**साइबर क्राइम से बचने के लिए यह करें-**

1. किसी भी अनाधिकृत ऐप का इस्तेमाल करने से बचें, इसके साथ ही अपनी पर्सनल जानकारी किसी के साथ भी शेयर न करें।
2. whatsapp/Telegram /Google Ads के के माध्यम से भेजे जाने वाले Part Time Job से संबन्धित Advertisment के लिंक पर क्लिक न करें। न ही लिंक के माध्यम से किसी Web Portal या Application पर Register करें।
3. अपने डेटा को Secure रखने के लिए अपने Application के परमिशन को हमेशा चेक करते रहें।
4. सेंडर एड्रेस पर भी आपको ध्यान देना चाहिए, इस तरह के मैसेज मिलने पर ये देखें कि किस तरह के नंबर से मैसेज आ रहा है Virtual/International number या Bulk SMS Codes को तुरंत ब्लॉक करें।
5. मैसेज में जिस कम्पनी का नाम नहीं दिया गया है, उसे गूगल पर चेक करें, पता करें कि इस नाम की कोई कम्पनी है या नहीं। अगर है तो उस कंपनी की बेवसाईट पर चेक करें कि कोई ऐसे विज्ञापन निकली हैं या नहीं।
6. इस तरह के मैसेज के बाद जॉब ऑफर करने वाला अगर रूपये की डिमांड करे तो समझ लीजिए वह फ्रॉड है, क्योकिं कंपनी कभी भी पैसे लेकर जॉब नहीं देती।
7. किसी भी अनजान नम्बर से कॉल अथवा मैसेज आने पर ओटीपी शेयर न करें।
8. अगर आप किसी ठगी के शिकार हो गए है तो इसकी शिकायत तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या वेबसाइट https://www.cyber-crime.gov.in पर दर्ज करें। इसकी लिखित शिकायत अपने नजदीकी थाना या साइबर सेल/साइबर क्राइम थाने में दर्ज करें।


## कार्यालय ग्राम पंचायत-चक कुतबी, विकास खण्ड-खुटहन, जौनपुर

पत्रांक : मेमो/राज्य वित्त चौदहवां वित्त/मनरेगा/2024-25 दिनांक : 15.06.2024

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

**ग्राम पंचायत चक कुतबी** द्वारा महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना पंचम् वित्त/राज्य वित्त आयोग/चौदहवां वित्त/15या वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/केन्द्रीय वित्त आयोग/विधायक निधि/सांसद निधि/आंगनबाड़ी/सामुदायिक शौचालय/प्राथमिक विद्यालय पर शौचालय/पंचायत भवन/अन्योष्टि स्थल निर्माण/छठ व पूजाघाट/खेल का मैदान/वाटर सप्लाई एवं अन्य निधि के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट इण्टरलाकिंग ईट, बालू, सीमेन्ट, मोरंग व इत्यादि वर्मी कम्पोस्ट एवं ह्यूम पाईप सरिया पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट ठेला, कुदाल, झाड़ू, ब्लीच पाउडर, चूना, कूड़ादान, फागिंग मशीन, इण्डिया मार्का हैण्ड पम्प, रिबोर, ईंट की गिट्टी इत्यादि सामग्री से संबंधित आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म ईट भट्ठा मालिक/आपूर्तिकर्ता **दिनांक 22-6-2024** के **प्रातः 11:00 बजे तक** आपूर्ति हेतु निविदा दर एवं वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में **ग्राम पंचायत चक कुतबी** के निविदा बाक्स में डाल सकते हैं। निविदा उसी दिन अपराहन......बजे गठित कमेटी के समक्ष खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की धनराशि मु0 5000.0 रु0 होगी।

**नियम व शर्तें निम्नवत् हैं:-**

1. जिस आपूर्ति कर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति हेतु सूचित किया जायेगा।
2 आपूर्ति कर्ता का सेल्सटैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा आयकर 3 वर्ष का आयकर क्लीरेन्स करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा निविदा दाताओं की उपस्थिति में निर्धारित तिथि समय व स्थान पर टेन्डर खोला जायेगा।
4. आपूर्ति का कार्य **ग्राम पंचायत चक कुतबी** की परिधि में निर्धारित कार्यस्थल पर स्वीकृत दर अपने संसाधन से करना होगा।
5. जो दरें प्रस्तुत की जायें वह वैट तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामाग्री की मात्रा आवश्कतानुसार घट/बढ़ सकती है।
7. सामग्री की सचिव/ग्राम प्रधान के आदेश के पश्चात ही करनी है।
8. आपूर्तिकर्ता के बिल से 2.24 प्रतिशत आयकर तथा 4 प्रतिशत व्यापार कर की कटौती की जायेगी।
9. सचिव/ग्राम प्रधान/तकनीकी सहायक **विकास खण्ड खुटहन** के कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी/रिश्तेदारों के द्वारा निविदा नहीं डाली जायेगी।
10. सीमेंट की आपूर्ति हेतु सम्बन्धित के पास डीलरशीप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की स्थिति में आपूर्तिकर्ता हेतु खरीदी गयी सीमेंन्ट का पक्का बिल प्रस्तुत करना होगा।
11. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सचिव/ग्राम प्रधान/**ग्रा0पं0 चक कुतबी** के पास सुरक्षित होगा।
12. आपूर्तिकर्ता को भुगतान अवर अभियन्ता (प्रा0 अभि0वि0) तकनीकी सहायक द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त ही होगा।
13. धरोहर की धनराशि 2 प्रतिशत नगद/राष्ट्रीयकृत बैंक के एच0सी0सी0/एन0एस0सी0 के रूप में जो सचिव/ग्राम प्रधान के पद नाम से बन्धक होगा जमा करना होगा।
14. आपूर्तिदर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने का 7 दिवस के अन्दर आपूर्ति निर्धारित कार्य स्थल पर करना होगा।
15. निविदा फार्म का मूल्य 100.00 रु0 नकद जमा कर किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय **ग्राम पंचायत चक कुतबी** से प्राप्त किया जा सकता है। सामग्री आपूर्तिकर्ता के सम्बन्ध में नियम व शर्त एवं अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को **कार्यालय ग्राम पंचायत चक कुतबी** के तकनीकी सहायक से प्राप्त की जा सकती है। परियोजना लागत के क्रम में आपूर्ति आदेश की धनराशि के सापेक्ष 2 प्रतिशत जमानत राशि जमा करना होगा।

**अमरजीत मिश्रा**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत- चक कुतबी
विकास खण्ड- खुटहन, जिला- जौनपुर

**संदीप यादव**
ग्राम विकास अधिकारी/सचिव
ग्राम पंचायत- चक कुतबी
विकास खण्ड- खुटहन, जिला- जौनपुर



## कार्यालय ग्राम पंचायत-उपाध्यायपुर, विकास खण्ड-खुटहन, जौनपुर

पत्रांक : मेमो/राज्य वित्त चौदहवां वित्त/मनरेगा/2024-25 दिनांक : 15.06.2024

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

**ग्राम पंचायत उपाध्यायपुर** द्वारा महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना पंचम् वित्त/राज्य वित्त आयोग/चौदहवां वित्त/15या वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/केन्द्रीय वित्त आयोग/विधायक निधि/सांसद निधि/आंगनबाड़ी/सामुदायिक शौचालय/प्राथमिक विद्यालय पर शौचालय/पंचायत भवन/अन्योष्टि स्थल निर्माण/छठ व पूजाघाट/खेल का मैदान/वाटर सप्लाई एवं अन्य निधि के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट इण्टरलाकिंग ईट, बालू, सीमेन्ट, मोरंग व इत्यादि वर्मी कम्पोस्ट एवं ह्यूम पाईप सरिया पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट ठेला, कुदाल, झाड़ू, ब्लीच पाउडर, चूना, कूड़ादान, फागिंग मशीन, इण्डिया मार्का हैण्ड पम्प, रिबोर, ईंट की गिट्टी इत्यादि सामग्री से संबंधित आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म ईट भट्ठा मालिक/आपूर्तिकर्ता **दिनांक 22-6-2024** के **अपरान्ह 02:00 बजे तक** आपूर्ति हेतु निविदा दर एवं वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में **ग्राम पंचायत उपाध्यायपुर** के निविदा बाक्स में डाल सकते हैं। निविदा उसी दिन अपराहन......बजे गठित कमेटी के समक्ष खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की धनराशि मु0 5000.0 रु0 होगी।

**नियम व शर्तें निम्नवत् हैं:-**

1. जिस आपूर्ति कर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति हेतु सूचित किया जायेगा।
2 आपूर्ति कर्ता का सेल्सटैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा आयकर 3 वर्ष का आयकर क्लीरेन्स करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा निविदा दाताओं की उपस्थिति में निर्धारित तिथि समय व स्थान पर टेन्डर खोला जायेगा।
4. आपूर्ति का कार्य **ग्राम पंचायत उपाध्यायपुर** की परिधि में निर्धारित कार्यस्थल पर स्वीकृत दर अपने संसाधन से करना होगा।
5. जो दरें प्रस्तुत की जायें वह वैट तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामाग्री की मात्रा आवश्कतानुसार घट/बढ़ सकती है।
7. सामग्री की सचिव/ग्राम प्रधान के आदेश के पश्चात ही करनी है।
8. आपूर्तिकर्ता के बिल से 2.24 प्रतिशत आयकर तथा 4 प्रतिशत व्यापार कर की कटौती की जायेगी।
9. सचिव/ग्राम प्रधान/तकनीकी सहायक **विकास खण्ड खुटहन** के कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी/रिश्तेदारों के द्वारा निविदा नहीं डाली जायेगी।
10. सीमेंट की आपूर्ति हेतु सम्बन्धित के पास डीलरशीप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की स्थिति में आपूर्तिकर्ता हेतु खरीदी गयी सीमेंन्ट का पक्का बिल प्रस्तुत करना होगा।
11. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सचिव/ग्राम प्रधान/**ग्रा0पं0 उपाध्यायपुर** के पास सुरक्षित होगा।
12. आपूर्तिकर्ता को भुगतान अवर अभियन्ता (प्रा0 अभि0वि0) तकनीकी सहायक द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त ही होगा।
13. धरोहर की धनराशि 2 प्रतिशत नगद/राष्ट्रीयकृत बैंक के एच0सी0सी0/एन0एस0सी0 के रूप में जो सचिव/ग्राम प्रधान के पद नाम से बन्धक होगा जमा करना होगा।
14. आपूर्तिदर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने का 7 दिवस के अन्दर आपूर्ति निर्धारित कार्य स्थल पर करना होगा।
15. निविदा फार्म का मूल्य 100.00 रु0 नकद जमा कर किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय **ग्राम पंचायत उपाध्यायपुर** से प्राप्त किया जा सकता है। सामग्री आपूर्तिकर्ता के सम्बन्ध में नियम व शर्त एवं अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को **कार्यालय ग्राम पंचायत उपाध्यायपुर** के तकनीकी सहायक से प्राप्त की जा सकती है। परियोजना लागत के क्रम में आपूर्ति आदेश की धनराशि के सापेक्ष 2 प्रतिशत जमानत राशि जमा करना होगा।

**श्रीमती ममता देवा**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत- उपाध्यायपुर
विकास खण्ड- खुटहन, जिला- जौनपुर

**संदीप यादव**
ग्राम विकास अधिकारी/सचिव
ग्राम पंचायत- उपाध्यायपुर
विकास खण्ड- खुटहन, जिला- जौनपुर

# मेडिकल स्टोर संचालक से रंगदारी मांगने वाले अभियुक्त सहित दो को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



मेडिकल स्टोर संचालक से पांच लाख रुपए रंगदारी मांगने वाले बदमाशों को सरपतहां पुलिस मुठभेड में गिरफ्तार करने का दावा किया।
पुलिस सूत्रों के मुताबिक सरपतहां थाना क्षेत्र के शाहापुर तिराहे के पास पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में विगत दिनों अरसिया बाजार स्थित मेडिकल स्टोर संचालक से पांच लाख रुपए रंगदारी मांगने के एक अभियुक्त सहित एक अन्य शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया जबकि एक अन्य आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। बताया जाता है कि थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह उपनिरीक्षक सुनील चौरसिया पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे कि जरिए मुखबिर पुलिस को सूचना मिली कि रंगदारी मांगने में वाञ्छित अभियुक्त अपने दो साथियों के साथ बांधगांव से गैरवाह की तरफ आ रहा है। पुलिस तत्परता दिखाते हुए शाहापुर तिराहे के पास घेराबंदी कर अभियुक्तों के आने की प्रतीक्षा करने लगी, तभी बांधगांव की तरफ से एक बाइक पर तीन लोग आते दिखाई दिए, करीब पहुंचने पर पुलिस वाहन देख बाइक सवार पीछे मुड़कर विपरीत दिशा में भागने लगे, उसी दौरान बदमाशों की बाइक फिसल गयी जिससे तीनो गिर गये और भागने का प्रयास करने लगे। घेराबंदी की गई पुलिस टीम द्वारा जब तीनों को आत्मसमर्पण के लिए कहा गया तो उसमें से एक ने पुलिस टीम के ऊपर फायर कर दिया।पुलिस बल अपना बचाव करते हुए घेराबंदी कर दो व्यक्तियो को हिरासत मे ले लिया, जबकि एक अभियुक्त मौके से फरार हो गया।
हिरासत में लिए गये अभियुक्त की पहचान थाना क्षेत्र के भुसौड़ी निवासी विक्रान्त सिंह उर्फ गप्पू सिंह पुत्र रणजीत सिंह उर्फ मटरु सिंह को रूप में हुई। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से देशी तमंचा बरामद किया जबकि दूसरे ब्यक्ति की पहचान थाना क्षेत्र के बिगधरिया निवासी सौरभ भारद्वाज पुत्र स्व.राम चन्द्र राजभर के रूप में हुई। पुलिस द्वारा उसके पास से बिना नम्बर की मोटरसाइकिल बरामद की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त से जब भागने वाले तीसरे ब्यक्ति के विषय में पूंछा गया तो दोनो ने बताया कि भागने वाला तीसरा युवक चन्दन दूबे पुत्र कृष्ण कान्त दूबे है। गौरतलब है कि अरसिया बाजार में मेडिकल स्टोर संचालक से रंग दारी मांगने के मामले में पंजीकृत मुकदमें में विक्रान्त सिंह उर्फ गप्पू तथा चन्दन दूबे वाञ्छित है। गिरफ्तार विक्रान्त सिंह के विरुद्ध विभिन्न गम्भीर धाराओं में 12 मुकदमें दर्ज है।पुलिस ने गिरफ्तार उक्त दोनों अभियुक्त तथा चन्दन दूबे के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 307 एवं 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर आरोपित को चालान न्यायालय भेज दिया।

### रामपुर पुलिस ने नाबालिक लड़की को भगाने के आरोपी को किया गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ अजय पाल शर्मा जनपद जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रामपुर थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक रामजी सैनी हेड कास्टेबल प्रदीप यादव आज दिनांक 16.06.24 को समय सुबह करीब 09.30 बजे कुम्भापुर गेट के पास से संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चैकिंग के दौरान थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0–98/2024 धारा 363/366 आईपीसी थाना रामपुर जनपद जौनपुर से सम्बन्धिंत वाछिंत अभियुक्त अशोक पटेल पुत्र चन्द्रबली पटेल उर्फ गोली पटेल निवासी जीतापुर थाना रामपुर जनपद जौनपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## जेसीबी व ट्रैक्टर के जरिए हो रही खुदाई



### कागज़ों पर मनरेगा कार्य बताया जा रहा है

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

शाहगंज कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ताखा पश्चिम गांव में जेसीबी से तालाब की खुदाई और ट्रैक्टर ट्राली से मिट्टी ढुलाई का वीडियो वारयल हो रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि तालाब सफाई के नाम पर जेसीबी मशीन से खुदाई करवा कर बेचा जा रहा है।
जबकि शासन को गलत खबर दिया है कि यहां कार्य श्रमदान के जरिए कराया गया है। ग्रामीणों ने मामले की सूचना एसडीएम तहसीलदार समेत उच्चाधिकारियों को दे जांच की मांग किया है। हालांकि आप का अपना अखबार हिंदुस्तान वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता।
क्षेत्र के ताखा पश्चिम गांव स्थित एक तालाब जिसका रकबा 12 बीघा है। ग्रामीणों का आरोप है कि तालाब की खुदाई कार्य जेसीबी मशीन द्वारा लगातार तीन चार दिनों से देर शाम को शुरू कराया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि अभिलेखों पर श्रमदान कर तालाब खुदाई का कार्य दिखाया गया है। जबकि सच्चाई यह कि न ही कोई श्रमदान या मनरेगा के तहत कोई कार्य किया गया है। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी व तहसीलदार को मामले की सूचना दे तत्काल ग्राम प्रधान व जेसीबी मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया है। इस बाबत तहसीलदार आशीष सिंह ने बताया कि सूचना के बाद काम रोकने का आदेश दिया गया है। जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

## 30 जून के पहले सीएमआर का शत प्रतिशत संप्रदान एफसीआई डिपो में करें : जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड की अध्यक्षता में धान खरीद की समीक्षा बैठक मीटिंग हॉल में शनिवार देर सायं संपन्न हुई।
जिलाधिकारी के द्वारा जनपद के राइस मिल पर अवशेष सीएमआर (कस्टम मिल राइस) की समीक्षा की गई। विपणन शाखा, पी सी यू एवं पीएसएफ का सीएमआर उतार अभी बाकी है।
जिलाधिकारी द्वारा सभी मिलों को कड़े निर्देश दिए गए कि 30 जून के पहले सीएमआर का शत प्रतिशत संप्रदान एफसीआई डिपो में करें, इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी।
उन्होंने कहा कि जो मिले निर्धारित समयावधि में सीएमआर उतार नहीं कर पाएंगे, उन्हें आगामी वर्षों के लिए डिबार कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी जिला प्रबंधकों एवं डीएफएमओ, एआर कोऑपरेटिव को निर्देश दिया गया कि समस्त मिलो का निरीक्षण करते हुए निर्धारित समय अवधि में शत प्रतिशत सीएमआर संप्रदान कराये।
इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयवर चौहान, डीएफएमओ एन के पाठक, एआर कोऑपरेटिव अमित पांडे, आर एम पीसीएफ, जिला प्रबंधक पीएसएफ, जिला प्रबंधक पी सी यू, सभी राइस मिल प्रोपराइटर उपस्थित रहे।

## पानी टंकी का मोटर जलने के कारण पेयजल आपूर्ति ठप, ग्रामीण हो रहे परेशान

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



**सरायख्वाजा।** करंजाकला विकासखंड के आदमपुर गांव में 2 वर्ष पहले जल जीवन मिशन के तहत 2 लाख लीटर क्षमता वाला टंकी का निर्माण किया गया था।जिससे 250 से ज्यादा लोगो के घरों तक पानी पहुंचता है।टंकी का निर्माण होने के बाद इसे ग्राम पंचायत स्तर पर गठित कमेटी को देखरेख के लिए सौंप दिया गया था।
तब से लेकर जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत बनी टंकी का देख रेख ग्राम प्रधान आदमपुर द्वारा किया जा रहा था। लगभग 10 दिनों से टंकी का मोटर जलने के कारण पेयजल आपूर्ति ठप हो गई है। ग्रामीण ग्राम प्रधान से मरम्मत कराने के लिए सवाल जवाब कर रहे हैं तो दूसरी तरफ ग्राम प्रधान का कहना है कि जब पेयजल आपूर्ति के लिए निर्धारित शुल्क नहीं वसूल किए जाएंगे तो मरम्मत करना संभव नही है। आदमपुर के प्रधान ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत टंकी का संचालन ग्रामीणों द्वारा निर्धारित शुल्क अदा करके किया जाता था। लेकिन लगभग एक वर्षों से ग्रामीणों द्वारा अभी तक बकाया का भुगतान नहीं किया गया है। ऐसे में मोटर की मरम्मत करना संभव नहीं है।
बता दे की वर्ष 2022 में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत आदमपुर गांव में 2 लाख लीटर की क्षमता वाला टंकी का निर्माण किया गया था तब से लगभग 250 लोगो से ज्यादा घरों की जल आपूर्ति का काम इसी टंकी से लिया जाता था। 10 दिन पहले टंकी में लगी मोटर खराब हो गई और उसके बाद लोगों के घरों तक पानी जाना बंद हो गया। लोग पानी के लिए मुसीबत का सामना कर रहे हैं।

## नीट में हुई धांधली पर कक्षा चार के बच्चे ने लिखी किताब, अमेज़न पर बिक्री जोरों पर

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



**सुइथाकला।** तत्काल में एन ए टी द्वारा आयोजित नीट की परीक्षा में हुई धांधली को लेकर कक्षा 4के बच्चे ने एआई टेक्नोलॉजी के माध्यम से एक किताब लिख डाली।जिसे लेकर लोगों में चर्चाओं का दौर जारी है।
सेण्ट थामस रोड निवासी पशु चिकित्सा अधिकारी डाक्टर आलोक सिंह पालीवाल के पुत्र और नरसिंह पालीवाल के पौत्र राघव पालीवाल कक्षा 4के छात्र हैं। वर्तमान में एन ए टी द्वारा आयोजित नीट परीक्षा में हुई धांधली पर बाल मन इस तरह प्रभावित हुआ कि उसने एआई टेक्नोलॉजी के माध्यम से 181पेज का द विगेस्ट फ्राड आफ नीट नामक पुस्तक की रचना कर डाली।जिसे उसने 15जून को अमेज़न पर डाला और रविवार को वह प्रकाशित हो गई। बताया जाता है कि अब तक उसकी लिखी उक्त पुस्तक की पांच प्रतियां विक्री हो चुकी।जिसे लेकर लोगों में चर्चाओं का दौर जारी है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### अब राशन दुकानदार बेच सकते है 35 वस्तुए

**जन एक्सप्रेस। बरखेड़ा।** अब राशन दुकानदार बेच सकते 35 अवश्यक वस्तुएं ।बताते चले कस्बा बरखेड़ा में कुछ अफ़बाह को लेकर कोटेदारों पर सवाल खड़े कर दिए गए थे ।वही कस्बा मे राशन दुकानदार कार्ड धारको को राशन लेने आए और बदले मे निरमा पाउडर देने लगे जिसकी कीमत पचास रुपए रखी गई थी ।और वही कार्ड धारको के द्वारा बताया गया था की अगर राशन लेना है तो निरमा पाउडर लेना अनिवार्य है अगर निरमा नही लोगे तो राशन नही मिलेगा ।जब कार्ड धारको ने इस बात का विरोध किया तो किसी ने विडिओ बनाकर वायरल कर दी थी। वही जब जानकारी राशन दुकानदार से की गई तो बताया गया है 35 वास्तुए बेच सकते जिसका हम लोगो के पास आदेश रखा हुआ है और जो कार्ड धारक अपनी मर्जी से लेना चाए वह बाजार मूल्य से कम दामो मे ले सकता है घरेलु सामान किसी को जबर्दस्ती नही दिया जा रहा है।

### गांव मे घेर कर दबंगो ने की मारपीट, मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस। बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के गाव जारकल्लिया निवासी मान सिंह पुत्र मनोहर लाल ने थाना पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है की रविवार के दिन समय 11बजे गांव मे अपने घर जा रहा था ।तो रास्ते मे गंगासागर पुत्र नोखेलाल, नरेश पुत्र माखनलाल मिले जिन्होने मुझे देखकर गली देने लगे ।मैने मना किया तो उन्होने लाठी डंण्डो से मारपीट की तथा मुझे जान से मारने की धमकी दी है ।वही बरखेडा पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### मोटरसाइकिल से हुई मौत के मामले में मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस। बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव सिमरिया ताराचंद निवासी नन्हेंलाल पुत्र भोलानाथ ने थाना पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है की दिनांक 08–06–24 को प्रार्थी के पिता भोलेनाथ पुत्र ख्यालीराम अपने खेत से पैदल अपने घर वापस आ रहे थे ।तभी बीसलपुर पीलीभीत रोड पर प्रार्थी के पिता गांव से थोड़ा पहले ही थे ।तभी समय करीब 12 बजे दिन के बीसलपुर की तरफ से पीछे से आ रही एक मोटरसाइकिल संख्या यूपी 26 एएच–1178 के चालक ने मोटरसाइकिल को तेजी ,लापरवाही एव अनियंत्रित गति से थी जिसकी टक्कर से मेरे पिता की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी ।और मोटरसाइकिल चालक मोटरसाइकिल मौके पर छोड़कर कर फरार हो गया था ।वही बरखेडा पुलिस ने मृतक के पुत्र से मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।




### खनन की शिकायत करनी ग्रामीण को पड़ी महंगी

**जन एक्सप्रेस। बीसलपुर।** इस समय बीसलपुर तहसील क्षेत्र में खनन का सिलसिला जोरों पर चल रहा है। जिसकी शिकायत ग्रामीण ने उपजिलाधिकारी से की। खनन तो नहीं रुका उल्टा खनन माफिया ने ग्रामीण को जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। इस समय बीसलपुर तहसील क्षेत्र में लगातार खनन किया जा रहा है। जिसकी शिकायत खनंका उचसिया निवासी आदेश कुमार सिंह पुत्र सर्वेश कुमार सिंह ने उपजिलाधिकारी महिपाल सिंह से 13 जून को की थी। खनन तो नहीं रुका उल्टा 14 जून को खनन माफिया द्वारा ग्रामीण को गालियां दी गयीं और दोबारा शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। जिससे शिकायतकर्ता काफी आहत है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर खनन माफिया के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### निराश्रित महिला पेंशन योजना में आधार सीडिंग एवं बैंक से एन0पी0सी0आई आवश्यक

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत।** जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता द्वारा बताया गया कि अभी तक जनपद में आधार सीडिंग की जा रही थी। अब से बैंक जाकर सभी लाभार्थी महिलाओं को अपने खाते में एन0पी0सी0आई0 कराना होगा। वित्तीय वर्ष 2024–25 की प्रथम किस्त जून माह में आधार बेस पेमेन्ट के माध्यम से किया जाना है, जिसके चलते एन0पी0सी0आई0 करवाना आवश्यक कर दिया गया है। एन0पी0सी0आई0 का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाना है। अतः जिन लाभार्थियों के खाते मे बैंक एन0पी0 सी0आई0 नहीं है और जिन्होंने पेंशन में KYC नहीं करवायी है वो यथाशीघ्र अपने बैंक खाते में एन0पी0सी0आई0 करवा लेइ। जिससे वर्ष 2024–25 की प्रथम तिमाही की किश्त सभी लाभार्थियों के खाते में आसानी से भेजी जा सके।

### दक्षिणी परिसर में हुई मारपीट के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर

देहात कोतवाली पुलिस ने बीएचयू के बरकछा स्थित राजीव गांधी दक्षिणी परिसर में हुई मारपीट के मामले में शनिवार को चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। बीएचयू के बरकछा स्थित राजीव गांधी दक्षिणी परिसर में बीते 12 जून की शाम दो बाइकों की टक्कर के बाद बीकॉम और वीवोक के छात्रों के बीच मारपीट हुई थी। मारपीट की इस घटना में दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनको ट्रॉमा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया गया। मारपीट की घटना से नाराज छात्रों का एक गुट धरने पर बैठ गया था। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया था। मारपीट के मामले में उप आरक्षाधिकारी के निर्देश पर सुरक्षा सुपरवाइजर ने देहात कोतवाली में तहरीर दी थी। तहरीर पर पुलिस ने दोनों पक्ष के 14 नामजद और अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जेल भेज दिया गया।

## उर्स के मेले में बाइक हुई चोरी पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर




परसंडी में नदी के किनारे चल रहे उर्स का मेला देखने गये युवक की बाइक चोरी हो गई। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।
दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव परसंडी निवासी राजाराम ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि परसंडी में नदी के किनारे चल रहे उर्स के मेले में उसका बेटा संजीव कुमार बाइक से मेला देखने और जहां पर अन्य बाइकें खड़ी थीं वहीं अपनी बाइक खड़ी कर दी। वापस आकर देखा तो बाइक गायब थी। काफी देर तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। प्रभारी निरीक्षक राजीव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि परसंडी से एक बाइक चोरी की तहरीर मिली है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

## आम के पेड़ से आम तोड़ रहा युवक जमीन पर गिरा

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर



गांव चौसरा में आम के पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रहा युवक का अचानक पैर फिसल गया जिससे वह जमीन पर गिर गया। जिससे उसका एक हाथ टूट गया। चीख पुकार सुनकर मौके पर ग्रामीण एकत्र हो गये। ग्रामीण ने 108 ऐम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची ऐम्बुलेंस ने घायल युवक को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।
बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव चौसरा निवासी ब्रजेश कुमार पुत्र सीताराम गांव में ही स्थित एक आम के पेड़ पर चढ़ गया और आम तोड़ने की ललक में पतली टहनी पर पहुंच गया। जिससे उसका पैर फिसल गया और जमीन पर गिर गया। चीख पुकार सुनकर आस पड़ोस में काम कर रहे ग्रामीण एकत्र हो गये। ग्रामीणों ने मामले की सूचना 108 ऐम्बुलेंस को दी। सूचना पर पहुंची ऐम्बुलेंस ने नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने घायल का प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## गंगा दशहरा पर्व के उपलक्ष में लगा शर्बत प्याऊ



जन एक्सप्रेस । बरखेड़ा

आज गंगा दशहरा पर्व के उपलक्ष में जहां जनपद भर में जगह-जगह शरबत का प्याऊ लगाकर लोगों को शरबत का वितरण किया गया जिसमें जनपद भर में आ जा रहे लोगों को मीठे ठंडे शरबत को बांटा गया इतना ही नहीं जनपद के बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव ज्योहरा कल्यानपुर मे गंगा दशहरा पर्व पर शर्बत प्याऊ का आयोजन किया गया।इस भीषण गर्मी मे रहागीरो के लिए राहत पहुंचाते हुए गांव ज्योहरा कल्यानपुर निवासी रोशनलाल शर्मा, राहुल शर्मा ने गांव मे प्याऊ लगाया।

### मिलने के लिए बुलाया फिर गला रेत कर दी हत्या

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर

हलिया। थाना क्षेत्र के अहुगी कला गांव निवासी युवती की प्रेमी ने शुक्रवार की रात गला रेतकर हत्या करने के बाद शव को हलिया-सोनगढ़ा मार्ग पर स्थित पुलिया के नीचे छिपा दिया।
रात में घर नहीं आने पर परिजन खोजते रहे। शनिवार की सुबह पुलिया की ओर गए ग्रामीणों ने शव देख परिजनों और पुलिस को सूचना दी।
सूचना पर एसपी, एएसपी, सीओ और थानाध्यक्ष ने डॉग स्क्वॉड और फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचकर छानबीन की। पुलिस आरोपी प्रेमी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश में जुटी है।

### हिन्दू महासभा ने पालिका अध्यक्ष के सहयोग से कराया गौवंशीय पशुओं का अंतिम संस्कार

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत।** रविवार सुबह को गंगा दशहरा के पावन पर्व पर ब्रह्मचारी घाट पर गंगा स्नान करने गए श्रद्धालुओं ने हिंदू महासभा के युवा जिला महामंत्री आयुष सक्सेना को सूचना दी कि घाट के किनारे पर कुछ गौवंशीय पशु मारे हुए पड़े हैं, जिनमें से कुछ को कुत्तों आदि ने भी खाया हुआ है। सूचना प्राप्त होने पर युवा जिला महामंत्री तत्काल ब्रह्मचारी घाट पहुंचे वहां पर मौके पर उन्हें लगभग 8 से 10 गौवंशीय पशुओं के अधखाए शव पड़े दिखे जिसकी सूचना उन्होंने अपने युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा को दी युवा जिलाध्यक्ष ने नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर आस्था अग्रवाल को सूचना दी एवं इस समस्या के समाधान की मांग की।

## मिर्ज़ापुर में गंगा स्नान करते समय डूबने से दो किशोरियों की मौत



जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर

मिर्ज़ापुर जिले में गंगा दशहरा पर स्नान करते समय दो किशोरियों की डूबने से मौत हो गई। जबकि दो किशोरियों को लोगों ने बचा लिया। घटना के बाद दोनों के परिवार में कोहराम मच गया।
मिर्ज़ापुर जिले के चिल्ह थाना क्षेत्र के डिगुरपट्टी गांव के गंगा घाट पर रविवार की सुबह गंगा स्नान करने गई दो किशोरियां डूब गईं, जबकि दो किशोरियों को स्थानीय लोगों ने बचाया।
क्षेत्र निवासी नैंसी सरोज (14) व आंचल सरोज (15), शालू, शिवानी, स्नेहा, प्रतिज्ञा सभी गंगा नदी में स्नान कर रही थीं। इसी बीच नैंसी और आंचल के साथ ही स्नेहा और प्रतिज्ञा गहरे पानी में चली गईं।
डूब रही किशोरियों को देख गंगा घाट पर स्नान कर रही महिलाओं ने शोर मचाना शुरू किया।
तब गांव के ही रामजस, सिकंदर व संतलाल गंगा नदी में छलांग लगाकर स्नेहा पुत्री राम हौसला सरोज व प्रतिज्ञा पुत्री शिवजीत डिगुरपट्टी को बचा लिया।
वहीं नैंसी निवासी डिगुरपट्टी व आंचल निवासी श्रीपट्टी गंगा नदी में लापता हो गईं। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची चील्ह थाना अध्यक्ष रीता यादव ने गोताखोर की मदद से नैंसी व आंचल का शव घटनास्थल से थोड़ी दूरी पर बरामद कर लिया। इसके बाद पुलिस शव के पोस्टमार्टम की कार्रवाई में जुट गई।
घटना की सूचना पर गंगा घाट पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई।
लोग बच्चियों के जिंदा होने की आशा लगाए रहे, लेकिन कुछ देर बाद गंगा नदी में से दोनों का शव बरामद हुआ। घटना से परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। आंचल अपने मामा के घर डिगुरपट्टी आई थी।

# बिल्हौर तहसील क्षेत्र में गंगा तट पर दशहरा पर्व पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह



**बिल्हौर।** तहसील क्षेत्र में दर्जनों गंगा तट पर मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरा का पर्व मनाया जाता है। मान्यता के अनुसार गंगा दशहरा के दिन ही मां गंगा स्वर्ग लोक से पृथ्वी लोक पर अवतरित हुई थी। रविवार को गंगा दशहरा का पर्व होने को लेकर बिल्हौर तहसील धर्म की नगरी आंकिन गंगा घाट, नानामऊ ,आटिया, खेरेश्वर घाट, बंदी माता घाट, बिठूर स्थित ब्रह्मावर्त घाट स्नान के लिए ब्रह्म मुहूर्त से ही आस्थावानो का जनसैलाब उमड़ा। लाखों की संख्या में गंगा घाट पहुंच आस्थावान मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार गंगा दशहरा पर मां गंगा में डुबकी लगाने से आरोग्य व अमृत योग की प्राप्ति के साथ दस पाप कट जाते है। ऐसे में बिल्हौर तहसील के गंगा घाटों में अस्थावन मां गंगा में स्नान और ध्यान के साथ पूजन के पश्चात दान -पुण्य कर रहे है। **क्या है गंगा दशहरा का पौराणिक मान्यता?**, गंगा स्नान संभव न होने पर करे ये काम पौराणिक कथाओं के अनुसार आज के दिन ही भागीरथी ने अपने पूर्वजों के उद्धार के लिए तपस्या कर मां गंगा को स्वर्गलोक से लेकर आया था। स्वर्गलोक से पृथ्वी लोक पर मां गंगा भगवान शिव की जटाओं से होकर निकली। कहा जाता है, कि तभी से जेष्ठ मास के शुक्ल पक्ष के दशमी तिथि को मां गंगा के पूजा और विशेष स्नान की परंपरा शुरू हुई। कहा जाता है, कि आज के दिन मां गंगा में आस्था की डुबकी लगा ध्यान और दान करने से लोगो का उद्धार होता है। गंगा घाटों के पुजारियों के अनुसार जो लोग आज के दिन मां गंगा में स्नान करना जिनके लिए संभव नहीं हो वह श्रद्धालु शीतल जल में गंगा जल और तुलसी का पत्ता मिलाकर स्नान कर सकते है। वही स्नान के पश्चात वह भगवान भास्कर को जल अर्पित कर मां गंगा की आराधना करे और तत्पश्चात निर्धन व्यक्तियों और ब्राह्मणों को दान पुण्य करे।

चौबेपुर थानाध्यक्ष, शिवराजपुर थानाध्यक्ष, ककवन थानाध्यक्ष, बिल्हौर थाना प्रभारी केशव कुमार तिवारी व अतिरिक्त थाना अध्यक्ष सतीश चंद्र अरौल थाना प्रभारी अखिलेश कुमार पाल उत्तरीपुरा चौकी अतिरिक्त इंचार्ज सत्येन्द्र सिंह यूटी उपनिरीक्षक देव सिंह यूटी उपनिरीक्षक संजय सिंह यूटी उपनिरीक्षक सोनू गुप्ता बिजेंद्र दिवान राजेंद्र सिंह फौजी उर्फ पहलवान महेंद्र पाल धर्मपाल आदि पुलिस कर्मियों की देखरेख में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम, सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी एवं माइक लाउडस्पीकर से श्रद्धालुओं को गहरे पानी में न जाने की चेतावनी लगातार पुलिस के द्वारा दी जा रही थी जिससे कोई श्रद्धालुओं को असुविधा व अनहोनी ना हो सके।

### तहसील व पुलिस अधिकारी के पुख्ता इंतजाम

बिल्हौर एसडीएम रश्मि लंबा, तहसीलदार तिमराज सिंह, बिल्हौर एसीपी अजय त्रिवेदी, एलआईयू एके सिंह आदि सर्किल क्षेत्र में सभी घाटों पर नजर बनाए रहे और पाल-पाल की खबरें उचित अधिकारियों को भेजते रहें। में गंगा दशहरा पर सभी गंगा तट पर उमड़े लाखो श्रद्धाओं को देखते हुए कानपुर कमिश्नरेट पुलिस ने सुरक्षा के खास इंतेजाम किए है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए जहां सभी थानों की पुलिस टीम के साथ अतिरिक्त पीएसी के जवान लगाए गए है, तो वही सादे वस्त्र में भी पुलिस और इंटेलिजेंस के जवान तैनात किए गए है। बिल्हौर तहसील के सभी घाटों की निगरानी पुलिस टीम सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से कर रही है। जबकि एनडीआरएफ और जल पुलिस की टीम लगातार गंगा नदी में श्रद्धालुओं को गहरे पानी में स्नान न करने की अपील करते रहे।

# बिल्हौर तहसील में सोमवार मनाई जाएगी बकरा ईद पुलिस की निगरानी में अदा होगी नवाज़

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में ईद उल अजहा (बकरा ईद) का त्योहार सोमवार (17 जून) को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। ईद की तरह बकरा ईद की शुरुआत भी ईद की नमाज से होती है। ऐसे में इस्लाम के दूसरे सबसे बड़े पर्व की नमाज बिल्हौर चौबेपुर, शिवराजपुर, ककव, अरौल, मकनपुर उत्तरीपुरा के मजिस्दों में नवाज़ अदा की जाती है क्या कुछ कहा उत्तरीपुरा के नूरी मस्जिद के इमाम राशीद खां ने बकरीद का महत्व बकरीद का त्योहार मनाए जाने के पीछे पैगंबर हजरत इब्राहिम की कहानी जुड़ी है. जब अल्लाह ने सपने में उनसे उनकी सबसे प्यारी चीज मांगी तो उन्होंने अल्लाह को अपनी सबसे प्यारी चीज के रूप अपने बेटे को सौंपने का फैसला कर लिया. अपनी आंखों पर पट्टी लगाकर पैगंबर हजरत इब्राहिम ने बेटे की कुर्बानी दे दी, लेकिन जब उन्होंने आंखों से पट्टी हटाई तो बेटा सही सलामत था और कुर्बानी के स्थान पर बकरा था. इसलिए बकरीद के दिन बकरे की कुर्बानी देने का महत्व है. बकरीद के दिन कुर्बानी दी जाती है. लोग नए कपड़े पहनते हैं, पकवान बनाए जाते हैं. मस्जिद में बकरीद की नमाज अदा की जाती है और घर पर रिश्तेदारों का आना-जाना होता है. बकरीद के दिन जानवर की कुर्बानी दी जाती है और इसके गोश्त को तीन हिस्सों में बांटा जाता है. इसमें से एक हिस्सा गरीबों में दान किया जाता है, जबकि दूसरा हिस्सा दोस्तों और रिश्तेदारों को दिया जाता है. बचे हुए आखिरी हिस्से को परिवार में रखा वहीं बकरीद के त्योहार की तैयारियों में जुटे पूरा निवासी वसीम अहमद इदरीशी गोलू सिद्दीकी कासिम इदरीसी छोटे ठेकेदार मोंटी उर्फ शावज अहमद नाजिम इदरीसी आरिफ हार्डवेयर शब्बीर अली हनीफ इदरीसी छोटे इदरीसी बकरीद के त्योहार को लेकर उत्साहित दिखे।

### उत्तरीपुरा पुलिस से बदन निवादा गांव में झूठे मुकदमे व मारपीट में फसाने की शिकायत

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो। बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के उत्तरी पूरा चौकी के बदननिवादा निवासी राजाराम वर्मा पुत्र भदई ने पुलिस को दिए शिक़ायती प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि गांव के ही राजू वर्मा पुत्र भिखारी व सोनू वर्मा भाई मोनू वर्मा एक राय होकर मेरे भतीजे राम शंकर शिव शंकर जयकरण भाई रमेश वर्मा को एक राय होकर घर पर चढ़कर 14 जून को रात्रि करीब 11 बजे मां बहन की गलियां दे रहे थे तभी मेरे भाई व भतीजों द्वारा उपरोक्त लोगों का विरोध किया गया तब एक राय होकर मारपीट करने लगे और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगे आज 16 जून समय करीब 4 बजे मैं अपने दरवाजे पर बैठा थे तभी सोनू मोनू मेरे दरवाजे पर आए और गाली गलौज करने लगे कहने लगे की तेरे भतीजे राम शंकर शिव शंकर जयकरण व तेरे भाई रमेश को मैं देख लूंगा और धमकी देते हुए बार-बार घर के दरवाजे पर आकर गाली गलौज वह देख लेने की धमकी देते रहे वहीं पूरे मामले पर उत्तरी पूरा चौकी इंचार्ज सतीश चंद्र ने बताया कि जांच कर उपरोक्त लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# पुलिस समर कैंप में बच्चो को दिया गया प्रशिक्षण



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

आज पुलिस लाइन में संचालित 15 दिवसीय समर कैंप के दौरान बच्चों को शूटिंग, ताइक्कांडो, टेबल टेनिस और डांसिंग आदि का प्रशिक्षण दिया गया।

अध्यक्ष वामा सारथी कामिनी कौशल के सौजन्य से आज पुलिस लाइन में संचालित 15 दिवसीय समर कैंप के दौरान प्रशिक्षकों द्वारा 12वीं कक्षा तक के छात्रों को विभिन्न खेलों जैसे टेबल टेनिस, लॉन टेनिस ताइक्कांडो तथा शूटिंग आदि का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रतिभाग करने वाले बच्चों को पुलिस के साथ जुडकर, सकारात्मक संबंधों और सामुदायिक भावना को बढ़ावा देने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद की इस पहल को ÷कन्नौज पुलिस बच्चों को शैक्षिक और मनोरंजक अवसर प्रदान करने सहित हर क्षमता में जनपदवासियों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

समर कैंप आयोजन न केवल बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करेगा बल्कि कानून प्रवर्तन और समुदाय के बीच के बंधन को भी मजबूती प्रदान करेगा।

### कृषि स्नातकों के लिए खुलेंगे 46 एग्री जंक्शन केंद्र

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। कृषि स्नातकों के लिए शासन ने 46 एग्री जंक्शन खोलने का लक्ष्य दिया है। उप कृषि निदेशक डॉ. मुकुल तिवारी ने बताया कि एग्री जंक्शन केंद्र से किसानों को भी फायदा होगा। किसानों को एक ही स्थान पर खाद, बीज और कीटनाशक मिल सकेंगे। केंद्र केवल कृषि स्नातक ही खोल सकेंगे। बताया कि प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलंबन योजना के तहत ही कृषि केंद्र (एग्री जंक्शन) खोले जाएंगे।

# गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं के जनसैलाब से लगा भीषण जाम, डीएम-एसपी खुद खुलवाते दिखे





जन एक्सप्रेस । कन्नौज

मेहंदीघाट पर गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। यहां दूर-दराज जिलों से लोग गंगा स्नान के लिए पहुंचे। भारी भीड़ के चलते हरदोई-कन्नौज रोड पर जाम लग गया। यहां एम्बुलेंस समेत जिले के आला अफसरों की गाड़ियां फंस गईं। ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों ने जाम खुलवाने में दिलचस्पी नहीं दिखाई। जिससे भीषण गर्मी में महिलाओं और बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। और तो और एक वक्त ऐसा भी आया जब जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल और एसपी अमित कुमार आनंद खुद ट्रैफिक हवलदार की तरह जाम खुलवाने की कोशिश करते देखे गए। गंगा दशहरा पर हर साल कन्नौज में हजारों की तादाद में श्रद्धालु मेहंदीघाट पर पहुंचते हैं। यहां एक दिन पहले ही पहुंच कर श्रद्धालु डेरा जमा लेते हैं और अगले दिन तड़के गंगा स्नान कर के अपने-अपने घरों की ओर रवाना होने लगते हैं। रविवार को भी गंगा स्नान के लिए बड़ी तादात में श्रद्धालु यहां पहुंचे और स्नान कर पूजा-पाठ किया। मान्यता है कि अपने पूर्वजों के उद्धार के लिए भागीरथ इसी दिन गंगा को धरती पर लेकर आए थे। तभी से गंगा स्नान और पूजा-पाठ की परंपरा चली आ रही है। यही वजह है कि कन्नौज के मेहंदीघाट पर हर साल गंगा स्नान के लिए भारी भीड़ उमड़ती है। यहां श्रद्धालुओं की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन की ओर से तमाम व्यवस्थाएं की जाती हैं। पुलिस की ओर से सुरक्षा और जाम से निपटने के प्रबन्ध किये जाते हैं। जिससे श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

### गर्मी में परेशान हुए लोग

इस वर्ष भी गंगा दशहरा से पहले प्रशासन ने तमाम तैयारियां कीं। लेकिन अधिकारियों और कर्मचारियों के दिलचस्पी न लेने के कारण सभी इंतजाम धरे रहे गए। सुबह तड़के ही हरदोई-कन्नौज रोड पर भीषण जाम लग गया। ऑटो, ई-रिक्शा और ट्रैक्टरों की वजह से श्रद्धालुओं को घण्टों जाम में फंसना पड़ गया। हालत ये थी कि भीषण गर्मी में लगे जाम में एम्बुलेंस और अधिकारियों की गाड़ियां भी फंसी रहीं। जबकि ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी जाम खुलवाने की बजाय छाया में खड़े बातें करते रहे। जिस कारण महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक समस्या का सामना करना पड़ा।

### गंगा स्नान करने पहुंचा श्रद्धालु गायब

कन्नौज के मेहंदीघाट पर गंगा स्नान के लिए मध्यप्रदेश के भिंड जिले से पहुंचे ब्रजपाल के 50 वर्षीय बहनोई रघुवीर गायब हो गए। उन्होंने बताया कि जब वह गंगा स्नान कर के पूजा-पाठ करने लगे, तब भिंड जिले के दखिनाई गांव निवासी उनके बहनोई स्नान करने गए। लेकिन काफी देर इंतजार करने के बाद भी वह वापस नहीं लौटे। उनकी काफी खोजबीन की। पुलिस को भी सूचना दी, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। गंगा में बहनोई की तलाश के लिए गोताखोर को बुलाया गया, लेकिन तलाश करने की वजह खानापूर्ति कर के वह लोग नाव लेकर सीधे निकल गए।

### सपाइयों ने किया शरबत वितरण

गंगा दशहरा पर्व पर कई जगहों पर समाजवादी कार्यकर्ताओं द्वारा गंगा स्नान करने आए हुए श्रद्धालुओ को शरबत वितरित किया गया। इस मौके पर समाजवादी नेता नबाब सिंह यादव ने शरबत वितरण में पहुंचकर अपने कार्यकर्ताओं का हौसला अफजाई करते हुए कहा आप आए हुए श्रद्धालुओ को शरबत वितरण करके बहुत नेक काम कर रहे है और सच्चे समाजवाद पर चलने का काम कर रहे है। इसके अलावा इतिहास में भी लिखा है किसी भी व्यक्ति को पानी पिलाना बहुत नेक काम है आज भीषण गर्मी में आप सबने मिलकर जो नेक काम किया है उसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। इस मौके पर गोल्डन मिश्रा, राम आसरे यादव, प्रेम यादव, अजीत यादव, अंशु बंटी आदि लोग मौजूद रहे।

# जेल जाने के डर से युवक ने फंदा लगाकर जान दी





**✻ एक युवती के घर से जाने में मदद करने का था आरोप**

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

युवक की आत्महत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। युवक पर एक युवती के घर से जाने में मदद करने का आरोप था। पुलिस पूछताछ करना चाहती थी। जेल जाने के डर से युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी।

एक युवती को घर से जाने में मदद करने के आरोप से घिरे युवक ने जेल जाने के डर से फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों का आरोप है कि केस में झूठा फंसाए जाने और जेल जाने के डर से उसने खुदकुशी कर ली। औरास थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी 20 साल की युवती 11 जून को परिवार के साथ चंडीगढ़ से अपने गांव आई थी। 12 जून को वह परिजनों को बिना बताए कहीं चली गई थी।

तलाश के दौरान परिजनों को पता चला कि युवती हरदोई के कासिमपुर गांव निवासी निमित नाम के युवक के साथ गई है। युवती के परिजनों का आरोप था कि पड़ोस के गांव पुरथ्यावां निवासी युवक सलीम अहमद (22) और उसके चचेरे भाई शाहरुख ने निमित का युवती को ले जाने में सहयोग किया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। शनिवार शाम को औरास थाना पुलिस सलीम और उसके चचेरे भाई शाहरुख के घर गई थी। दोनों के न मिलने पर उनके परिजनों को रविवार को थाने भेजने की हिदायत दी थी। पुलिस ने परिजनों से सलीम का मोबाइल भी ले लिया था। मृतक के भाई शफीक ने बताया कि सलीम की घटना में कोई संलिप्तता नहीं थी। भाई के मुताबिक, मुकदमे में नामजद होने के बाद पुलिस के घर आकर थाने बुलाने और जेल जाने के डर से सलीम अवसाद में आ गया और खुदकुशी कर ली। रविवार सुबह उसका शव बरामदे में फंदे से लटका मिला।

सलीम अहमद चार भाइयों में तीसरे नंबर का था और अविवाहित था। थानाध्यक्ष रेखा सिंह ने बताया कि लापता युवती की मां की तहरीर पर तीन युवकों पर रिपोर्ट दर्ज हुई थी। सलीम को थाने पूछताछ के लिए भेजने के लिए कहा गया था। शनिवार शाम को युवती की मां और सलीम के परिवार में विवाद हुआ था। उसने सलीम को जेल भिजवाने की धमकी दी थी।



इसी से आहत होकर उसने यह कदम उठा लिया। बताते हैं कि सलीम अहमद के खाते में एक युवक ने ऑनलाइन छह हजार रुपये भेजे थे। सलीम ने युवती को रुपये भी दे दिए थे। रुपये ट्रांसफर करने वाला युवक दूसरे प्रांत का बताया जा रहा है। इसी आधार पर पुलिस ने उसे बुलाया था।

# कानपुर के व्यवसायी की हत्या में 10 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

जन एक्सप्रेस । उन्नाव




नवाबगंज। कानपुर के कपड़ा व्यापारी की हत्या में 10 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। अभी तक पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। दोस्ती, आशनाई और प्रॉपर्टी विवाद के बिंदुओं पर जांच कर रही है।

कानपुर के अनवरगंज कोतवाली क्षेत्र के इफ्तिखाराबाद दलेलपुरवा चौराहा निवासी नदीम (28) का शव पांच जून को लखनऊ-कानपुर हाइवे की अजगैन कोतवाली क्षेत्र के दरबारीखेड़ा गांव के पास हाईवे से सटे एक कुएं में पड़ा मिला था। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू के साथ कई अहम सुराग भी एकत्र किए हैं। मृतक के मामा ताहिर हुसैन की तहरीर पर अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। घटना के खुलासे के लिए कोतवाली पुलिस ने कानपुर से कुछ संदिग्धों को उठाकर पूछताछ की है। लेकिन अभी तक कुछ हाथ नहीं लगा है। पुलिस दोस्ती, प्रॉपर्टी और आशनाई के बिंदु को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। कोतवाल अवनीश सिंह ने बताया कि जांच चल रही है। परिजन सहयोग नहीं कर रहे हैं। गुत्थी सुलझाने का प्रयास है। जल्द खुलासा किया जाएगा।

# विवाद सुलझाने पहुंचे युवक को उठा ले गए, फिर इतना पीटा कि हो गई मौत

**✻ शनिवार सुबह दीपू खून से लतपथ राजकुमार के घर के पास एक यूकेलिप्टस के बाग में पड़ा मिला।**

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



**नवाबगंज।** नयाखेड़ा गांव में विवाद सुलझाने भाई के साथ पहुंचे युवक को आरोपी पक्ष उठा ले गया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। शनिवार सुबह गंभीर हालत में परिजन अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया।

अजगैन कोतवाली के गांव नयाखेड़ा निवासी दीपू गौतम (51) गांव के ही पप्पू त्रिपाठी का ट्रैक्टर चलाता था। पड़ोसी विकास उसके साथ सहयोग में चलता था। शुक्रवार रात को विकास का अपने भाई राजकुमार उर्फ कोकी से नशे में विवाद हो गया था। जानकारी होने पर दीपू ने भाई संतोष के साथ पहुंचकर विकास का पक्ष लेते हुए विवाद सुलझाने का प्रयास किया।

दोनों पक्षों के बीच बातचीत हो रही थी कि इसी दौरान दीपू के भाई संतोष से राजकुमार ने तंबाकू (खैनी) मांग ली। इस पर दीपू गाली-गलौज करने लगा। सभी के नशे में होने के कारण विवाद बढ़ गया। नाराज राजकुमार ने दीपू की डंडों से पिटाई की। जानकारी पर दीपू की पत्नी मीरा व अन्य परिजन बचाने पहुंचे तो उन्हें भी पीटा। इसके बाद राजकुमार व उसके साथी घायल दीपू को उठा ले गए और फिर जमकर मारपीट की। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी और उसकी तलाश करते रहे।

शनिवार सुबह दीपू खून से लतपथ राजकुमार के घर के पास एक यूकेलिप्टस के बाग में पड़ा मिला। परिजन उसे नवाबगंज सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान शनिवार देर शाम उसकी मौत हो गई। मृतक चार भाइयों में दूसरे नंबर का था। चार बेटी और एक बेटा है। पति की मौत से मीरा और बच्चों का हाल बेहाल है। पत्नी के मुताबिक, मारपीट में उसे, भोला, शिवानी और संगीता को भी चोटें आई हैं। पुलिस ने सभी का डॉक्टरी परीक्षण कराया। कोतवाल अवनीश सिंह ने बताया कि मारपीट से मौत हुई है। मृतक की पत्नी मीरा की तहरीर पर राजकुमार उर्फ कोकी, उसके बड़े भाई विकास, महेश, रूपलाल और मां सुनीता पर गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। राजकुमार, रूपलाल और विकास को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### महिला की मौत पर मां ने लगाया हत्या का आरोप

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

बीघापुर। बरुवा सुमरहा गांव में एक महीने पहले हुई महिला की मौत के मामले में मृतका की मां ने हत्या का आरोप लगाया है। आरोप है कि गवाह होने के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। पुलिस महानिदेशक को शिकायती पत्र भेजा है।

थानाक्षेत्र के गांव बरुआ सुमरहा गांव में नौ मई की रात फूल सिंह की पत्नी मोनी (32) की मौत हो गई थी। सदर कोतवाली के गदनखेड़ा निवासी मृतका की मां कृष्णादेवी ने ससुरालियों पर बेटी की हत्या का आरोप लगाया था। घटना के समय मोनी की 10 साल की बेटी अनुष्का घर पर थी। मां का आरोप है कि अनुष्का ने घर में हुई मारपीट और शव लटकाने की बात पुलिस को बताई थी। इसके बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग के साथ चोटें मिली थीं। मृतका की मां ने अब पुलिस महानिदेशक, कमिश्नर और अपर पुलिस महानिदेशक को पत्र भेजकर जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। कमिश्नर रौशन जैकब ने एसपी को जांच के निर्देश दिए हैं।

# दो दिन रात में भी रहेगा लू का असर

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

उमस भरी गर्मी और लू के थपेड़ों से निजात मिलने की संभावना नहीं दिख रही है। अब मौसम विभाग ने दिन के साथ रात भी लू का असर रहने का पूर्वानुमान जारी किया है।

मौसम केंद्र लखनऊ की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार, 16 और 17 जून को रातें भी गर्म होंगी। दिन में चलने वाली लू का असर रात में भी रहेगा। इससे बच्चे, बुजुर्गों और मरीजों को परेशानी हो सकती है।

आपदा विशेषज्ञ भवानी प्रसाद दुबे ने बताया कि कभी गर्मी और लू से निजात मिलने की संभावना नहीं है।

मौसम विभाग ने दो दिन तक रात भी गर्म होने का पूर्वानुमान जारी किया है।

25 से 35 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। खेती किसानी में भी फसलों को नुकसान हो सकता है।

### साहब, 10 साल से जलभराव झेल रहे हैं, समाधान कराइए

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। उन्नाव/सफीपुर। साहब, 10 साल से पूरा जलभराव से जूझ रहा है। कई बार गुहार लगाई लेकिन सुनवाई नहीं हूई। सफीपुर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम को गांधीनगर के लोगों ने समस्या बताई। डीएम ने ईओ को सर्वे कराकर रिपोर्ट देने के लिए कहा है। लोकसभा चुनाव के चलते 90 दिन बाद शनिवार को जिले की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। डीएम गौरांग राठी और एसपी सिद्धार्थ शंकर मीणा ने सफीपुर तहसील में जन समस्याएं सुनीं। कस्बा के गांधी नगर मोहल्ले के लोगों ने 10 साल से चली आ रही जलभराव की समस्या बताई। डीएम ने नगर पंचायत ईओ विनीत श्रीवास्तव को नाला निर्माण के लिए सर्वे कराने और रिपोर्ट मांगी है। डीएम ने 181 शिकायतों की सुनवाई की और 15 का निस्तारण किया। पाटन संवाद सहयोगी के मुताबिक, बीघापुर तहसील में बिहार थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने सीओ माया राय को शिकायती पत्र देकर बताया कि 16 वर्षीय बेटी को गांव एक युवक मार्च में बहला फुसला कर ले गया था। 1090 शिकायत करने के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। लेकिन आरोपी को बचाने के लिए बेटी को मानसिक बीमार बता दिया।

# एक जगह पर देश की विभूतियों की मूर्तियां संसद भवन परिसर में प्रेरणा-स्थल का उद्घाटन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



संसद भवन की भव्यता को और बढ़ाने के लिए लोकसभा सचिवालय ने संसद भवन परिसर में %प्रेरणा स्थल% का निर्माण किया है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संसद भवन परिसर में प्रेरणा-स्थल का उद्घाटन किया। प्रेरणा-स्थल का निर्माण आगंतुकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए किया गया है, जो संसद भवन के अंदर एक ही स्थान पर महान नेताओं की प्रतिमाओं को देख सकेंगे और श्रद्धांजलि अर्पित कर सकेंगे। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि संसद भवन परिसर में हमारे देश के सभी महान लोगों, क्रांतिकारियों, अध्यात्मवादियों, सांस्कृतिक नेताओं, जिन्होंने नई चेतना जगाई, उनकी प्रतिमाएं अलग-अलग स्थानों पर स्थापित की गई हैं। जिस पर लोकसभा ने फैसला किया है किए इन सभी महान विभूतियों की मूर्तियों को सम्मानपूर्वक एक जगह पर स्थापित किया जाएगा। इसलिए संसद भवन में प्रेरणा स्थल का निर्माण किया जा रहा है, जो यहां आने वाले सभी भारत और विदेशी आगंतुक, जो भारत के लोकतंत्र के बारे में जानना चाहते हैं, उन्हें पूरी जानकारी मिल सके। बिरला ने जानकारी देते हुए कहा कि चाहे वो महात्मा गांधी, बाबा साहेब, महाराणा प्रताप या छत्रपति शिवाजी की मूर्तियां हो, हम सभी महान लोगों की मूर्तियों को एक जगह पर ला रहे हैं। जिससे आने वाली पीढ़ी इन सभी महान विभूतियों के द्वारा इतिहास में दिए गए उनके बलिदान, संघर्षों और आध्यात्मिक और सांस्कृतिक योगदान को जान सके। उन्होंने बताया कि सभी मूर्तियों के पास उन महान विभूतियों के बारे में जानकारी और इतिहास में उनके योगदान-संघर्षों को नई टेक्नोलॉजी के माध्यम उपलब्ध होगी। जिससे यहां आने वाले सभी आंगतुक सरलता से भारत को महान बनाने में उनके योगदान को जान सके। बता दें कि कुछ दिन पहले संसद भवन परिसर से कई महापुरुषों की मूर्तियों का हटाने का आरोप कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने लगाया था। जिसके जवाब में लोकसभा सचिवालय ने कहा कि संसद भवन परिसर से किसी भी महापुरुष की प्रतिमा को हटाया नहीं गया है। बल्कि सभी महापुरुषों की मूर्तियों को संसद भवन परिसर में एक जगह पर सम्मानजनक तरीके से स्थापित किया जाएगा। इसके लिए संसद भवन परिसर में भव्य प्रेरणा स्थल का निर्माण किया जा रहा है।

## गहरे समुद्र में मिशन शुरू करने वाला भारत बनेगा छठा देश
# अर्थव्यवस्था को भी फायदा : जितेंद्र सिंह

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री जितेंद्र सिंह ने रविवार को कहा कि भारत गहरे समुद्र में मिशन शुरू करने वाला दुनिया का छठा देश बनेगा। मंत्रालय के 100 दिन की कार्ययोजना पर चर्चा के लिए आयोजि बैठक में जितेंद्र सिंह ने भारत के गहरे समुद्र मिशन को लेकर खुशी जताई और कहा कि इस उपलब्धि को पाने के साथ ही भारत दुनिया के चुनिंदा देशों में शामिल हो जाएगा।

### जैव विविधता का संरक्षण हो सकेगा

केंद्रीय मंत्री ने संस्थानों को आत्मनिर्भर नीली अर्थव्यवस्था पाने पर फोकस करने की अपील की ताकि समुद्र पर निर्भर लोगों को सशक्त किया जा सके। जितेंद्र सिंह ने कहा कि गहरे समुद्र के मिशन से सिर्फ खनिज की खोज ही नहीं होगी बल्कि इससे समुद्र विज्ञान की समझ बढ़ेगी और वनस्पति और जीवों की खोज होने के साथ ही समुद्री जैव विविधता का संरक्षण भी हो सकेगा। सिंह ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओशीन टेक्नोलॉजी के प्रयासों की भी सराहना की, जो मत्स्ययान 6000 को विकसित कर रहा है। यह यान समुद्र में छह हजार मीटर की गहराई तक गोता लगा सकेगा।

## पितृ दिवस पर विशेष
# पिता कभी नहीं मरते

हे पिता!
लोग कहते हैं तुम नहीं रहे
लेकिन मुझे पूरा यकीन है
तुम मुझे छोड़कर जा नहीं सकते
तुम मेरे आस-पास ही हो कहीं
तुम्हारी आहट गूंज रही है कानों में
मानों हाथ थामकर तुम दिखा रहे हो
जीवन का सही रास्ता
मेरा विश्वास हो तुम
जीवन आधार हो तुम
तुम्हारे बिना मैं कुछ भी न रहूँगा
सिवाय एक टूटे हुए पत्ते के
मेरी हर सांस में तुम हो
रक्त के संचार में तुम हो
ये दृष्टि भी तुम्हारी है
जिससे मुझे दुनियां दिखा रहे हो तुम
जो कहते हैं तुम नहीं रहे
वो नासमझ हैं और झूठे भी
उन्हें कदाचित् मालूम नहीं है
कि पिता कभी मरा नहीं करते
तुम तो जानते हो
कि मैं तुम्हारा ही अक्स हूँ
तभी तक हूँ
जब तक तुम हो
जिस दिन तुम न रहोगे
मेरा अस्तित्व स्वमेव मिट जाएगा



-डॉ जीवन एस. रजक
राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी एवं साहित्यकार
E-mail: jeevan-rajak@yahoo-com

# बढ़ेगी सेना की ताकत : डीआरडीओ ने तैयार की कम दूरी वाली स्वदेशी मिसाइल, अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में होगा परीक्षण



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय सेना में कंधे पर रखकर दागी जाने वाली मिसाइलों की बड़े पैमाने पर आवश्यकता है। इस बीच रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने कंधे से दागी जाने वाली और कम दूरी की मारक क्षमता वाली स्वदेशी मिसाइल को तैयार किया है। इस मिसाइल को भारतीय सेना को सौंपने से पहले डीआरडीओ इसका परीक्षण करने की तैयारियों में है। मिसाइल का परीक्षण उच्च ऊंचाई वाले इलाकों में होगा।

### बढ़ेगी थल सेना और वायु सेना की ताकत

बता दें कि भारतीय सेना की मांग पर डीआरडीओ ने कम दूरी की मारक क्षमता वाली मिसाइल को तैयार किया है। इन मिसाइलों को अपने बेड़े में शामिल करने से वायु सेना को भी मदद मिलेगी। सीमावर्ती क्षेत्रों में तेज गति से चलने वाले ड्रोन, लड़ाकू विमान और हेलीकॉप्टर जैसे हवाई लक्ष्यों से निपटने के लिए भारतीय वायु सेना को भी ऐसी मिसाइलों की आवश्यकता है।

### सफल परीक्षण के बाद सेना को सौंपी जाएगी मिसाइल

सफल परीक्षण के बाद इस मिसाइल सिस्टम को सेना को सौंप दिया जाएगा। परीक्षण और आकलन के बाद थल सेना और वायु सेना मिसाइल को अपने बेड़े में शामिल करेगी। डीआरडीओ का यह भी कहना है कि यह मिसाइल प्रणाली कम दूरी के साथ साथ लंबी दूरी के लक्ष्यों को भेदने में भी सक्षम है। अधिकारियों के अनुसार कम दूरी के लक्ष्य भेदने वाली मिसाइल को तैयार कर लिया गया है कि और इस सिस्टम का लगातार नवीनीकरण भी किया जा रहा है। आगे बताया गया है कि भारतीय सेना अपनी बहुत कम दूरी मारक क्षमताओं वाली मिसाइलों की कमी को पूरा करने की कोशिश कर रही है।

# केजरीवाल के खास सहयोगी नितिन त्यागी भाजपा में शामिल, चुनाव में किया था आम आदमी पार्टी का विरोध

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली




दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आंदोलन के दिनों के साथी रहे और लक्ष्मी नगर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक नितिन त्यागी आज भाजपा में शामिल हो गए। हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव के बीच में ही अचानक उन्होंने खुद को आम आदमी पार्टी के चुनाव प्रचार से अलग कर लिया था। उन्होंने आप पर हर महिला को प्रति माह आर्थिक सहायता देने की योजना को एक झूठ बताते हुए पार्टी पर जनता को धोखा देने का आरोप लगाया था। वहीं, आम आदमी पार्टी के लोगों के अनुसार पूर्वी दिल्ली लोकसभा का टिकट न पाने पर उन्होंने भाजपा से हाथ मिला लिया था। पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण उन्हें आम आदमी पार्टी से निलंबित कर दिया गया था। नितिन त्यागी के भाजपा में शामिल होने पर दिल्ली भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि त्यागी के पार्टी में आने से मजबूती मिलेगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों से भाजपा को दिल्ली की सभी सातों लोकसभा सीटों पर जीत हासिल हुई है अब और लोग भी भाजपा ज्वाइन कर रहे हैं, उन्होंने उम्मीद जताई कि 2025 की दिल्ली विधानसभा चावन के दौरान भाजपा आम आदमी पार्टी को हराकर सत्ता हासिल करने में सफल रहेगी पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से सांसद और केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि नितिन त्यागी जैसे कर्मठ नेताओं के भाजपा के साथ आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा अधिक मजबूत इरादों के साथ जनता की सेवा करने के लिए तैयार है।










स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)